संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 12 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 130 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओडिशा में रैली को संबोधित करते हुए।

## आदर्श विचार



"मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपत्ति नहीं है।"

- भगवत गीता

## मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

## राज्यपाल को इस्तीफा नहीं देने का कारण समझाना पड़ेगा: ममता

टीम एक्शन इंडिया

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हुगली में टीएमसी प्रत्याशी रचना बनर्जी के लिए चुनाव प्रचार किया।

# हिंदुओं से नफरत करता है विपक्ष: मोदी

- कांग्रेस के शहजादा 'मोहब्बत की दुकान' लेकर निकले थे, लेकिन दुकान का बोर्ड अब दिखाई नहीं दे रहा: मोदी

**विपक्ष निशाने पर**

**कांग्रेस हिंदू विरोधी है और उसे पता है कि धर्म आधारित आरक्षण असंवैधानिक है: पीएम मोदी**



टीम एक्शन इंडिया

**महबूबनगर:** कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी दल हिंदुओं और हिंदू त्योहारों से इतनी नफरत करता है कि अब रोज इसका पर्दाफाश हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हिंदुओं को अपने देश में दोयम दर्जे का नागरिक बनाना चाहती है। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस हिंदू विरोधी है और उसे पता है कि धर्म आधारित आरक्षण असंवैधानिक है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को तेलंगाना के महबूबनगर और महाराष्ट्र के नंदुरबार में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादा 'मोहब्बत की दुकान' लेकर निकले थे, लेकिन दुकान का बोर्ड अब दिखाई नहीं दे रहा है। वह समाज में जहर घोलने में जुट गए हैं। 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के समर्थक देश को टुकड़ों में बांटने की बात कर रहे हैं। मोदी ने कांग्रेस पर हिंदू आस्था को खत्म करने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे के अमेरिका में रहने वाले 'गुरु' (सैम पित्रोदा) ने कहा है कि राम मंदिर और राम नवमी उत्सव 'आइडिया आफ इंडिया' के खिलाफ है। भारत को हमेशा विदेशी चश्मे से देखने वाली कांग्रेस को आइडिया आफ इंडिया का अंदाजा ही नहीं है। आखिर क्या है- आइडिया आफ इंडिया? आइडिया आफ इंडिया ज्भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति का प्रतिबिंब है। आइडिया आफ इंडिया यानी सत्यमेव जयते, अहिंसा परमो धम्र्:, वसुधैव कुटुंबकम। आइडिया आफ इंडिया मतलब सर्वपंथ समभाव, परोपकाराय सतां विभूतय:। आइडिया आफ इंडिया केवल मान्यताओं तक सीमित नहीं है। आज यह भारत की पहचान है..भारत की आवाज है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस भगवान कृष्ण के रंग वाले लोगों को अफ्रीकी कहती है। वे नहीं चाहते थे कि द्रौपदी मुर्मु भारत की राष्ट्रपति बनें।

क्या यह आदिवासियों का अपमान नहीं है? पीएम ने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा इतना खतरनाक है कि वह राम मंदिर निर्माण और रामनवमी समारोह को भारत के विचार के खिलाफ बताती है। वे कह सकते हैं कि मेरा मंदिर जाना भारत विरोधी है, जबकि यही लोग सरकारी इफ्तार का आयोजन करते हैं और आतंकवादियों की कब्रों को सजाते हैं।

### नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ना चाहती है: मोदी

**प्रधानमंत्री** मोदी ने राकांपा (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव गुट) को सलाह दी है कि वे लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस में विलय करके मरने के बजाय सीना तानकर अजित पवार और एकनाथ शिंदे के साथ आ जाएं। बड़े शान से सपने पूरे हो जाएंगे। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी शरद पवार का यह विचार सामने आने के बाद की है कि चुनाव के बाद कई छोटी पार्टियां कांग्रेस में विलय कर लेंगी।

# मोदी, शाह को पीएम बनाएंगे: केजरीवाल



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 1 जून तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। कल केजरीवाल जेल से बाहर आए। जिसके बाद आज सीएम हनुमान मंदिर पहुंचे। उन्होंने अपनी पत्नी सुनीता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ कनॉट प्लेस में हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। आप कार्यालय में सीएम केजरीवाल ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जमकर भाजपा पर निशाना साधा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सबको मेरा प्रणाम। 50 दिन बाद सीधा जेल से आपके पास आया हूं, अच्छा लग रहा है। बजरंगबली की कृपा है। आप के शीर्ष नेताओं को जेल भेजा गया। आप कुचलने में पीएम ने कसर नहीं छोड़ी। मेरे को इन्होंने जेल भेज दिया। सबसे चोर लोगों को इन्होंने अपनी पार्टी में शामिल कर लिया।

**'योगी आदित्यनाथ की राजनीति खत्म करेगी भाजपा':** केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मानते हैं कि भाजपा को चुनौती आम आदमी पार्टी देगी। पीएम मोदी ने एक खतरनाक मिशन शुरू किया है और वो है वन नेशन वन लीडर। वो सभी देश के नेताओं को खत्म करना चाहते हैं, सारे विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल देंगे और सभी भाजपा के नेताओं को निपटा देंगे, उनकी राजनीति खत्म कर देंगेक मुझसे लिखवा लो- कुछ दिनों बाद ममता बनर्जी, स्टालिन, उद्धव ठाकरे, तेजस्वी यादव समेत विपक्ष के सभी नेता जेल में होंगे।

### मोदी शाह के लिए वोट मांग रहे हैं: सीएम

**केजरीवाल** ने कहा कि मैं 140 करोड़ लोगों का साथ चाहता हूं। इस देश को बचाना है। मैं लोकतंत्र को बचाना चाहता हूं। मैं मंत्री, मुख्यमंत्री बनने नहीं आया नौकरी छोड़कर यहां आया हूं। मेरा देश के लिए सबकुछ कुर्बान है। ये इंडिया गठबंधन से पूछते हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा? मैं भाजपा से पूछता हूं कि इनका प्रधानमंत्री कौन होगा? 2014 में मोदी ने खुद नियम बनाया था कि 75 साल की उम्र के बाद भाजपा नेता रिटायर हो जायेंगे। मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं।

# टीडीपी और जनसेना भाजपा की बी टीम: राहुल

टीम एक्शन इंडिया

**कडप्पा:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के कडप्पा में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और अन्य विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता ने इस दौरान भाजपा को भी घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा का मतलब बाबू (टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू), जगन और पवन (जनसेना संस्थापक पवन कल्याण) है। रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि तीनों नेताओं का रिमोर्ट कंट्रोल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास है।



**रिमोट कंट्रोल**


**भाजपा का मतलब बाबू (टीडीपी प्रमुख नायडू), जगन और पवन कल्याण) है: राहुल गांधी**

**रैली में राहुल गांधी ने किया चंद्रशेखर रेड्डी का जिक्र:** पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पूरे आंध्र प्रदेश में राजशेखर रेड्डी की पदयात्रा उनकी भारत जोड़ो यात्रा के लिए प्रेरणा थी। कांग्रेस नेता ने कहा, "आज आंध्र प्रदेश को भाजपा की बी टीम चला रही है। भाजपा की बी टीम का मतलब बी से बाबू, जे से जगन और पी से पवन है।

## रक्षा क्षेत्र को अगले 10 वर्षों में 138 अरब डॉलर के ऑर्डर मिल सकते हैं

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** नोमुरा की ओर से जारी 'इंडिया डिफेंस' नामक एक रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा उपकरणों, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं की बढ़ती मांग के बीच भारत के रक्षा क्षेत्र को वित्त वर्ष 2024 से 2032 के दौरान 138 बिलियन अमरीकी डालर का आकर्षक ऑर्डर मिल सकता है।







# विनय का कातिल दक्ष बनना चाहता था डॉन

**बेहद शातिर**

**साथियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह बेहद शातिर किस्म का अपराधी था**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** दक्ष उर्फ अक्की का इरादा दिल्ली-एनसीआर में अपराध की दुनिया का डॉन बनने का था। इसके लिए उसना पूरा गिरोह खड़ा कर लिया था। उसके साथियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह बेहद शातिर किस्म का अपराधी था। वह अपने ठिकाने बदलता रहता था। कभी दिल्ली में रहता था तो कभी बागपत में और कभी नोएडा में। किसी को अपना असली नाम नहीं बताता था। उसके साथियों ने बताया कि वह मोबाइल फोन रखता था लेकिन उसमें सिम कार्ड नहीं था। वह व्हाट्सएप कॉलिंग के माध्यम से ही बात करता था। बात करते ही लोकेशन बदल देता था। उसे मालूम था कि पुलिस लोकेशन का पता लगा लेती है। वह फोटो खिंचवाने से भी बचता था। गिरोह के किसी बदमाश के पास उसका फोटो नहीं है। वह मैनपुरी का रहने वाला था लेकिन गिरोह में उसने खुद को अनाथ बता रखा था। गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया कि उसने अपने कई नाम रख रखे थे। अक्की, अनिल, अजय... जो भी मन में आता था, वही नाम बोल देता था लेकिन असली नाम नहीं बताता था। उसने गिरोह के बदमाशों को भी कई तरह के हथकंडे सिखा रहे थे। वारदात के बाद सभी अलग-अलग ठिकाने पर जाते थे और काफी समय पर एक-दूसरे से फोन पर संपर्क नहीं करते थे। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि अक्की के माता-पिता पहले दिल्ली-एनसीआर में रहते थे। अक्की का जन्म दिल्ली में ही हुआ था। अक्की की मां की एक रिश्तेदार किन्नर है। इसकी जानकारी अक्की के पिता को हुई तो वे यहां से मैनपुरी चले गए। लेकिन अक्की यहीं दिल्ली में रिश्तेदार के यहां रहता था, जो किन्नर है। यहीं रहकर गलत संगत में पड़ कर उसने नशे की लत लगाई और नशे की लत को पूरा करने के लिए गिरोह बनाकर लूटपाट करने लगा। अक्की के पास से मिला आधार कार्ड पर मैनपुरी के किशनी का पता मिला है।

**नशे के लिए बना अपराधी:** पूछताछ में गिरफ्तार बदमाश लवकुश ने पुलिस को बताया कि वह हाईस्कूल पास है। इसके बाद पिता के साथ लोअर पैंट बनाने का काम करने लगा लेकिन नशे की लत को पूरा करने के लिए पिछले कुछ साल से दक्ष के साथ मिलकर लूटपाट करने लगा था। पिछले साल दिल्ली में एक जगह दो पक्षों में चाकूबाजी हुई थी। इसमें उनका एक साथी मारा गया था जबकि वह खुद घायल हो गया था। पुलिस का कहना है कि सभी के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। आपको बता दें कि गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में तीन मई की रात करीब पौने 12 बजे टाटा स्टील (प्रवेश) कंपनी के नेशनल बिजनेस हेड विनय त्यागी की लूटपाट के बाद हत्या करने वाले आरोपी अक्की उर्फ दक्ष (21) को पुलिस ने शुक्रवार सुबह करीब चार बजे मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस अक्की का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। पुलिस का दावा है कि अक्की, लवकुश, युग घई और आमिर ने वारदात की थी। मूलरुप से मैनपुरी के किशनी निवासी अक्की ने विनय की छाती पर चाकू से दो बार प्रहार कर हत्या की थी।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी. ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में पुलिस चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान राजनगर एक्सटेंशन की ओर से नागद्वार की ओर बाइक से दो बदमाश आए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में अक्की उर्फ दक्ष के सीने व पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी भाग निकला।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**प्रथम शुद्धि पत्र**

**विषय:** प्रथम शुद्धिपत्र निविदा क्रमांक 332-Dy.CEE/C/NDLS/2022-23(R-5) के लिए – फरीदाबाद स्टेशन के पुनर्विकास और प्रमुख उन्नयन के विद्युतीकरण कार्य के लिए 25 केवी एसी सिंगल फेज ओएचई का डिजाईन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग और संशोधन के कार्य के लिए। निविदा में आंशिक संशोधन करते हुए, निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं इन्हें नीचे पढ़ा जा सकता है:–

| क्र. सं. | विवरण | मौजूदा प्रावधान | संशोधित प्रावधान और इस रूप में पढ़ें |
|---|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | दिनांक 27.05.2024 को आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in को 17:00 बजे निविदा अपलोड की जा सकती हैं। निविदादाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 27.05.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी। | दिनांक 20.05.2024 को आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in को 12:00 बजे तक निविदाएं अपलोड की जा सकती हैं। निविदादाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 20.05.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 2. | निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज | उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा www.ireps.gov.in 13.05.2024 से 27.05.2024 | उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा www.ireps.gov.in 11.05.2024 से 20.05.2024 |

निविदा के सभी नियम और शर्तें समान हैं।
सं.: 332-Dy.CEE/C/NDLS/2022-23 (R-5) दिनांक: 11.05.2024 1430/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पिलखुआ से परचून का सामान लेकर गोविंदपुरम जा रहे कैंटर में लगी आग, यातायात हुआ प्रभावित

**प्रभावित**

**एनएच नौ डासना सदभावना कट के पास पिलखुआ से परचून का सामान लेकर गोविंदपुरम जा रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** वेवसिटी क्षेत्र के अंतर्गत एनएच नौ डासना सदभावना कट के पास पिलखुआ से परचून का सामान लेकर गोविंदपुरम जा रहे कैंटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर एनएचएआई की कंपनी एपको के क्षेत्रीय सुपरवाइजर पानी से भरा टैंकर लेकर पहुंचे, जिससे आग पर काबू पाया गया। सूचना के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की गाड़ी के पहुंचने से पहले ही आग बुझा दी गई। गाड़ी में भरे सामान को दूसरी गाड़ी मंगाकर गोविंदपुरम भेजा गया। इस दौरान एनएच नौ पर वाहनों के पहिये भी रुक गये। फिर पुलिस ने यातायात को सुचारू कराया।

एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि शनिवार दोपहर 2:30 बजे डासना एनएच नौ पर एक माल वाहक में आग लगने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड के आने से पहले एनएचएआई की कंपनी एपको के क्षेत्रीय सुपरवाइजर लोकेश कुमार पानी से भरा टैंकर लेकर मौके पर पहुंच गये और कैंटर में लगी आग को बुझाया। कैंटर चालक अरविंद कुमार पुत्र अवधेश कुमार निवासी ग्राम नगला सिमर थाना विश्वा मैनपुरी ने कैंटर से कूदकर अपनी जान बचाई।

अरविन्द कुमार ने बताया कि वह गाड़ी में पिलखुआ स्थित वेयरहाउस से परचून का सामान भरकर गोविंदपुरम लेकर जा रहा था। शॉर्ट सर्किट होने से केबिन में अचानक तेज धुआं निकलने लगा और देखते देखते आग लग गई। शुक्र रहा कि कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। गाड़ी में भरे सामान को दूसरी गाड़ी मंगाकर भेज दिया गया। इस दौरान यातायात प्रभावित हुआ, जिसे पुलिस ने सुचारू कराया।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 95/2023–2024 दिनांक 21.02.2024 क्र. सं. 07**
**निविदा संख्या 77239067RGC खुलने की तिथि 18.06.2024**

उपरोक्त संदर्भित निविदा के मद विवरण को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
दिनांक 10.05.2024 1423/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

**पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेगी:-**

**09425/09426 साबरमती-हरिद्वार-साबरमती विशेष एक्सप्रेस** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09425 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09425 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09426 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09426 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:45 | साबरमती | 21:30 | --- |
| 19:40 | 19:50 | महेसाना जं. | 19:45 | 19:55 |
| 21:45 | 21:47 | पालनपुर जं. | 18:48 | 18:50 |
| 23:00 | 23:10 | आबू रोड | 17:20 | 17:30 |
| 00:08 | 00:10 | जवाई बाँध | 16:14 | 16:16 |
| 00:20 | 00:22 | फालना | 16:00 | 16:02 |
| 00:32 | 00:34 | रानी | 15:46 | 15:48 |
| 02:30 | 02:35 | मारवाड़ जं. | 15:13 | 15:15 |
| 04:50 | 05:00 | अजमेर जं. | 13:15 | 13:25 |
| 05:37 | 05:39 | किशनगढ़ | 11:50 | 11:52 |
| 06:20 | 06:22 | फुलेरा जं. | 10:20 | 10:22 |
| 07:22 | 07:24 | रींगस जं. | 08:45 | 08:48 |
| 08:03 | 08:05 | नीम का थाना | 07:45 | 07:47 |
| 09:30 | 09:32 | नारनौल | 06:40 | 06:42 |
| 11:15 | 11:20 | रेवाड़ी जं. | 05:55 | 06:00 |
| 12:20 | 12:22 | गुड़गांव | 04:42 | 04:44 |
| 12:40 | 12:42 | दिल्ली कैंट | 04:20 | 04:22 |
| 13:30 | 13:40 | दिल्ली जं. | 03:30 | 03:40 |
| 14:30 | 14:32 | गाजियाबाद | 02:45 | 02:47 |
| 15:16 | 15:18 | मेरठ सिटी | 01:42 | 01:44 |
| 16:30 | 16:32 | मुजफ्फरनगर | 00:54 | 00:56 |
| 17:50 | 17:52 | रुड़की | 23:00 | 23:02 |
| 19:00 | --- | हरिद्वार | --- | 21:45 |

**चलने के दिन:** 09425 साबरमती से 14, 17, 20 एवं 23.05.2024 को और 09426 हरिद्वार से 15, 18, 21 एवं 24.05.2024 को।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1434/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## गुमशुदा की तलाश



खुशबू कुमारी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **खुशबू कुमारी, पुत्री, रमणजी ठाकुर, पता** मकान नं. एस–21, गली नं.04, कॉलोनी बवाना, दिल्ली, जो दिनांक 21.04.2024 को 05:00 बजे सायं अपने घर थाना क्षेत्र, बवाना, दिल्ली से लापता है। इस संदर्भ में एक **डीडी सं. 72–ए दिनांक 04.05.2024 के तहत** थाना बवाना, दिल्ली में दर्ज है।
गुमशुदा लड़की का ब्यौरा इस प्रकार है:

**नाम**: खुशबू कुमारी, **पिता का नाम**: रमणजी ठाकुर, **उम्र**: 18 साल, **कद**: 5'6" **रंग**: गोरा, **शरीर**: पतला, **चेहरा**: लम्बा, **पहनावा**: स्काई कलर का सूट और लाल रंग का पैजामा और पैरों में सैंडल पहने हुए है।
अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन: 011-24368638, 24368641
DP/5407/ON/2024

**थानाध्यक्ष**
**थाना: बवाना, दिल्ली**
**फोन: 011-27752534**
**7065036321**



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना सं.:** झाँसी/उमुसाप्र/2024/13 **दिनांक:** 06.05.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक सामान्य भंडार डिपो झाँसी निम्नलिखित मदों के लिए ई प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.:** 1 | **निविदा सं.:** 51245006A | **मात्रा:** 01 Nos.

**माल का विवरण:** Combi cooler for Electric driven Screw type Air Compressor, Make-KPCL, Model- KES 30-15, Part No.- 271.10.267.50 Make- KPCL/Similar, Special Condition- 1. Authorization dealership certificate of KPCL or OEM of Air compressor must have to submit by supplier at the time of supply. 2. One year of warranty of supplier material after successful installation and commissioning date. Items Guarantee/Warranty and test certificate provide at the time of supply.

**क्रम सं.:** 2 | **निविदा सं.:** 51245088A | **मात्रा:** 01 Nos.

**माल का विवरण:** Combi cooler for Air Compressor, Make- Kirloskar Pneumatic company Ltd., Model No- KES 75 consists of combi cooler Qty. 01 Nos., Fan cowl 01 Nos., Fan 01 No., Fan motor 01 No., Screw hex. std 06 Nos. and washer spring steel 06 Nos. ID 8.2x2.0 thk, Part No.- 270.03.710.50 for KES 75.. Material should be purchase from Authorized dealer of KPCL or OEM firm only. Authorization dealership certificate of KPCL must have to submit by the supplier at the time of supply. one year warranty of supplied item after successful installation & commissioning date. open tender.

**निविदा खुलने की तिथि:** दोनों निविदाओं के लिये "31.05.2024"

**बयाना राशि:** दोनों निविदाओं के लिये "Nil"

**नोट:** (1) उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदाओं हेतु ई बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नही की जायगी। वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको आई टी एक्ट 2000 के अंतर्गत CCA द्वारा जारी Class III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ आईआरपीएस की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजीटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नही किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **823/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


# जीजा और साली ने जहर खाकर दी जान



**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा:** ग्रेटर नोएडा स्थित थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के गांव हबीबपुर में किराए पर रहने आए जीजा धर्मेंद्र (25) और साली मधु (17) ने विषाक्त पदार्थ सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। यह दोनों शुक्रवार को ही किराए पर रहने आए थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं। मरने से पहले मृतका को कुछ मिनट के लिए होश आया था। उस समय मृत्यु पूर्व दिए बयान में उसने प्रेम में असफल रहने पर आत्महत्या करने की बात स्वीकार की। जिला मथुरा के गोवर्धन में गांव माधुरी कुंड के रहने वाले धर्मेंद्र की शादी सन 2021 में जिला बुलंदशहर के खुर्जा में गांव गंवा के रामबाबू की बड़ी बेटी सोनम से हुई थी। धर्मेंद्र मजदूरी का काम करता था। शादी के बाद सोनम के एक बेटा भी है। पुलिस के मुताबिक सोनम की छोटी बहन मधु भी बहन की ससुराल आती जाती रहती थी। इस दौरान धर्मेंद्र और मधु का झुकाव एक दूसरे पर हो गया। जब यह बात परिवार के अन्य सदस्यों को पता लगी तो उन्होंने इस बात पर एतराज किया इसको लेकर झगड़ा भी रहने लगा। बृहस्पतिवार को धर्मेंद्र मधु को लेकर ग्रेटर नोएडा चला आया। यहां पर कुलेसरा गांव में धर्मेंद्र के मामा रहते हैं। धर्मेंद्र और मधु के इस तरह आने पर जब रिश्तेदारों ने शरण नहीं दी तो दोनों हबीबपुर गांव पहुंचे और किराए का मकान तलाशने लगे। इसी क्रम में वह शुक्रवार को हबीबपुर में बलराज के मकान पर पहुंचे। मकान मालिक बलराज ने बताया कि धर्मेंद्र और मधु को उसने पति पत्नी समझा। उनके पास कोई सामान नहीं था। दोनों ने कहा कि वह थोड़ी देर में सामन ले आएंगे और आधार कार्ड आदि भी दे देंगे। इसके बाद उन्हें कमरा दे दिया गया। शुक्रवार को रात 10 बजे पड़ोसियों ने देखा कि धर्मेंद्र कमरे के बाहर पड़ा है। कमरे के अंदर जाकर देखा तो मधु की हालत भी खराब थी। पास ही में विषाक्त पदार्थ की डिब्बी पड़ी थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद एंबुलेंस से दोनों को पास के नर्सिंग होम ले जाया गया। यहां पर धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि मधु को वेंटीलेटर पर रखा गया। इस दौरान मधु को होश आया तो उसने महिला पुलिस अधिकारी को बताया कि उन दोनों का रिश्ता समाज में स्वीकार नहीं है।

# नोएडा में कुत्ते के साथ क्रूरता, सोसाइट की 15वीं मंजिल से फेंककर मार डाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा:** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की अजनारा होम्स सोसाइटी में 15वीं मंजिल से फेंककर कुत्ते की हत्या करने के मामले में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। कुत्ते की हत्या के मामले में कोतवाली बिसरख पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप है कि कुत्ते को जानबूझकर नीचे फेंककर उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले में अज्ञात आरोपी के बारे में पता करने का प्रयास किया लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

**क्षतविक्षत हालत मिला था शव**
पुलिस को दी शिकायत में अजनारा होम्स सोसाइटी निवासी कीर्ति वर्मा ने बताया कि सोसाइटी में कुत्तों के साथ लोग अक्सर क्रूरता करते दिखाई देते हैं। बृहस्पतिवार को सोसाइटी के ओ टावर के पास एक कुत्ते का शव क्षतविक्षत हालत में मिला। उसकी आंतें बाहर निकल आईं थीं।

**किसी ने 15वीं मंजिल से फेंका**
कुत्ते को किसी ने 15वीं मंजिल से जानबूझकर फेंका, जिससे उसकी मौत हो गई। हमने इस बारे में पता करने की कोशिश की तो कोई जानकारी नहीं मिल सकी। आखिर में पुलिस को सूचना देकर सोसाइटी में बुलाया गया। कोतवाली में लिखित शिकायत देकर कुत्ते की हत्या करने के मामले में केस दर्ज कराया गया है।

**'सोसाइटी में आवारा कुत्तों का आतंक':** कीर्ति का कहना है कि वह सोसाइटी मे रहने वाले आवारा कुत्तों को खाना खिलातीं हैं।


## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# कांग्रेस का दूसरा नाम भ्रष्टाचारः सीएम सैनी

## 2047 में विकसित भारत बनें इसके लिए मोदी सरकार जरूरी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**विपक्ष को घेरा**

**कैथल में कोई गांव ऐसा नहीं, जहां 50 से ज्यादा बच्चे बिना खर्ची और बिना पर्ची के नौकरी न लगे हों**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/कलायतः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी एक झटके में देश से गरीबी खत्म करने की बात करते हैं,जबकि पिछले 10 सालों में गरीबी के खिलाफ नरेंद्र मोदी ने लड़ाई लड़ी है और इस लड़ाई का परिणाम है कि 25 करोड़ लोग गरीबों की रेखा से बाहर निकलने में सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को कलायत में कुरुक्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल के पक्ष में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आने वाले 5 सालों में भी गरीबों के खिलाफ लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ने का संकल्प किया है। पिछले 10 सालों में 4 करोड़ मकान बनाकर उनकी चाबियां वितरित करने का काम किया है और इस बात का संकल्प लिया है कि आने वाले 5 सालों में 3 करोड़ मकान और बनाकर गरीबों को दिए जाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गरीबी के खिलाफ लड़ी जा रही लड़ाई का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने न केवल मकान बना कर दिए बल्कि लोगों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन, बिजली, पानी और उनके स्वास्थ्य के लिए 5 लाख रुपए का आयुष्मान कार्ड दिया ताकि किसी व्यक्ति को बीमार होने पर कर्ज न लेना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है कि 80 करोड़ लोगों को जो मुफ्त राशन सरकार द्वारा दिया जा रहा है वह अगले 5 वर्ष तक जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास आज बोलने के लिए कुछ नहीं है, क्योंकि कांग्रेस ने अपने शासन में केवल भ्रष्टाचार और घोटालों के अलावा कुछ किया ही नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समस्या को समस्या बनाए रखकर लोगों को डरा कर वोट हथियाने का काम करती रही है। धारा 370, राम मंदिर, नागरिकता संशोधन बिल, तीन तलाक कुछ ऐसे मामले हैं जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हल करने का काम किया, जबकि इन सब बातों पर कांग्रेस लोगों को डराने का काम करती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कांग्रेस के युवराज को जब यह लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों की आवाज बना रहे हैं तो वह एक झटके में गरीबी को खत्म करने की बात कहते हैं। उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि ऐसा कौन सा अलादीन का चिराग राहुल गांधी को दे दिया है जो एक झटके में गरीबों को खत्म कर देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने एक और वादा किया है कि वह गरीबों को एक-एक लाख रुपए देने का काम करेंगे। उन्होंने इसे कोरा झूठ बताते हुए कहा कि जितनी राशि इस योजना में लगेगी पूरे देश का बजट उससे कम है। नायब सैनी ने कहा कि राहुल गांधी को कोई भी कुछ भी लिख कर दे देता है और वह पढ़ देते हैं। वह यह नहीं देखते की यह बात संभव कैसे होगी?



### मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा : सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में दुनिया बोलती थी और भारत सुनता था लेकिन आज भारत बोलता है और दुनिया सुनती है। कैथल के विकास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कैथल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है। कैथल से फोरलेन सड़के गुजर रही है जिसका फायदा लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेलवे स्टेशनों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करवा रहे हैं।

सीएम सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में आयुष और संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में केवल 20000 किलोमीटर रेलवे लाइन का विद्युतीकरण हुआ था, लेकिन आज हर रेलवे लाइन पूरी तरह से विद्युतीकरण हो चुकी है।

### विकास में कमी नहीं रहने दी जाएगी: कमलेश

पूर्व मंत्री व कलायत की विधायक कमलेश ढांडा ने कहा कि 4 जून के बाद कलायत के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले भी यहां पर विकास के कार्य लगातार हुए हैं और आगे भी इन्हें और गति प्रदान की जाएगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को क्षेत्र के गांव के नाम तक नहीं पता तो ऐसे लोगों को वोट देने का भी कोई फायदा नहीं है।

# जेजेपी छोड़ने वाले पूर्व विधायक सतविंद्र राणा ने थामा हाथ का साथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथलः** राजौंद से दो बार विधायक रहे सतविंद्र राणा ने शनिवार को कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की। राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने अपने निवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में पका पहनकर उनका कांग्रेस में स्वागत किया। कैथल के कलायत हलका से 2019 में कलायत से जजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके एवं राजौंद के पूर्व विधायक सतविंद्र राणा ने अभी हाल में ही 4 अप्रैल को जेजेपी छोड़ी थी। सतविंद्र राणा चार साल पहले वर्ष 2019 में कांग्रेस से जजपा में शामिल हुए थे। सतविंद्र राणा ने कहा कि भाजपा सरकार ने उन पर झूठा शराब का मुकदमा दर्ज करवा दिया था। 22 अप्रैल को ही इस मामले से अदालत ने उन्हें बरी किया है।

# कैबिनेट विशेष सत्र बुलाने का फैसला कर सकती है

**सत्र की तैयारी**

**भाजपा सरकार इस अवधि में दूसरी बार बहुमत साबित करने के लिए विश्वास प्रस्ताव ला सकती है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा कैबिनेट की आगामी 15 मई बुधवार को सुबह 11 बजे संभावित बैठक में हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र को बुलाने के बारे में फैसला किया जा सकता है। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के लिए राज्यपाल से सिफारिश की जाएगी। विशेष सत्र में संभवतः प्रदेश की दो माह पुरानी नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार इस अवधि में दूसरी बार बहुमत साबित करने के लिए विश्वास प्रस्ताव (ट्रस्ट वोट ) ला सकती है। बहरहाल, इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट और विधायी एवं संवैधानिक मामलों के जानकार हेमंत कुमार ने बताया कि हरियाणा विधानसभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 3 के अनुसार सामान्यतः तीन सप्ताह अर्थात 21 दिनों के अंतराल के बाद ही राज्यपाल द्वारा विधानसभा सत्र आहूत किया जाता है हालांकि कुछ विशेष परिस्थितियों में उससे पहले भी ऐसा संभव है. अगर 21 दिनों का सामान्य अंतराल का पालन किया जाता है, तो सदन को 4 जून अर्थात 18 वी लोकसभा चुनावों की मतगणना के बाद ही बुलाया जाएगा जब तक करनाल विधानसभा सीट उपचुनाव का परिणाम भी आ जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी मौजूदा सदन का सदस्य (विधायक) निर्वाचित होने के लिए भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में है। प्रदेश में सत्तारूढ़ सरकार बहुमत में है या फिर समर्थन कर रहे कुछ विधायकों की समर्थन वापसी के फलस्वरूप वह अल्पमत में आ गई है, विपक्षी नेताओं की राजनीतिक बयानबाजी से नहीं तय हो सकता बल्कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गत तीन दशकों में दिए गये अनेक निर्णयों के अनुसार ऐसा अर्थात किसी सत्तासीन सरकार का बहुमत या अल्पमत में होना केवल सदन के भीतर ही साबित किया जा सकता है।

# लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवा वर्ग की अहम भूमिकाः सतीश पूनिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा लोकसभा प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा है कि युवा वर्ग देश की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्हें चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेते हुए अधिक से अधिक मतदान करना चाहिए, ताकि हमारा लोकतंत्र मजबूत हो सके। सतीश पूनिया यहां की जाट धर्मशाला में भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से आयोजित युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व भाजपा नेताओं ने जाट धर्मशाला में चौ. छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया। सतीश पूनिया ने कहा कि देश पर कांग्रेस ने 55 वर्ष से अधिक समय तक शासन किया है। पहले यह धारणा फैलाई गई कि केवल कांग्रेस ही देश पर शासन कर सकती है और कांग्रेस में भी केवल एक परिवार ही शासन करने योग्य है। कांग्रेस की इस धारणा को स्व. अटल बिहारी वाजपेयी, चौ. चरण सिंह व चौ. देवीलाल जैसे नेताओं ने बदलने में मुख्य भूमिका निभाई और एक समय ऐसा आया, जब कांग्रेस के खिलाफ बड़ा मूवमेंट खड़ा हो गया।



# लोस चुनावों के दौरान वोट फॉर ओपीएस मुहिम चलाएंगे कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींदः** पेंशन बहाली समिति जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को बैरागी धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान जोगेंद्र लोहान व महिला विंग प्रधान अनुराधा गुप्ता ने संयुक्त रूप से की और संचालन देवीलाल जुलानी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल, महासचिव रिषि नैन, अनूप लाठर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे को मजबूती से उठाने व वोट फॉर ओपीएस का प्रत्येक गांव व वार्ड स्तर पर सफल संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। पूरे देश के तमाम कर्मचारी लगातार पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत हैं। जिसके परिणाम स्वरूप हिमाचल, राजस्थान, छत्तीसगढ़ व झारखंड में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है। समिति बहुत पहले ही सरकार को चेता चुकी थी कि पेंशन नहीं, तो वोट नहीं। अब इसी मुद्दे को लेकर संघर्ष समिति कर्मचारियों के साथ-साथ आम जन व सामाजिक संगठनों तक जा रही है और पुरानी पेंशन के लिए आमजन से वोट की अपील कर रही है। उन्होंने कहा कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने फैसला किया है कि जो राजनैतिक दल पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे के साथ हैं, हरियाणा के तमाम विभागों के कर्मचारी व उनके परिवार और रिश्तेदार उसी को समर्थन देंगे। कर्मचारी अब की बार नेताओं की नहीं बल्कि अपनी पैंशन के मुद्दे के लिए मतदान करने का संकल्प ले चुका है। अनूप लाठर ने कहा कि जैसे ही आदर्श चुनाव आचार संहिता देश व प्रदेश से समाप्त होगी, उसके तुरंत बाद आंदोलन की घोषणा की जाएगी और विधानसभा चुनावों तक चलने वाले आर पार के संघर्ष का आगाज होगा।

# पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी के पक्ष में माहौल है : कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगरः** हरियाणा लोकसभा चुनावों में भाजपा के स्टार प्रचारक कृषि मंत्री कंवरपाल ने शनिवार को जगाधरी विधानसभा के दर्जनों गांवों में दौरा कर अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में वोट की अपील की। कृषि मंत्री ने जनसम्पर्क करते हुए कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार ने सत्ता में रहते हुए कई बड़े कदम उठाए हैं। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे हरियाणा में भाजपा के पक्ष में माहौल है। लोग प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनता देखना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 400 पार के नारे को सार्थक करते हुए अंबाला लोकसभा सीट से बंतो कटारिया को जिताने में जगाधरी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरी अम्बाला लोकसभा के आमजन व भाजपा कार्यकर्ता पूरा सहयोग करेंगे।

# हरियाणा में प्रचार करने जल्द आएंगे पीएम मोदीः मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/काजल रानीः** हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल शनिवार को सेक्टर 36 स्थित मंगल कमल कार्यालय पहुंचे और पूर्व ओएसडी सीएम अमरजीत सिंह को भाजपा में शामिल करवाया। साथ ही जींद के पूर्व आईएस अधिकारी धर्मबीर खटक व सेवानिवृत प्रो. जयनारायण ने भी अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को पूरा मान सम्मान देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व सीएम ने कहा कि प्रदेश में लगातार भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है और देश की जनता को मोदी सरकार की गारंटी पर पूरा विश्वास है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगे।



उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की बैठक भी ली और केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों को घर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। मनोहर लाल ने कहा कि पंक्ति में खडे अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा है। भाजपा सरकार की नीतियों से हर वर्ग पुरी तरह से खुश है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे है, लेकिन प्रदेश की जनता विपक्ष के बहकावे में नहीं आएगी और तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व सीएम मनोहर लाल ने भाजपा समर्थित तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा सरकार से समर्थन वापिस लेने पर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि अब यह चैप्टर क्लोज हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से निश्चिंत है और सरकार पर कोई खतरा नहीं है। साथ ही हमारा भी विपक्ष के कई विधायकों के साथ संपर्क है, जिसमें कांग्रेस के भी कई नेता शामिल हैं, जोकि चाहते हैं कि सरकार न टूटे। वैसे भी संवैधानिक तौर पर नायब सैनी सरकार ने विश्वासमत हासिल कर रखा है। छह महीने से पहले दोबारा फ्लोर टेस्ट संभव नहीं है, अगर इसकी भी जरूरत आन पड़ी तो यह फैसला स्पीकर और राज्यपाल लेंगे।

**विपक्ष निराश**

**पूर्व सीएम पहुंचे मंगल कमल कार्यालय, पूर्व ओएसडी टू सीएम अमरजीत को करवाया पार्टी में शामिल**

जेजेपी नेत्री नैना चौटाला के चुनाव प्रचार के दौरान काफिले पर पथराव के सवाल पर पूर्व सीएम मनोहर लाल ने निंदा की और कहां कि इस तरह की हरकतें लोकतंत्र पर धब्बा है।

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के हरियाणा में आकर चुनाव प्रचार के सवाल पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेताओं के कार्यक्रम बन चुके हैं और जल्द ही उनकी घोषणा कर दी जाएगी। भाजपा द्वारा राष्ट्रीय मुद्दों पर चुनाव के बारे में मनोहर लाल ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री पद का है, इसलिए मुद्दे भी राष्ट्रीय हैं, क्योंकि उन्होंने देश का जो गौरव बढ़ाया है वह दुनिया के सामने है। जहां तक कांग्रेस पार्टी के क्षेत्रीय मुद्दों का सवाल है, हम उन पर भी आएंगे, लेकिन फिलहाल देश का चुनाव है, देश का प्रधानमंत्री बनने का चुनाव है। क्षेत्रीय मुद्दों की बात विधानसभा चुनाव में करेंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, जिला अध्यक्ष रणबीर सिंह ढाका, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर खरक,प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन व नगेन्द्र शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सरकार बनते ही दी गई सभी गारंटियां की जाएंगी पूरीः सैलजा



**वादा**

**अन्नदाता को दुखी करने वाले से तो ऊपर वाला दाता भी नाराज हो जाता है : कुमारी सैलजा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**टोहानाः** कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि जिसने भी अन्नदाता को दुःखी किया उससे तो ऊपर वाला दाता भी नाराज हो जाता है, इस भाजपा सरकार ने तो किसानों के उत्पीडन और शोषण की सारी हदें पार कर दी है इस सरकार के कार्यकाल में अपना हक मांगने वाले किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सरपंचों ने सरकार के लट्ठ खाये है, पीठ पर पड़े एक एक लट्ठ का अब वोट की चोट से जवाब देने का समय आ गया है। बदलाव का समय है, देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाने का समय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों, महिलाओं, युवाओं से किया गया एक एक वायदा पूरा किया जाएगा, एक कांग्रेस की गारंटी है मोदी सरकार का कोई जुमला नहीं हैं। कुमारी सैलजा ने शनिवार को टोहाना विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा किया और सभाओं को संबोधित करते हुए वोट की अपील की। लोगों में खासकर युवाओं और महिलाओं में उनके प्रति जोश और उत्साह देखा गया, कोई पुष्प वर्षा कर रहा था तो किसी ने माला पहनाई तो किसी ने पगड़ी बांधी। सैलजा भी इस स्वागत और सम्मान से अभिभूत दिखाई दी। गांव जांडली में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब से चुनाव मेरा नहीं रहा इस चुनाव को तो आपने अपना बना लिया है। अब बदलाव का समय है।



## न्यूज फ्लैश

### अग्रसेन भवन के प्रधान अंजनी खरियावाला नेपाल में सम्मानित



**हिसार।** अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला को धार्मिक व सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए नेपाल में सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि अंजनी कुमार खारिया वाला अपने साथियों के साथ नेपाल भृमण पर गए हुए हैं। काठमांडू के अग्रवाल सेवा केंद्र द्वारा वहां के लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचने पर समाजसेवी अंजनी कुमार खारियावाला को केंद्र के कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश कुमार अग्रवाल, महासचिव पंकज जालान, नरेश, रमेश जालान व अन्य सदस्यों ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। केंद्र के सदस्यों ने नेपाल पहुंचने पर हिसार वासियों का अभिनंदन किया तथा उनकी दीघार्यु की कामना की।

### थाम लो ना हाथ मेरा सांवरे, हार कर दरबार तेरे मैं आया हूं....भजन पर झूमे श्यामप्रेमी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,** :- समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा शुक्रवार रात्रि शास्त्री नगर में 522वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में आयोजक विकास सिंगला परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्याम प्रेमीयों ने पंक्तिबद्ध होकर दरबार में शीश नवाया। आमंत्रित गायकों कैथल से बहादुर सैनी और गौरव शान ने श्याम जी के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए जिनमें थाम लो ना हाथ मेरा सांवरे,हार कर दरबार तेरे मैं आया हूं.......,फूलों में सज रहे हैं मेरे श्याम खाटू वाले..., सांवरे की महफि ल को सांवरा सजाता है...., साँवरिया ले चल परली पार...व हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं... इत्यादि काफी सराहे गए। खाटू श्याम कथा में बताया गया कि ये हारे के सहारे हैं,दिनोंदिन श्याम प्रेमीयों की संख्या बढ़ती जा रही है। श्याम आरती में गौरव गुप्ता,संजय चौधरी,योगेंद्र अग्रवाल,मनोज गुप्ता, शिवम अरोड़ा,देवेंद्र अग्रवाल,जतिन बंसल,कविता गोयल,अनु गर्ग,सोनिया गर्ग व आशु राणा सहित अन्य शामिल रहे।

# अंबाला में तीन दिवसीय ज्वैलरी शो 24 अगस्त से : राजिंद्र कुमार

**सर्राफा ट्रेडर्स एंड मैनूफैक्चयूर एसोसिएशन व बालाजी इवेंट्स कंपनी के सहयोग से अंबाला में तीन दिवसीय ज्वैलरी शो 24, 25,26 अगस्त 2024 को आयोजित किया**

**इवेंट्स**

**▶▶ अंबाला शहर में तीन दिवसीय अंबाला ज्वैलरी शो का आयोजन बालाजी इवेंट्स कंपनी द्वारा किया जा रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सर्राफा ट्रेडर्स एंड मैनूफैक्चयूर एसोसिएशन व बालाजी इवेंट्स कंपनी के सहयोग से अंबाला में तीन दिवसीय ज्वैलरी शो 24, 25,26 अगस्त 2024 को आयोजित किया यह जानकारी अंबाला क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सर्राफा ट्रेडर्स एंड मैनूफैक्चयूर एसोसिएशन अध्यक्ष मदन लाल, प्रधान राजेंद कुमार, महामंत्री विजित वर्मा, कोषाध्यक्ष तरुण वर्मा व बालाजी इवेंट्स कंपनी प्रदीप शर्मा ने दी। प्रधान राजिंद्र कुमार ने कहा कि अंबाला शहर में तीन दिवसीय अंबाला ज्वैलरी शो का आयोजन बालाजी इवेंट्स कंपनी द्वारा किया जा रहा है। यह ज्वैलरी शो अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे नियर हिलिंग टच अस्पताल के समीप रिजेंटा सैंट्रल सिटी विलास में 24 अगस्त से आरंभ होगा, जोकि 26 अगस्त तक चलेगा। शो में सब बिजनेस मैन अपना-अपना बिजनेस को प्रमोट करने के लिए भाग लेंगे। राजिंद्र कुमार ने कहा कि यह शो ज्वैलर्स व व्यापारी के लिए एक अच्छा मौका है ओर उनके पास जो भी वैरायटी है उसको प्रदर्शनी के रूप में दिखाने का मौका है। उन्होंने कहा कि अंबाला के आस-पास या फिर गांव में छोटे-छोटे दुकानदार बैठे है वे इस शो में आएगे उनको यहां आकर तरह-तरह की वैरायटी देखने को मिलेगी ओर उनके आने से इस शो में आएगे तो हमारे लिए गर्व की बात होगी। इस ज्वैलरी शो में सरार्फा ट्रेडर्स एंड मैनूफैक्चयूर एसोसिएशन पूरी सपोट कर रही है। इस शो के माध्यम से अंबाला को हमने एक नाम देना है ओर ज्वैलरी व्यवसायी को चमकाने का कार्य किया जाएगा। प्रधान राजिंद्र कुमार ने कहा कि इस ज्वैलरी शो से अच्छा मौका हमें नही मिलेगा। अंबाला व आस-पास के सभी ज्वैलर्स को शो का मैसेज भेजे गए है ओर मैं उन सभी से अपील करूंगा कि इस ज्वैलरी शो में जरूर आए ओर उसके बाद अपनी अपनिएन जरूर दें। बैठक में बालाजी इवेंट्स कंपनी प्रदीप शर्मा ने कहा कि बाला जी इवेंट आईजीजे एक्सपो (इंडिया गोल्ड ज्वेल एक्सपो) कंपनी व्यापारियों की अपेक्षाओं को पूरा करेगी। बाला जी इवेंट आईजीजे एक्सपो (इंडिया गोल्ड ज्वेल एक्सपो) कंपनी ने कार्य में मेरी कड़ी मेहनत करते हुए सभी सवर्ण व्यवसाइयों से तालमेल किया और लक्ष्य को स्पष्ट करते हुए एग्जिबीशन लगाने का प्रयत्न किया जो की सफलता की ओर अग्रसर है इसके लिए अम्बाला के समस्त व्यापारियों की ओर से बाला जी इवेंट आईजीजे एक्सपो (इंडिया गोल्ड ज्वेल एक्सपो) का विशेष धन्यवाद कंपनी ने एक सफल ग्राहक उपलब्धि कार्यनीति विकसित करने में लक्ष्य निर्धारित किया और ऐसा करने के लिए, डेटा की आवश्यकता होती है. जिसको की कंपनी ने कड़ी मेहनत से इकट्ठा किया। एग्जिबीशन को आकर्षक बनाने के लिए कड़ी मेहनत और एग्जीबिशन सेंटर पर ग्राहक को लाने के लिए कड़ी मेहनत करेगी।

# निष्पक्ष चुनाव करवाना पहली प्राथमिकताः दर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में शहर के पंचायत एवं राजस्व विभाग के सभी नम्बरदारों एवं चौकीदारों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी नम्बरदारों एवं चौकीदारों को अम्बाला लोकसभा आम चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आहवान किया। सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डा. शालीन के नेतृत्व में अम्बाला लोकसभा चुनाव को करवाने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी कड़ी में नम्बरदारों और चौकीदारों को चुनाव के संबध में कुछ जरूरी हिदायतें दी गई। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष चुनाव करवाना उनकी पहली प्राथमिकता है। इस काम को पूरा करने में सभी नम्बरदार और चौकीदार अहम भूमिका निभाएं। जिस भी पोलिंग बूथ पर उनकी डयूटी लगे, उसे कर्मठता और निष्पक्षता से निवर्हन करें। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान यदि किसी पोलिंग बूथ पर किसी व्यक्ति विशेष पर संदेह हो और उन्हें लगे कि उक्त व्यक्ति चुनाव प्रक्रिया में बाधा पहुंचा सकता है तो इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें।

**अहम योगदान**

**▶▶ नम्बरदारों और चौकीदारों को चुनाव के संबध में कुछ जरूरी हिदायतें दी गई, चुनाव में अहम योगदान**

# नशीला पदार्थ रखने के 3 आरोपी गिरफ्तार, 75 ग्राम हैरोईन/स्मैक बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:**जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशीला पदार्थ रखने के मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार। एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में भूपेन्द्र सिंह पुत्र बचन सिंह, कर्ण सिंह उर्फ कम्पूटर पुत्र कुंदन लाल वासीयान माजरी मौहल्ला शाहबाद व राहुल चड्ढा पुत्र चन्द्र प्रकाश वासी सुभाष नगर शाहबाद को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से 75 ग्राम हैरोईन/स्मैक बरामद करने में सफलता हासिल की है।




# किड्जी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया मातृ दिवस

**मां को समर्पण**

**▶▶ विद्यालय के स्टाफ द्वारा "तेरे पूजन को भगवान "प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** किड्जी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस बड़ी ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर नेहा खनेजा द्वारा दीप प्रज्वलित करवाया गया तथा विद्यालय के स्टाफ द्वारा "तेरे पूजन को भगवान "प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने मातृ दिवस पर मनमोहक नृत्य,कविताएं स्किट तथा गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों की माताओं को भी आमंत्रित किया गया। माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे - बैलून बैलेंसिंग, सोटिंग पल्सेस, फायरलेस कुकिंग,पेपर डांस, म्यूजिकल चेयर तथा फनी गेम्स का आयोजन किया गया,जिसमें माताओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। मंच का संचालन ज्योति खनेजा तथा नेहा शर्मा द्वारा बहुत ही शानदार ढंग से किया गया।बर्स्टिंग बैलून में- श्रीमती शक्ति अग्रवाल, श्रीमती रेणुका सोलंकी ,बैलेंसिंग में - श्रीमती भावना, श्रीमती सुमन, सोटिंग पल्सेस में- श्रीमती हरप्रीत कौर, म्यूजिकल चेयर में -श्रीमती नेहा बजाज, श्रीमती सपना देवी ,श्रीमती पूर्णिमा तथा श्रीमती पूनम, फनी गेम्स में -श्रीमती सोनिया देवी,दीपा वर्मा तथा पेपर डांस के विजेता- श्रीमती रीटा रानी, श्रीमती योगिता शर्मा और श्रीमती अनुराधा रहे वहीं फायरलैस कुकिंग में श्रीमती मोनिया तथा श्रीमती परमजीत विजेता रहे। विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी तथा एकेडमिक इंचार्ज मेघा बठला द्वारा सभी में पुरस्कार वितरित किए गए।इस कार्यक्रम में पी.आर ओ रुचिका, कोऑर्डिनेटर सुनीता अरोड़ा, ज्योति खनेजा एच आर पूजा तथा अन्य शिक्षक एवं स्टाफ भी शामिल हुआ।

# स्वीटी रंगा ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए मांगो वोट

**टीम एक्शन इण्डिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद के गांव संभालखी में वोट की अपील की गई। स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। पुरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर है।स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा। स्वीटी रंगा नलवी। शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है। स्वीटी रंगा ने बताया कि वासियों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है।



**वोट की अपील**

**▶▶ प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद के गांव संभालखी में वोट की अपील की गई**

स्वीटी रंगा ने अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाड़ू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा केप्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजय बनाना है। गांव वासियों ने स्वीटी रंगा को विश्वास दिलाया कि डॉक्टर सुशील गुप्ता को भारी मतों से विजय बनाएंगे। इस अवसर पर सीमा रानी, संदेश देवी, गीता, नीरू, रजनी,जसमेरे, पिंकी, अनिकेत, सरोज बाला मोजूद रहे।

# सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने कुष्ठ आश्रम में मनाया अक्षय तृतीया का त्योहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गांव डोडा खेड़ी स्थित श्रीराम कुष्ठ आश्रम में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा वहा रहने वाले परिवारों के संग अक्षय तृतीया का त्योहार मनाया गया सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया की अक्षय तृतीया दान-पुण्य का महापर्व माना जाता है। शास्त्रों में इस दिन दिया गया दान सर्वश्रेष्ठ दशार्या गया है। उन्होंने वहा रहने वाले सभी लोगों को उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की वह अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से सभी को बूस्टर गिफ्ट पैक दिए गए जिसमें डाबर ग्लुकोज डी टूथपेस्ट, टूथब्रश, हेयर ऑइल, शैम्पू आदि समान दिया गया। उन्होने सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के बारे में विस्तार पूर्वक बताया की सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया समय-समय पर गरीब और लाचार लोगों का संपूर्ण ध्यान रखती है समय-समय पर इनको यह किट वितरित करती रहती हैं सेवा ट्रस्ट की वालंटियर पूजा सैनी ने में बताया की ट्रस्ट आशा वर्कर्स , सफाई कर्मचारी, ब्लड डोनर, होनहार खिलाड़ियों वह सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को समय समय पर सम्मानित करता रहता है।




## 'लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि'

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा है कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है। एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है। सभी मतदाताओं को आगामी 25 मई को लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मतदान करना उनका अधिकार है। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है।

# बेटी साक्षी रावल पर हमें गर्व हैः रतन सिंह रावल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली राजकिय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय खोजकीपुर की छात्रा साक्षी रावल को यमुना सुधार समिति के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रतन सिंह रावल ने सम्मानित किया और कहा कि हमारी 27 की बेटी साक्षी रावल पर हमें गर्व है कि हमारे क्षेत्र की लडकी साक्षी रावल ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने गांव और क्षेत्र का नाम में रोशन किया । हम ऐसे बच्चों को हमेशा प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं ।इसी कड़ी में आज ग्रामीणों ने मिलकर के साक्षी रावल को 11 हजार का नगद ईनाम दे कर सम्मानित किया । यमुना सुधार समिति के प्रदेश अध्यक्ष रतन सिंह रावल ने कहा कि जो बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में या खेलो के क्षेत्र मेहनत करते हैं वह जीवन में कामयाब हो जाते हैं । इसलिए हमें पढ़ाई को प्राथमिकता देनी चाहिए और अपने बच्चों की पढ़ाई की ओर सबको ध्यान देना चाहिए । ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी प्रतिभाएं उभर कर बाहर आ रही है । यह हमारे लिए गर्व की बात है । इस अवसर पर एडवोकेट एसपी अरोड़ा ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पढ़ाई में विशेष रुचि लेने लगे हैं । इसीलिए इस प्रकार के परिणाम आ रहे हैं । जो बच्चे पढ़ाई के माध्यम से आगे बढ़ते हुए देश की तरक्की में हिस्सा बनते हैं और अपने माता-पिता के लिए और अपने दूसरे साथियों के लिए एक मिसाल कायम करते हैं । ऐसे बच्चों को पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढना और उनकी हर प्रकार की मदद करना यमुना सुधार समिति के सदस्य हमेशा तैयार रहते है। इस अवसर पर सरपंच बलबीर, रामफल, नरसिंह रावल, श्रीनिवास रावल,सतपाल सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे ।



**गौरव**

**▶▶ प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को यमुना सुधार समिति की ओर से 11 हजार रूपए देकर किया सम्मानित**

# प्रेरणा वृद्धाश्रम में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया मातृ दिवस

**घरों से निकाले गए एवं अपनों द्वारा ठुकराए गए बुजुर्गों को आश्रय देने वाला प्रेरणा वृद्धाश्रम हर दृष्टि से समाज के लिए वास्तव में प्रेरणा बना हुआ है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,** : घरों से निकाले गए एवं अपनों द्वारा ठुकराए गए बुजुर्गों को आश्रय देने वाला प्रेरणा वृद्धाश्रम हर दृष्टि से समाज के लिए वास्तव में प्रेरणा बना हुआ है। प्रेरणा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ हर त्यौहार एवं अवसर उदाहरण बनता है। ऐसा ही क्षण मातृ दिवस के अवसर पर भी देखने को मिला। प्रेरणा वृद्धाश्रम में मातृ दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर वृद्धाश्रम में रहने वाली सभी माताओं को शाल और पटका ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ जिसमें बुजुर्गों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रेरणा के संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि आज समाज में स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि अपनी जननी को भी लोग अपनी माता मानने को तैयार नहीं होते हैं। सास की बात तो बहुत दूर की रह गई है। उन्होंने कहा कि मदर्स डे पाश्चात्य संस्कृति की देन है। हमारे यहां तो हमेशा ही माता का सम्मान रहा है। सदा से माता को प्रभु से भी ऊंचा मान गया है। इस अवसर पर साध्वी मोक्षिता भी उपस्थिति रही। संस्था के सक्रिय सदस्य हरिकेश पापोसा ने कविता के माध्यम से सुनाया कि माता का दर्जा तो भगवान से भी ऊपर होता है और भगवान भी जब इस धरा पर आए हैं तो माता की कोख से ही जन्म लेकर आए हैं।

इस अवसर पर डा. ममता सूद, राधा अग्रवाल शोधार्थी सुमन और रेनू खुंगर को भी सम्मानित किया गया। साथ ही साध्वी मोक्षिता को भी शाल और अंगवस्त्र डाल कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बलविंदर कौर, शकुंतला देवी, सीता देवी, मलकीत कौर, उषा सच्चर, सीता कौशल, विजय लक्ष्मी, क्षमा मल्होत्रा, कौशल देवी, बलजीत कौर, महेंद्र कौर, जोगिंदर सिंह, चंद्रकांत ठक्कर, कश्मीरी लाल जैन, विजय कुमार अग्रवाल, बी.श्रीवास्तव, सुशील कुमार गर्ग, नवदीप सिंह, पंकज कुमार मेहता इत्यादि भी मौजूद रहे।



**कर्त्तव्य**

**▶▶ बुजुर्गों के साथ हर त्यौहार एवं अवसर उदाहरण बनता है। ऐसा ही क्षण मातृ दिवस के अवसर पर भी देखने को मिला**

# 'मतदान के पहले दिन प्रकाशित होने वाले प्रिंट मीडिया विज्ञापन का प्रमाणीकरण अनिवार्य'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार या राजनीतिक दल को एमसीएमसी से प्रमाण पत्र लेना होगा। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को लोकसभा के लिए मतदान होगा, इसलिए मतदान से पहले 24 मई व मतदान के दिन 25 मई के दिन प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार प्रस्तावित विज्ञापन का प्रमाण पत्र अवश्य लें। अन्यथा यह आदर्श आचार संहिता की अवहेलना मानी जाएगी।जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि टीवी और लोकल केबल टीवी में विज्ञापन प्रसारित कराने के लिए नामांकन करते ही एमसीएमसी से प्रमाणित कराना होगा। विज्ञापन प्रमाणित कराने के लिए विज्ञापन छपवाने व प्रसारित करने की तिथि से दो दिन पहले एमसीएमसी के पास निर्धारित प्रोफार्मा में जमा कराना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसारजिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में निर्देशन में मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किया गया है। एमसीएमसी पूरी गंभीरता से अपना कार्य कर रही है। पेड न्यूज पर नजर रखने के लिए स्पेशल कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गये है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने में नागरिक सबसे अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। नागरिक जितना सजग होता है व लोकतंत्र उतना ही मजबूत होता है।



# देश का भविष्य पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों में सुरक्षित : सुमन सैनी

## पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रहित में अनेकों फैसले लेकर देश को जो सम्मान दिलाया है: सुमन सैनी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि देश का भविष्य नरेंद्र मोदी के हाथों में सुरक्षित है। मोदी ने राष्ट्रहित में अनेकों फैसले लेकर देश को जो सम्मान दिलाया है, वह इस बात का प्रमाण है कि मोदी के हाथों में देश ने किस प्रकार ऊंचाईयों को छुआ है। सुमन सैनी ने शनिवार को करनाल में आयोजित जनसभाओं में पहुंचकर सरकार की योजनाओं



और भाजपा सरकार द्वारा पिछले 10 सालों में किए गए कार्यों से अवगत करवाया। सुमन सैनी गांव काछवा में जोडी पब्लिक स्कूल में पास रितेश शर्मा, सेक्टर-4 में जोगिंद्र सिंह, सेक्टर-7 में संजीव मित्तल, कर्ण विहार में नवीन वर्मा, आरके पुरम में मेहमा सिंह कांबोज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची। सुमन सैनी का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल विधानसभा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। जनसभाओं में उपस्थित लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को भारी बहुमत से जिताएंगे। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए हर एक वर्ग के लिए काम किया। उन्होंने पूरे प्रदेश को अपना परिवार मानकर काम किया। आप सभी के आशीर्वाद से अब वे दिल्ली जाकर करनाल लोकसभा के विकास कार्यों को गति देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में सीएम नायब सिंह सैनी भी कोई कमी नहीं आने देंगे। सरकार ने पिछले साढ़े 9 वर्षों में हर गरीब को बैंक से जोड़ा। आज सभी को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आपकी मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को की गई वोट सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाएगी। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, मेघा भंडारी, अमर ठक्कर, प्रदीप भाटिया, मंजू खैंची, रीमा वर्मा, बिट्टू, सुनील गुप्ता, भूपेंद्र नौतन, अनिल कांबोज व अंकुश सहित अन्य मौजूद रहे।

# आचार संहिता के दौरान घरौंडा क्षेत्र में चेकिंग निरन्तर जारी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन द्वारा आचार संहिता नियमों की पालना करवाने हेतु कड़ी नजर रखी जा रही है। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम घरौंडा राजेश कुमार सोनी ने बताया कि आचार संहिता की पालना करवाने हेतु लोगों तथा वाहनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए घरौंडा क्षेत्र में 12 टीमें कार्य कर रही हैं, जिनमें 6 टीमें फ्लाइंग स्क्वॉड तथा 6 टीमें स्टेटिक सर्विलांस की शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के दौरान 50 हजार रुपये से ज्यादा की राशि व अवैध तरीके से शराब व अन्य कोई भी सामग्री जो चुनाव को प्रभावित करने वाली हो, मिलने पर संबंधित व्यक्ति के



खिलाफ नियमानुसार कड़ी कारवाई की जायेगी।

उन्होंने बताया कि किसी भी राजनीतिक दल या निर्दलीय प्रत्याशी को चुनाव प्रचार में प्रयोग लाये जाने वाले वाहनों की परमिशन सहायक निर्वाचन कार्यालय यानी क्षेत्र संबंधित एसडीएम कार्यालय से लेनी अति आवश्यक है।

## न्यूज फ्लैश

### किसान के खेत से बिजली की मोटर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर थाना क्षेत्र** के गांव भटगांव माल्याण में किसान के खेत से बिजली की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव भटगांव माल्याण निवासी विकास ने बताया कि उसने गांव के अजीत के खेत में पांच एचपी की मोटर खेत की सिंचाई के लिए लगाई हुई थी। किसी ने उसकी मोटर को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर मोटर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### झगड़े की रंजिश के चलते चालक को पीटा

**सोनीपत: राई थाना क्षेत्र के औद्योगिक** क्षेत्र में झगड़े की रंजिश के चलते चालक को पीट-पीटकर घायल करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव सलेमपुर यूपी निवासी उमेश यादव ने बताया कि वह चालक की नौकरी करता है। गत 6 मई को वह माल लोड करके औद्योगिक क्षेत्र राई में आया हुआ था। सुबह आठ बजे कैंटर को रामधर्म कांटा के पास खड़ा करके बैठ गया। कुछ देर बाद गांव का रिंकू कैंटर लेकर पहुंचा। उसने गांव में हुए झगड़े की रंजिश रखते हुए उसके साथ कहासुनी करना शुरू कर दिया। उसे डंडों से पीटकर घायल कर दिया। राहगीरों ने उसका बचाव किया। उसके बाद रिंकू धमकी देकर फरार हो गया। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसे उपचार के बाद छुट्टी दे दी। जांच अधिकारी एसआई योगेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### ठगों ने 83 हजार से ज्यादा की राशि ठगी

**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर** थाना सोनीपत क्षेत्र में ऑनलाइन कुर्ती खरीदना युवती को मंहगा पड़ गया। साइबर ठगों ने युवती को झांसे में लेकर हजारों रुपये की राशि को ठग लिया। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग ठगों का लग सके। एक युवती ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि गत 28 अक्टूबर 2023 को इंस्टाग्राम पर सस्ता बाजार के नाम से एक चैनल देखा। उसके बाद वट्सअप के जरिए एक कुर्ती आर्डर की। जिसके बाद उसने ऑनलाइन 240 रुपये की पैमेंट कर दी। उसके पास कोई आर्डर नहीं पहुंचा। जिसके बाद उसने वट्सअप के जरिए मैसेज कर जानकारी ली। उसे अगले दिन ऑर्डर मिलने के बारे में कहा गया। उसके बाद 14 नंवबर को फिर से आर्डर के बारे में पूछा। त्यौहारी सीजन होने के चलते कॉलर ने कुछ दिन इंतजार के लिए कहा गया। रुपये वापिस करने के लिए कॉलर ने गुगल पेय के जरिए पैमेंट करने की बात कही। उसके बाद उसने अपना नंबर दे दिया। कॉलर ने उसके खाते में एक रुपये भेजने के लिए कहा। उसे बाद झांसे में लेकर बारी-बारी करके उससे कुल 83508 रुपये की राशि को खातों में डलवाया। ठगी के बारे में जानकारी मिलने पर उसने परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी एएसआई देवेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। साइबर सेल की मदद ली जा रही है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# सोनीपत: सरपंच की हत्या व लूट के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** सोनीपत के गांव छिछड़ाना सरपंच की हत्या व लूट मामले में क्राईम युनिट गोहाना की पुलिस टीम ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को गिरफ्तार कुलदीप उर्फ भंडर निवासी अलीपुर खरड जिला हिसार को (प्रोडक्शन वारंट पर लेकर) व साहिल निवासी छिछड़ाना को गिरफ्तार किया है। इनको 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। गांव छिछड़ाना निवासी मनजीत ने थाना बरोदा पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके पिता की गोली मार कर 11 दिसंबर 2023 हत्या कर दी गई। हत्या पुरानी रंजिश के कारण राजेश वासी छिछड़ाना ने अपने दोनों लड़के व दलबीर के तीनों लड़कों के साथ मिलकर काफी गोलियां मारकर हत्या की है। हमला उसके पिता जी की लाईसैंसी रिवाल्वर भी साथ में ले गये। पुलिस ने केस दर्ज किया था। थाना बरोदा के जांच अधिकारी एसआई ओमप्रकाश ने चार आरोपियों राहुल व शिवम



तथा राजेश व सागर व एक महिला समेत सभी गांव छिछड़ाना, तहसील गोहाना जिला सोनीपत निवासियों को पहले ही गिरफ्तार किया था। अब शनिवार को दो और आरोपियों कुलदीप उर्फ भंडर व साहिल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियो को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार कुलदीप उर्फ भंडर पुत्र सतबीर निवासी अलीपुर खरड जिला हिसार को 4 दिन के व साहिल निवासी छिछड़ाना को 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# मोदी ने देश की दिशा-दशा बदलने का काम किया: योगेंद्र

## सरकार ने बिना खर्ची, बिना पर्ची के तहत युवाओं को रोजगार दिया, जो सरकार की बड़ी उपलब्धियों में से एक है

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश लेकर भाजपा कार्यकर्ता अब जनता से रूबरू होने के लिए उनके द्वार पर दस्तक दे रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के बूथ चलो अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने अपने पैतृक गांव उपलाना में बूथ संख्या 72 पर डोर टू डोर जनसंपर्क कर करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के समर्थन में मतदान करने की अपील की तथा भाजपा की भव्य विजय का आशीष प्राप्त किया। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने डोर टू डोर संपर्क कर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाया। इस विशेष अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने सरकार की उपलब्धियों और सरकार द्वारा पारदर्शिता से कराए गए



कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना खर्ची, बिना पर्ची के तहत युवाओं को रोजगार दिया, जो सरकार की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। प्रदेश में बिना भेदभाव समान रूप से विकास कार्य करवाए गए। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश और प्रदेश की तस्वीर बिल्कुल अलग थी। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही देश की दिशा और दशा बदलने का काम किया। मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 सालों में गरीबों के हित में अनेकों ऐसी योजनाएं चलाई, जिनका आज गरीब परिवार पूरा लाभ उठा रहे हैं। नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में जनता का साथ और आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है।

उन्होंने अपील करते हुए कहा कि करनाल लोकसभा से मनोहर लाल को प्रचंड मतों से विजयी बनाकर भेजें और करनाल विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी को जीताकर करनाल के विकास को गति देने का काम करें।

# चुनाव में अहम भूमिका अदा करता है सोशल मीडिया : अरूण

## भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक अरूण यादव ने कहा कि सोशल मीडिया चुनाव में बड़ी भूमिका अदा कर रहा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक अरूण यादव ने कहा कि सोशल मीडिया चुनाव में बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। सोशल मीडिया ने 2014 और 2019 में हुए चुनाव में देश की तस्वीर बदलने का काम किया था और इस बार के लोकसभा चुनाव में भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने का काम करेगा। अरूण यादव करनाल लोकसभा के कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित सोशल मीडिया कार्यशाला का नेतृत्व करने के बाद कर्ण कमल



कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय-समय कार्यकर्ताओं के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया जाता है। भाजपा कार्यकर्ताओं के विकास में विश्वास रखती है, इसलिए उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यशाला में चुनाव को लेकर ट्रेनिंग दी गई। कार्यकर्ताओं को बताया गया कि किस प्रकार पहली बार वोट दे रहे युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कनेक्ट करना है। उन्होंने कहा कि देखने में आया है कि फेक न्यूज के जरिए भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। पिछले दिनों भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को लेकर भ्रामक प्रचार करने का काम किया गया। भाजपा का सोशल मीडिया सेल भ्रामक प्रचार को रोकने का काम कर रहा है। सोशल मीडिया टीम इतनी सशक्त है कि फेक न्यूज को डिटेल आधे घंटे में निकाल कर काउंटर कर देती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 25 मई को होने वाले मतदान में सोशल मीडिया अहम भूमिका निभाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा जनहित में कार्य किए हैं और हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाकर उनका लाभ पहुंचाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पटल पर भारत का नाम चमकाया है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि 2024 का चुनाव के देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं।

# भाविप की श्री राधा कृष्ण शाखा ने अपना आशियाना में भेंट किया कूलर



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा के उपाध्यक्ष प्रमोद नागपाल ने गांव काछवा के किसानों से राशि एकत्रित कर अपना आशियाना में एक कूलर भेंट किया। शाखा के सदस्यों ने यह सेवा कार्य किसानों के सहयोग से किया। शाखा के अध्यक्ष उमेश तनेजा ने कहा कि भाविप की श्री राधा कृष्ण शाखा समाजसेवा के कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहती है। इससे पहले भी शाखा अपना आशियाना में सेवा के कार्य कर चुकी है और भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्य जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि शाखा की ओर से स्कूल में स्टेशनरी का वितरण किया जाएगा। कुछ आश्रम में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा वाटर कूलर भी दिए लगवाए जाएंगे। अपना आशियाना के सेवकों द्वारा परिषद परिवार के पदाधिकारी अध्यक्ष उमेश तनेजा, सचिव देवेंद्र रोहिला, उपाध्यक्ष प्रमोद नागपाल, वित्त सचिव राकेश अरोड़ा को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष उमेश तनेजा ने अपना आशियाना में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यों के लिए सभी को आगे आना चाहिए। जरूरतमंदों की सेवा करने से भगवान भी प्रसन्न होते हैं। इस अवसर पर अपना आशियाना के सेवादार राजकुमार, अनु मदान और शिव कुमार मौजूद रहे।

# दो-पहिया वाहन सवार किशोर को तेज रफ्तार कार ने चपेट में लिया

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: सोनीपत-खरखौदा** सड़क मार्ग पर गांव हरसाना के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने दो-पहिया वाहन सवार किशोर को चपेट में ले लिया। हादसे में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मोहन नगर निवासी नवीन कुमार ने बताया कि वह औद्योगिक क्षेत्र राई में काम करता है। उसका बेटा आर्यन (16) कक्षा 12वीं पढ़ता है। वह अपनी बाइक पर सवार होकर हरसाना में जा रहा था। हरसाना के पास देर शाम करीब 5.30 बजे सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग पर गांव बैंयापुर लहराड़ा से आगे हरसाना मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार को उसके बेटे को चपेट में ले लिया। हादसे में उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जांच अधिकारी एसआई सुशील ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला करनाल, सब डिवीजन इन्द्री व सब डिवीजन असंध की अदालतों में नैशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इन लोक अदालतों में 6830 मुकदमे रखे गए, जिनमें से 4432 मुकदमों का 11,60,33,537 रुपए पर निपटारा हुआ। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक



सेवाएं प्राधिकरण की सचिव डॉ. सविता कुमारी ने बताया कि इस लोक अदालत में प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे व जिला न्यायालय के साथ-साथ सब डिवीजन इन्द्री व सब डिवीजन असंध की अदालतों मे लम्बित मुकदमों का निपटारा किया गया। इन मुकदमों में बैंक, बिजली विभाग संबंधी मुकदमें, फौजदारी, आपराधिक, पारिवारिक मुकदमों के साथ-साथ यातायात चालानों का भी निपटारा किया गया। इस लोक अदालत में लगभग 146 यातायात चालानों, 223 आपराधिक मामलों, 206 चैक बाउंस संबंधी मुकदमों, 21 मोटर दुर्घटना संबंधी मुकदमों, 2 बिजली संबंधी मुकदमों, 32 आपराधिक अपीलों, 18 पारिवारिक मुकदमों, 111 फौजदारी व अन्य मुकदमों का निपटारा किया गया। इसके अलावा प्री लिटिगेशन स्टेज पर 3625 मुकदमों का निपटारा भी नैशनल लोक अदालत में किया गया।

# रैली में हजारों की भीड़ भाजपा के जीत की गवाही दे रही : मोहनलाल

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: जिले में** छठवें चरण के अंतर्गत 25 मई को होने वाले मतदान के लिए जनता का ज्यादा से ज्यादा समर्थन पाने के लिए सभी प्रत्याशियों ने एड़ी-चोटी का दम लगा दिया है। भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के समर्थन में शनिवार को भाजपा प्रदेश सचिव पंडित उमेश शर्मा ने विजय संकल्प रैली में शामिल होकर जनता से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। जिसके बाद सिकंदरपुर माजरा में आयोजित विशाल ट्रैक्टर रैली में जिले के किसानों और नवजवानों के साथ ही भारी संख्या में भाजपा समर्थक शामिल हुए। लोकसभा चुनाव 2024 के तहत छठवें चरण के अंतर्गत 25 मई को सोनीपत के



सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीन में कैद हो जायेगा। उससे पहले जनता का ज्यादा से ज्यादा जनसमर्थन पाने के लिए, सभी प्रत्याशियों ने जनता के बीच अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में शनिवार को भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के समर्थन में हल्का बरोदा गोहाना में विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अथिति के रूप में प्रदेश भाजपा सचिव पंडित उमेश शर्मा ने शामिल होकर भाजपा के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, राष्ट्रहित और देश को विकास के शिखर पर पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार संकल्प को हम सभी को मिलकर पूरा करने होगा। क्योंकि भाजपा जितना ज्यादा मजबूत होगी देश भी उतना भी ज्यादा मजबूत होगा। विजय संकल्प रैली के बाद सिकंदरपुर माजरा में विशाल ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। आयोजित ट्रैक्टर रैली में जिलेभर से हजारों की संख्या में किसान, नौजवान और भाजपा समर्थक शामिल हुए। भाजपा के साथ इतनी भारी संख्या में जनसमर्थन से विपक्षी उम्मीदवारों होश उड़ने लगे हैं। ट्रैक्टर रैली के बीच भाजपा प्रदेश सचिव की उपस्थिति में मोहन लाल बड़ौली ट्रैक्टर चलाकर रैली का नेतृत्व करते हुए कहा कि, युवाओं, किसानों और जिले की देवतुल्य जनता द्वारा मिल रहा यह भारी समर्थन पीएम नरेन्द्र मोदी के 400 पार संकल्प को पूरा करने की गवाही दे रहा है। जिसके बाद मोहन लाल बड़ौली ने अपने नियमित जन संपर्क अभियान के तहत बरोदा और सोनीपत विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रभडा, बली, कटवाल, भैंसवाल, बिलबिलान, जसराना, गिवाना, आवली, रेवाडा, मोई, ककरोई रोड स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला, सेक्टर 14, सिद्धार्थ कॉलोनी, चावला कॉलोनी, सेक्टर 15 और सिक्का कॉलोनी में जनसंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की।

# मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि कर लें मतदाता: उत्तम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है, जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट



11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा।

कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। उन्होंने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं।

## संपादकीय

# महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता

**आज स्त्री** के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है।

समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है।

# हाशिये पर जाती बहुजन समाज पार्टी



आर.के. सिन्हा

"सभी को यह हैरान करता है। रोपड़ बसपा के संस्थापक कांशी राम का यह अपना शहर है। इधर ही उनका बचपन बीता,इधर के ही सरकारी कॉलेज से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। आप चाहें तो और हैरान हो सकते हैं कि उनके कॉलेज के आसपास भी बसपा का कोई झंडा तक दिखाई नहीं दिया। कुल मिलाकर यहां पर आकर चिराग तले अंधेरे वाली कहावत सच साबित होती दिखी। आखि?ी पंजाब के चुनावी समर में भी बसपा या कांशीराम की कोई भारी-भरकम उपस्थिति रोपड़ या पंजाब में क्यों नजर नहीं आ रही? पंजाब के कुछेक समाज शास्त्रियों से बातचीत के बाद हमें अपने सवाल का जवाब मिला। इन सभी की राय थी कि चूंकि पंजाब में सिख धर्म और आर्य समाज के प्रभाव के चलते दलितों को उस तरह से सामाजिक स्तर पर प्रताडित नहीं होना पड़ा"

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपनी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के पद से हटा दिया है। छह महीने पहले ही उन्होंने आकाश को धूम - धाम से अपना उत्तराधिकारी भी घोषित किया था। उन्होंने कहा कि आकाश तब तक उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी नहीं बन सकते , जब तक वे "पूरी तरह परिपक्व" नहीं हो जाते। आकाश आनंद बीते उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के शुरूआती दो चरणों में बसपा के प्रचार अभियान का मुख्य चेहरा थे। उनके भाषणों में भाजपा और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखे हमले किए गए थे। अप्रैल में सीतापुर में एक चुनावी रैली के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया था। मायावती को लगता है कि ये भाषण पार्टी द्वारा निर्धारित नियमों और नीतियों से भटक गए थे। मायावती के इस तरह के अचानक फैसले पहले भी देखे गए हैं। लेकिन महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इसका पार्टी और उनके दलित आंदोलन पर क्या असर होगा। बसपा के संस्थापक कांशी राम ने अपने परिवार को पार्टी से दूर रखा था और मायावती को उनके नेतृत्व कौशल के कारण ही अपना उत्तराधिकारी चुना था। इस रणनीति ने पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में अपने दम पर सत्ता दिलाई, जहाँ दलित समाज आबादी का लगभग 21% हिस्सा हैं। हालांकि, मायावती बसपा को एक व्यापक बहुजन समाज की पार्टी के रूप में विकसित करने में विफल रहीं। पार्टी के कई संस्थापक नेता, जो ओबीसी, अल्पसंख्यक और दलित समुदायों का प्रतिनिधित्व करते थे, मायावती के नेतृत्व शैली से असंतुष्ट होकर पार्टी छोड़ गए। आज बसपा अपने पुराने अखिल भारतीय दलित संगठन के रूप में अपनी पहचान लगभग खो चुकी है, भले ही मायावती कहने को तो आज भी देश की सबसे बड़ी दलित नेता बनी हुई हैं। मायावती द्वारा बसपा के आंदोलनकारी चरित्र को नजरअंदाज करने और अपने परिवार के भीतर नेतृत्व को मजबूत करने के उनके फैसले ने पार्टी के विकास को नुकसान तो पहुँचाया ही है। दुर्भाग्य से, कई अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने भी यही रास्ता अपनाया है, जिनमें वे दल भी शामिल हैं जो वैचारिक रूप से शक्तिशाली आंदोलनों से उभरे थे। इसमें तमिलनाडु में द्रविड़ आंदोलनों से विकसित हुई डीएमके और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार की राष्ट्रीय जनता दल शामिल है, जो लोहियावादी समाजवादी परंपरा और मंडल राजनीति की विरासत का दावा करती हैं । बसपा के मामले में, पार्टी के पतन को नए दलित नेताओं के उदय ने भी तेज किया है। पार्टी का वोट शेयर लगातार गिर रहा है। इस बात की संभावना कम ही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा उत्तर प्रदेश में कोई उल्लेखनीय परिणाम हासिल कर सकेंगी। अब उत्तर से पंजाब की ओर चलते हैं। बसपा की ताजा ताकत को जानने के लिए पंजाब के समीकरणों को जानना जानना जरूरी है, क्योंकि ; बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम जी पंजाब के रोपड़ शहर से ही थे। आप जब चंडीगढ़ से रोपड़ शहर में प्रवेश करते हैं तो आपको समूचे शहर की फिजाओं में लोकसभा चुनावों का रंग घुला हुआ मिलता है। सारा माहौल गुलजार है। आमतौर पर इधर बातचीत का मुख्य बिन्दू यही है कि राज्य की 13 लोकसभा सीटों में किस दल के हक के कितनी सीटें जाएंगी। पर यह एक दुर्भाग्य ही है कि बसपा दूर-दूर तक कहीं चर्चा में नहीं है।

सभी को यह हैरान करता है। रोपड़ बसपा के संस्थापक कांशी राम का यह अपना शहर है। इधर ही उनका बचपन बीता,इधर के ही सरकारी कॉलेज से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। आप चाहें तो और हैरान हो सकते हैं कि उनके कॉलेज के आसपास भी बसपा का कोई झंडा तक दिखाई नहीं दिया। कुल मिलाकर यहां पर आकर चिराग तले अंधेरे वाली कहावत सच साबित होती दिखी। आखि?ी पंजाब के चुनावी समर में भी बसपा या कांशीराम की कोई भारी-भरकम उपस्थिति रोपड़ या पंजाब में क्यों नजर नहीं आ रही? पंजाब के कुछेक समाज शास्त्रियों से बातचीत के बाद हमें अपने सवाल का जवाब मिला। इन सभी की राय थी कि चूंकि पंजाब में सिख धर्म और आर्य समाज के प्रभाव के चलते दलितों को उस तरह से सामाजिक स्तर पर प्रताडित नहीं होना पड़ा , जैसे अन्य राज्यों में उन्हें झेलना पड़ा। इन दोनों मजबूत धार्मिक संस्थाओं ने जाति के कोढ़ पर हल्ला बोला। नतीजा यह हुआ कि पंजाब के समाज में दलितों का उत्पीड़न कम हुआ। इस पृष्ठभूमि की रोशनी में ही पंजाब का दलित अपने को बसपा से जोड़कर नहीं देखता। आपको पंजाब में जगह-जगह दलितों के गुरुद्वारे तो देखने को मिल जाएंगे। उनके बाहर गुरुमुखी और कइयों के बाहर हिन्दी में भी लिखा रहता ह्यमजहबीह्न, ह्यरामगढ़ियाह्न या ह्यसंत रविदासह्न गुरुद्वारा। और तो और, चंडीगढ़ में भी आपको इस तरह के गुरुद्वारे मिल जाएंगे। यह अन्य गुरुद्वारे से भव्यता के स्तर पर कतई उन्नीस नहीं हैं। ये कहीं न कहीं उनकी आर्थिक सेहत को भी रेखांकित करते हैं। यानी कि पंजाब का दलित उस तरह से पिछड़ा,दबा-कुचला नहीं है, जिस तरह से वो देश के बाकी भागों में या कम से कम उत्तर भारत के अन्य सूबों में हैं। जाहिर है,इसलिए ही चुनावों में पंजाब में दलित बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में खड़े नजर नहीं आते। संभवतः इसलिए ही बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम पंजाब से संबंध रखने के बाद भी बसपा को अपने ही गृह प्रदेश में मजबूत आधार देने में कामयाब नहीं हुए। पंजाब में कुल 30 फीसद मतदाता दलित है, यानि उत्तर प्रदेश से भी ज्यादा ! देश के किसी भी अन्य सूबे में इतने अधिक दलित वोटर कहीं नहीं हैं। देश से बाहर बड़ी संख्या में जाने के फलस्वरूप पंजाब के दलितों के हालात सुधर गए। जो बाहर गए, वे भारत में अपने परिवारों को अच्छी-खासी रकम भेजते रहे। पंजाब से बाहर रोटी-रोजी कमाने के लिए जाने वालों में दलित सिख सर्वाधिक रहे हैं। आपको अफ्रीका में भी दलितों के गुरुद्वारे मिल जाएंगे। एक दौर में पंजाब में कांग्रेस के पास ज्ञानी जैल सिंह और बूटा सिंह के रूप में दंबग दलित नेता थे, पर साल 1984 में पहले स्वर्ण मंदिर में सैन्य कार्रवाई और इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिखों के कत्लेआम के बाद पंजाब में पार्टी कमजोर हुई। उसे उपर्युक्त दोनों दिग्गज दलित नेताओं के केन्द्र की राजनीति करने के कारण रिक्त हुए स्थान को भरने के लिए भी कोई नया नेता सामने नहीं आया। जैल सिंह तो देश के राष्ट्रपति ही बन गए। बहरहाल, बसपा की तरफ से लोकसभा चुनाव के लिए काफी संख्या में उम्मीदवार खड़े हुए हैं। कुछ समय पहले तक अरविंद केजरीवाल की कैबिनेट में मंत्री रहे राजकुमार आनंद भी नॉर्थ इवेस्ट दिल्ली से बसपा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि लगता नहीं कि बसपा कहीं भी अपना असर छोड़ेगी। इसकी बड़ी वजह मायावती का कमजोर नेतृत्व और उनके ऊपर लगे तमाम आरोप ही हैं।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**



## कविता

### क्योंकि आज हरिया ने खाना नहीं खाया

क्योंकि आज हरिया ने खाना नहीं खाया,
हथौड़े की तेज आवाज से भी तेज,
मस्तिष्क के तंतु कहीं तेजी से
शून्य में विलीन हो जाते,
फिर तैरकर,
वापसी की प्रतीक्षा किए बिना,
आकर वापस बैठ जाते,
किसी अलग जगह में
जो पुरानी नहीं होती,
लेकिन हरिया
कबाड़ में हथोड़ा चलाकर
वापस आए उन विचारों का
विरोध खुलकर करना चाह रहा था,
जिसकी उसे आजादी थी,
पर इतनी ऊर्जा,ताकत और चाहत नहीं थी,
जो बेवजह उसकी अपनी जिंदगी में,
अन्चाहों की तरह,
आकर, दिमाग में चक्कर लगाते,
हथोड़ा और जंग लगा लोहा,
आपस में जुगलबंदी कर
कोई मधुर गीत नहीं गा सकते,
कोई आशा का संकेत नहीं दे सकते,
की आने वाला कल
खुशहाली, हरीतिमा का होगा,
किसी को शायद मालूम न था
की कि हरिया ने

संजीव
---------

# विज्ञान और धर्म संसार के दो

-प्रियंका सौरभ

**समाज** में धर्म और विज्ञान की भूमिका प्रभावशाली है। विज्ञान और धर्म के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर यह है कि पहले का संबंध प्राकृतिक दुनिया से है जबकि दूसरे का संबंध प्राकृतिक और अलौकिक दोनों संस्थाओं से है। विज्ञान तथ्यों की उचित प्रमाण एवं प्रमाण सहित व्याख्या करता है। यह हमेशा सवालों के जवाब देने के लिए तार्किक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करता है। धर्म लोगों को शक्ति पर निर्भर बनाता है और यह शक्ति प्राकृतिक या अलौकिक हो सकती है। यह हमेशा विश्वासों और विश्वासों पर निर्भर होता है। धर्म के अनुसार सब कुछ अज्ञात शक्ति के प्रभाव से होता है। जबकि विज्ञान सदैव तार्किक तथ्यों एवं प्रमाणों पर निर्भर रहता है। जब धर्म ने विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के लिए मार्ग प्रशस्त किया, तो विज्ञान ने खोजों के लिए मार्ग प्रशस्त किया। धर्म और विज्ञान के बीच संबंध को दुनिया में सबसे अधिक बहस वाले विषयों में से एक माना जा सकता है। विज्ञान और धर्म के बीच संबंधों पर कुछ तर्क संघर्ष पैदा करते हैं, जबकि अन्य सोचते हैं कि यह दो अलग-अलग संस्थाएं हैं जो दो अलग-अलग मानवीय अनुभवों से निपटती हैं। कुछ धार्मिक और वैज्ञानिक संगठनों का कहना है कि धार्मिक आस्था और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बीच इस तरह के टकराव की कोई आवश्यकता नहीं है। धर्म और विज्ञान जटिल सामाजिक विषय हैं जो विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के अनुसार भिन्न हो सकते हैं। यह लेख हमें विज्ञान और धर्म की विभिन्न अवधारणाओं को देखने देता है और वे एक-दूसरे से कैसे संबंधित हैं। विज्ञान और धर्म के बीच संबंध 'सद्भाव', 'जटिलता' और संघर्ष की विशेषता है। समाज में व्यक्ति के विचारों को आकार देने में विज्ञान और धर्म की भूमिका महत्वपूर्ण है। धर्म मान्यताओं, रीति-रिवाजों और परंपराओं का एक संग्रह है। इसे नियंत्रक शक्ति के प्रति पूजा भी कहा जाता है। धर्म सदैव ईश्वर पर केन्द्रित नहीं हो सकता। यह किसी भी प्रकार की शक्ति के प्रति समर्पण हो सकता है। विज्ञान की भाँति मध्यकाल में धर्म शब्द का भी कोई उचित अर्थ नहीं था। मानवविज्ञानी ईबी टेलर के साहित्यिक कार्यों के माध्यम से इसे अपना वर्तमान उद्देश्य प्राप्त हुआ। उनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने दुनिया भर में धर्म का प्रतिनिधित्व करने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। धर्म किसी समाज और व्यक्ति की गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसका असर व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। विज्ञान को ज्ञान की खोज और अनुप्रयोग तथा प्रयोगों, अवलोकनों और उचित साक्ष्यों के माध्यम से दुनिया को समझने के रूप में परिभाषित किया गया है। पुराने काल में विज्ञान का अर्थ प्राकृतिक दर्शन या प्रयोगात्मक दर्शन था। इसका सटीक सन्दर्भ उन्नीसवीं शताब्दी में आया और प्रयोग किया गया। विलियम व्हीवेल ने वैज्ञानिक शब्द का मानकीकरण उन लोगों के रूप में किया जो विज्ञान के अभ्यासकर्ता हैं।

## विचार

# जमानत से जनमत तक का सफर

राकेश

**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की राजनीति को अक्षय तृतीया के दिन जमानत के रूप में नवजीवन मिल गया। जमानत अंतरिम है और केजरीवाल को 2 जून को दोबारा अदालत के समक्ष समर्पण करना होगा ,लेकिन वे अपनी जमानत की अवधि में अठारहवीं लोकसभा के लिए होने वाले शेष चार चरणों के चुनाव में खुलकर न सिर्फ प्रचार कर पाएंगे बल्कि भाजपा की उन तमाम साजिशों को भी बेनकाब भी कर पाएंगे जो दस साल से विपक्ष के खिलाफ की जा रहीं हैं।

अरविंद केजरीवाल के लिए अच्छा हुआ की वे 50 दिन की जेल यात्रा कर आये। स्वाधीनता से पहले जेल यात्राओं को एक तरह का बलिदान माना जाता था । आजादी के बाद जेल यात्राओं का रंग ही बदल गया। अब नेता भ्ष्टाचर्रार के आरोपों में जेल जाते हैं। जनांदोलनों के चलते जेल जाने वालों की संख्या लगातार घटी है। केजरीवाल हालाँकि आंदोलन की कोख से निकले ही नेता हैं ,,लेकिन हैं तो पुराने नौकरशाह। इसीलिए वे भाजपा के मोदी और शाह से टक्कर ले पा रहे हैं। उन्हें जेल भी शायद इसीलिए जाना पड़ा लेकिन कानून ने उनकी मदद की और अंततः अंतरिम जमानत दिला दी।

लोकसभा चुनाव के चार चरण अरविंद केजरीवाल के बिना समपन्न हो गए। विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन को केजरीवाल से जो लाभ मिलना चाहिए था ,उतना नहीं मिल पाया। लेकिन जमानत पर आने के बाद वे बीस दिन में इतना कुछ काम कर लेंगे की भाजपा सरकार को चुनौती दी जा सके। अरविंद पहले भाजपा की बी टीम समझे जाते थे किन्तु बाद में वे इस छवि से बाहर निकल आय। उन्होंने शराब घोटाले में अपने आपको लपेटे जाने के बाद भाजपा के खिलाफ कमर कास ली थी। केजरीवाल और उनकी पार्टी की हैसियत इस समय कांग्रेस को छोड़ दीगर क्षेत्रीय दलों से कहीं ज्यादा है। उनकी अकेली ऐसी पार्टी है जिसकी एक से अधिक राज्यों में सरकारें हैं। आम आदमी पार्टी को केजरीवाल एंड कम्पनी दिल्ली से बाहर पहले पंजाब तक ले गयी और बाद में उसने गोवा,गुजरात में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। और अब आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ मिलकर भाजपा को अपदस्थ करने के महाअभियान में शामिल है।

आपको पता ही है की भाजपा की इस समय सिट्टी-पिट्टी गुम है । भाजपा अपने घोषणा पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने के बजाय उन मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है जो की उसे काँग्रेसने दिए हैं। भाजपा अब मोदी जी के चेहरे और मोदी जी की गारंटियों पर चुनाव नहीं लड़ रही । चुनाव जीतने के लिए भाजपा को हारकर हिन्दू-मुसलमान पर आना पड़ा । मतदाताओं को अल्पसंख्यक मुसलमानों से आतंकित करने के लिए पहले मंगलसूत्र छीने जाने ,बाद में विरासत पर कार लगाए जाने और सबसे बाद में अंकल सैम पित्रोदा के निजी बयानों का इस्तेमाल करने पर विवश होना पड़ा। केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद अब भाजपा कौन से हुआ खड़ा करेगी ये कहना कठिन है।

केजरीवाल अपनी अंतरिम जमानत का इस्तेमाल जनमत को आईएनडीआईए के पक्ष में बनाने के लिए कार सकते है। वे मुख्त वक्ता हैं। दिल्ली में उनकी पार्टी की राज्य सरकार है। सबसे बड़ी बात तो ये हैं की वे कंगाल नहीं हैं। पंजाब में भी उनकी सरकार है। दिल्ली की जनता उन्हें पसंद करती है। इसका असर दिल्ली की ७ लोकसभा सीटों के अलावा दुसरे राज्यों पर भी पडेगा। अब विपक्ष के पास राहुल हैं ,अखिलेश भी हैं और केजरीवाल भी। ये तिकड़ी भाजपा का खेल बिगाड़ने के लिए काफी है। भाजपा जितने हौवे मतदाताओं को भयभीत करने के लिए खड़े कर सकती थी ,वो कर चुकी। अरविंद को भाजपा हौवे की तरह इस्तेमाल नहीं कर सकती। वे प्रखर वक्ता हैं ,नेता है और मोदी से किसी भी मायने में कम नहीं हैं। मोदी जी की घबड़ाहट और केजरीवाल की रण में वापसी के चलते चुनाव के शेष चार चरण और महत्वपूर्ण होने वाले हैं। अभी कोई 260 सीटों के लिए मतदान होना बाकी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बोर्ड परीक्षा और अंक नहीं जीवन

विजय गर्ग

**इस वर्ष** एक बार फिर बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे सुर्खियों में रहे। इसमें अच्छी और सुहानी लगने वाली बातों के समांतर अंकों और 'रैंक' को ही जीवन का सब कुछ समझने वाली आज की पीढ़ी के बीच से परीक्षा में असफलता के भय होने, ग्रेड या रैंक कम आने, अपने आपको माता-पिता और शिक्षकों की आशा के अनुरूप खरा साबित न होने पर आत्महत्या किए जाने की खबरें भी आईं। यह निश्चित ही बेहद चिंता का विषय है । परीक्षाओं के नतीजे आने के बाद बच्चों के बीच से आत्महत्या की घटनाएं आमतौर पर हर वर्ष देखने में आती हैं, पर इसका कुछ समाधान अभिभावक, शिक्षक और प्रशासन निकाल नहीं पाते हैं और न ही ऐसी स्थिति बनाई जाती है कि आज के बच्चे इस पर विचार करें कि कामयाबी अगर अच्छा है तो कम अंक या नाकामी खुद को बेहतर करने और अगली कामयाबी का रास्ता है। बच्चों को यह क्यों नहीं समझाया जा सकता है कि क्या जीवन का लक्ष्य केवल परीक्षा ही पास करना है ! अगर अंक कम आ गए या नतीजे खराब रहे तो जीवन तो खत्म नहीं हो जाता। जीवन के मुकाम कुछ और करके भी हासिल किए जा सकते हैं । मगर भविष्य मानो स्कूली परीक्षा में ज्यादा से ज्यादा अंकों के दायरे में ही कैद कर दिया जाता है और अभिभावक से लेकर विद्यार्थी तक इसी चक्र में अपना सोचना - समझना केंद्रित कर लेते हैं। इसके मनोवैज्ञानिक प्रभाव तो सामने आने ही हैं । देखा जाए तो आज के स्कूली शिक्षा के समूचे ढांचे में पढ़ाई से लेकर परीक्षा और नतीजे के बीच दिखावे की संस्कृति में बच्चों के अभिभावक ही ज्यादा जिम्मेदार नजर आते हैं, जो अपनी अधूरी महत्त्वाकांक्षाओं की भूख की वजह से बच्चों पर दबाव बनाते हैं कि वे नब्बे या सौ फीसद अंक नहीं लाएं। सबसे अव्वल आएं। वहीं स्कूलों में भी बच्चों पर दबाब बनाया जाता है। ऐसे में स्कूल की कक्षाओं के अलावा ट्यूशन, कोचिंग, परीक्षा के तनाव और बोझ के साथ इंटरनेट, टीवी के चक्रव्यूह में फंसे बच्चे दिग्भ्रमित हो जाते हैं। जबकि पढ़ाई के बाद बेहतर भविष्य बनाने के लिहाज से देखें तो उसमें अंकों के निर्धारण का कोई आकलन नहीं होता है।

# जो डर सो जी गया

डॉ. सुरेश कुमार

**भयभीत** होने के अपने फायदे हैं। इस नई दृष्टि से सोचें तो यही मानना पड़ेगा कि अधिकांश नौकरीपेशा भयभीत नहीं होते हैं, क्योंकि वे हर महीने एक बंधी हुई रकम पा जाते हैं, चाहे अपने पेशे के साथ न्याय करें या न करें। निश्चित रूप से वे निर्भय होकर बीमार रहते हैं। उन्हें हमेशा हाय-हाय लगी रहती है और उनका हाजमा खराब रहता है, यानी वे दुःखी रहते हैं। नौकरीपेशा, जो ऊपरी आमदनी का लाभ पाते हैं, उनका हाजमा अच्छा होता है, क्योंकि वे काफी कुछ डकार जाने की क्षमता रखते हैं। यह ऊपरी आमदनी उन्हें सुखी बनाती है और वे भयभीत होते हैं कि उनकी आमदनी का यह जरिया कहीं बंद न हो जाए। लाभ की दृष्टि से सबसे समृद्ध हमारा व्यापारी समाज होता है। अगर आप गौर करें तो पाएंगे कि वे भयभीत और सुखी होते हैं। काले धंधों का जितना बड़ा व्यापारी होता है, वह उतना ही बड़ा समाज-सेवक भी माना जाता है, क्योंकि भयभीत होने के कारण वह दान देता है और मंदिर बनवाता है। इससे यही प्रमाणित होता है कि बिना अतिरिक्त आर्थिक लाभ के भयभीत होना कठिन है और बिना भयभीत हुए भौतिक रूप से तुखी बनना संभव नहीं है। यह भयभीत होने का अर्थशास्त्रीय सिद्धांत है। अपने प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर वे दावे के साथ कह सकते हैं कि भयभीत पति और प्रेमी होना काफी फायदेमंद होता है। यदि आप केवल प्रेमी हैं और भयभीत हैं तो पति के रूप में आपके प्रमोशन के चांसेस बढ़ जाते हैं, क्योंकि कोई भी भारतीय कन्या आपसे सहर्ष विवाह करना चाहेगी, इसलिए कि वह आपकी प्रेमिका से आपकी पत्नी बनकर आपको निरंतर भयभीत बनाए रखने का सुख छोड़ना नहीं चाहेगी। यदि आप बिना प्रेमी बने सीधे ही पति हैं और भयभीत हैं तो आपको दोहरा लाभ होगा। पहला लाभ अपनी पत्नी से है। आपकी पत्नी यही चाहेगी कि भले ही सारा जहाँ आपसे भौकाल खाता हो, आप पत्नी से भौकाल खाएँ। प्रायः ऐसा होता भी है। अधिकांश दूसरों को डराने वाले पतियों की धोतियों को पत्नी के डर से गीला होते हुए देखा जा सकता है। ऐसे किसी एक अदद भयभीत पति मिल जाने पर किसी भी नारी का समस्त जीवन धन्य हो उठता है।

## न्यूज फ्लैश

### मदर डे के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों में माताओं का मनोरंजन करवाया

**गन्नौर।** गायत्री विद्या पीठ बसंत विहार गन्नौर में मदर डे सेलिब्रेट किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद की पदाधिकारी मनीषा जैन, नेहा त्यागी, काजल सिंघल, खूबी राम जैन, नवज्योति शिक्षा सदन खुबड़ू की मुख्याध्यापिका आरती ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में माताओं के लिए टांग ट्विस्टर, मेक ए टावर विद ग्लास, म्यूजिकल चेयर, गारलैंड विवरस आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। म्यूजिकल चेयर में संतोष ने प्रथम, स्वाति ने दूसरा और काजल ने तीसरा स्थान हासिल किया। मेक ए टावर विद ग्लास में सोनिया ने प्रथम, रेखा ने दूसरा स्थान और रजनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। भारत विकास परिषद की महिला संयोजिका मनीषा जैन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों के साथ साथ उनकी माताओं का भी उत्साह बढ़ता है और घर के व्यवस्थ समय से इन महिलाओं को थोड़ा समय अपने लिए भी निकल पाते है। स्कूल संचालक राजेन्द्र कौशिक एवं मुख्य अध्यापिका शकुंतला कौशिक ने बताया कि गायत्री विद्या पीठ में छात्रों को शिक्षा के साथ संस्कार दिए जाते है। इस अवसर पर शिक्षक सुमन, दीपक, सीमा, पूजा, आयुसी, स्कूल कोऑर्डिनेटर प्रिया कौशिक सहित 76 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अभिभावक माताओ ने कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की।





### वोटर क्यू एप बताएगी कि मतदान केंद्र पर लगी है कितनी लंबी लाइन: नागर

**गन्नौर।** एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी निर्मल नागर ने क्षेत्र के बीएलओ से कहा कि वे अपने साथ अपडेटिड मतदाता सूची रखें ताकि मतदान करने के लिए आने वाले नागरिकों को कोई परेशानी न आए। साथ ही अपने संबंधित पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण करते रहें। यदि पोलिंग बूथों में किसी भी प्रकार की कोई कमी है तो उसे समय रहते दुरुस्त करवाएं। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि चुनाव को लेकर किसी भी प्रकार की कौताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लापरवाही करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि वे वोटर्स इन क्यू एप चलाने का अच्छी तरह से प्रशिक्षण लें। मतदान के दिन सभी बीएलओ हर आधा घंटे बाद मतदान करने के लिए पहुंचे मतदाताओं की संख्या को वोटर्स इन क्यू एप पर अपडेट करेंगे। इसमें वोट डालने के लिए लाइन में लगे लोगों का डाटा भी अपडेट किया जा सकेगा। इसके माध्यम से मतदाता अपने मतदान केंद्रों पर वोटरों की संख्या की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और भीड़ कम होती ही वोट डालने के लिए जा सकेंगे।

### फ्लिपकार्ट और बजाज ऑटो ने की साझेदारी

**पानीपत।** बजाज ऑटो लिमिटेड और प्रमुख ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज फ्लिपकार्ट के लास्ट माइल डिलीवरी ऑपरेशंस में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के प्रयोग को गति देने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह सहयोग भारतीय ई-कॉमर्स परिदृश्य के हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 10 मई को बजाज ऑटो और फ्लिपकार्ट के प्रवक्ताओं समरदीप सुबंध, प्रेसिडेंट (इंट्रासिटी बिजनेस यूनिट, बजाज ऑटो लिमिटेड), प्रभु बालाश्रीनिवासन, (वाइस प्रेसिडेंट, कॉमर्शियल, फ्लिपकार्ट ग्रुप) और हेमंत बद्री, (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, व हेड, सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एंड रीकॉमर्स, फ्लिपकार्ट ग्रुप) द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इसने बजाज ऑटो और फ्लिपकार्ट के बीच दीर्घकालिक व्यापार साझेदारी की नींव रखी है। इसके तहत फ्लिपकार्ट को तकनीकी रूप से उन्नत कम से कम 1000 इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर कार्गो वाहनों की आपूर्ति की जाएगी। यह समझौता भविष्य में व्यापक सहयोग एवं बढ़े हुए विस्तार का मार्ग प्रशस्त करता है। फ्लिपकार्ट ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट एंड हेड, सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एंड रीकॉमर्स हेमंत बद्री ने कहा, यह गठजोड़ बजाज ऑटो लिमिटेड और फ्लिपकार्ट के साथ-साथ पूरे भारतीय ई-कॉमर्स परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। यह पर्यावरण के अनुकूल सप्लाई चेन स्थापित करने की दिशा में कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।



# पोलिंग पार्टियों को दी गई ट्रेनिंग : अनुभव मेहता

## जिला परिषद् के सीईओ विवेक चौधरी ने दी चुनाव संबंधी हर पहलू की जानकारी





टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में लोकसभा और करनाल विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। चुनाव को पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने में पोलिंग पार्टियों की अहम भूमिका होती है। करनाल विधानसभा उपचुनाव के संबंध में पोलिंग पार्टियों को शनिवार को स्थानीय डा. मंगलसेन सभागार में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी व एसडीएम अनुभव मेहता ने पोलिंग पार्टियों को चुनाव संबंधी हर पहलू पर विस्तृत जानकारी दी। विवेक चौधरी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े प्रजातंत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने की जिम्मेवारी हमारे कंधों पर है। ऐसे में हमारी भूमिका पूर्णतः निष्पक्ष ही रहनी चाहिए। किसी भी राजनीतिक दल से हमारी नजदीकियां चुनाव को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे में हमें भारत निर्वाचन आयोग की प्रत्येक गाईडलाईन का पालन करते हुए चुनाव को निष्पक्षता के साथ संपन्न करवाना है और इसके लिए हम सबके द्वारा चुनावी प्रक्रिया की हर गतिविधि को पारदर्शी तरीके से अपनाना है। उन्होंने कहा कि चुनाव शुरू होने से पहले किया जाने वाला मॉक पोल चुनाव को पारदर्शी बनाने की सबसे अहम कसौटी है। विभिन्न राजनीतिक दलों के पोलिंग एजेंटों के समक्ष अपनाई जाने वाली इस प्रक्रिया की अहमियत को बताते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया को अपनाने से चुनाव करवाना बेहद सरल हो जाता है। चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार मॉक पोल के दौरान 50 वोट डलवाना सुनिश्चित करें। मॉक पोल के दौरान डाले गये वोट और वीवी पैट से निकलने वाली पर्चियों व कंट्रोल यूनिट में कुल वोट के मिलान होने पर पोलिंग एजेंट के हस्ताक्षर भी करवाएं तथा मॉक पोल का रिकार्ड सुरक्षित रखें। इसके उपरांत ईवीएम को क्लियर बटन दबाकर पुनः पोलिंग के लिए तैयार करें। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने मतदान खत्म होने पर ईवीएम तथा वीवीपैट को सील करने के तरीके की जानकारी दी। एसडीएम एवं करनाल के रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि पीठासीन अधिकारी चुनाव संबंधी हैंडबुक का भी अध्ययन जरूर करें, इससेचुनाव करवाने में आसानी होगी और ड्यूटी संबंधी हर विषय की विस्तृत जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि यदि कोई नेत्रहीन मतदाता ब्रेल लिपि पढ़े? में सक्षम है तो उसे ब्रेल बैलेट पेपर उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने टेंडर वोट, चैलेंजिंग वोट, मतदाता पहचान पत्र के दस्तावेज, प्रयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के फार्म, पोस्टल वोट, माइक्रो पर्यवेक्षक, पोलिंग बूथ के अंदर प्रवेश करने वाले अधिकृत लोगों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे अपने स्तर पर मतदान केंद्र के निर्धारित स्थान में बदलाव नहीं कर सकते। अपरिहार्य स्थिति में इसके लिये उन्हें पहले सहायक निर्वाचन अधिकारी को बताना होगा। ऊपर से मंजूरी मिलने पर ही इस दिशा में कोई कदम उठाया जा सकता है। जिस भी स्कूल/ धर्मशाला/ सामुदायिक केंद्र अथवा अन्य संस्था में पोलिंग बूथ बनाया गया है उसकी चारदीवारी से 200 मीटर की दूरी पर ही राजनीतिक दलों को ओर से निर्धारित आकार में टेंट लगाया जा सकता है। यदि इससे कम दूरी पर टेंट लगा है तो पीठासीन अधिकारी उसे हटवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईवीएम व वीवीपैट को मतदान केंद्र की खिडक़ी के पास नहीं रखा जाना चाहिये और ईवीएम पर ऊपर से सीधी रोशनी नहीं पड़े ?ी चाहिये। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर द्वारा सीयू/बीयू, वीवीपैट के बारे में भी अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

### कैथल: राइस मिल उगल रही 'मौत' की हवा

**कैथल: जिला** कैथल के गुहला चीका हल्के में लगातार बढ़ रहे राइस मिल लोगों की परेशानी का सबक बनने लगे हैं। इन राइस मिल से पहले धुएं के कारण क्षेत्र की हवा दूषित होने लगी है जिससे आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वायु प्रदूषण रोकने के लिए अगर स्थानीय लोग कोई मुद्दा उठाते हैं तो जिला प्रशासन की कार्रवाई उन्हें मायूस कर देती है। उनकी इस शिकायत और मांग पर ना तो अधिकारी कार्रवाई करते हैं और ना ही कोई असर हो पाया है। तो ऐसे में क्या करें कि शासन प्रशासन हमारी जान बूझ कर नहीं सुन रहा है या फिर किस दवाब या मजबूरी में सुनना नहीं चाहते हैं।

## कांग्रेस जजेपी के साथ मिलकर सरकार नहीं बनाएगी



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। कांग्रेस में प्रदेश** प्रभारी दीपक बाबरिया ने बीजेपी के अल्पमत पर कहा कि कांग्रेस की तरफ से सिर्फ राजनीति रहेगी, कोई शॉर्ट कट नहीं अपनाया जाएगा। हम सिर्फ यही चाहते हैं कि संविधान का पालन हो। बीजेपी सरकार को गवर्नर साहब के पास जाकर अपना बहुमत का प्रदर्शन करना चाहिए। अगर बीजेपी प्रदर्शन करने में विफल हो जाते है तो जो संवैधानिक प्रक्रिया है, उसके अनुरूप कार्य करना चाहिए। हम फ्लोर टेस्ट के लिए नहीं, बल्कि प्रदर्शन के लिए कह रहे हैं। सेक्टर-9 पहुंचे दीपक बाबरिया ने मीडिया से बातचीत की। हिसार में नैना चौटाला ने जेपी सिंह पर हमले के आरोप लगाए हैं, जिस पर उन्होंने कहा कि यह कभी नहीं हो सकता। नैना चौटाला यह सिर्फ सस्ती लोकप्रियता के लिए कर रही हैं। जेपी ऐसा नहीं करवा सकते। अगर किसी और ने किया हो तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस सरकार बनाना ही नहीं चाहती, दुष्यंत चौटाला के इस ब्यान पर बाबरिया ने जवाब दिया कि हम दुष्यंत चौटाला के साथ मिलकर सरकार नहीं बनाएंगे। लोकसभा प्रत्याशियों का प्रचार न करने वाले स्थानीय नेताओं के लिए कोई चेतावनी जारी की गई थी या नहीं, इस पर उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। सभी नेताओं की एक सोच बने, इसके लिए प्रयास किया गया है, क्योंकि लोकसभा के बाद विधानसभा चुनाव आने हैं और विधानसभा चुनाव में जब प्रत्याशी का चयन किया जाता है तो उसमें यह भी ध्यान रखा जाता है कि पिछले चुनाव में कैंडिडेट का क्या योगदान रहा। बिजेंद्र सिंह, श्रुति चौधरी, किरण चौधरी क्या भाजपा का प्रचार कर रहे हैं, इस पर दीपक बाबरिया ने कहा कि किरण चौधरी अब मंच सांझा कर रही हैं। श्रुति चौधरी भी मंच सांझा करेंगी। केजरीवाल को जमानत मिलने के सवाल पर बाबरिया ने कहा कि मैं समझता हूं कि यह डिसिजन काफी लेट आया है।

यह महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि जिस तानाशाही से नेताओं को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है, उनको डराया-धमकाया जा रहा है।

### रोजगार कौशल निगम के विलय मामले में शिक्षा विभाग को नोटिस

**चंडीगढ़: पंजाब एवं हरियाणा** हाई कोर्ट ने हरियाणा कंप्यूटर लैब सहायक वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए शिक्षा विभाग को नोटिस जारी किया है। शिक्षा विभाग को 12 जुलाई तक हाई कोर्ट में जवाब दाखिल करना होगा। दरअसल, शिक्षा विभाग की ओर से अप्रैल माह में 4200 कंप्यूटर शिक्षक और लैब सहायकों का अनुबंध एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया। इनमें 2000 कंप्यूटर शिक्षक और 2200 लैब सहायक शामिल थे। वहीं कंप्यूटर शिक्षक और लैब सहायकों ने विद्यालय शिक्षा निदेशालय के हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अधीन करने के प्रस्ताव का विरोध जताते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट में दायर की गई याचिका में कंप्यूटर शिक्षक और लैब सहायकों ने विरोध जताते हुए तर्क दिया है कि एचकेआरएन के जरिये भर्ती नियमों के विरुद्ध है जबकि 30 जून 2022 के अनुबंध नियम पी-25 में कर्मचारियों को स्थानांतरित (पोर्ट) करने का कोई प्रावधान नहीं है। हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कंप्यूटर शिक्षक और लैब सहायक यथास्थिति के मुताबिक कार्यरत रहने का आदेश दिया था। अब हरियाणा कंप्यूटर लैब सहायक वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर हाई कोर्ट ने शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर 12 जुलाई तक जवाब मांगा है।

## आज पूरा देश पीएम मोदी के साथ है: निवर्तमान मेयर रेनू बाला



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। निवर्तमान मेयर** रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है और उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 सालों तक दिन रात देश की सेवा की है और भविष्य में भी करते रहेंगे। करनाल लोकसभा से मनोहर लाल को जिताने के लिए जनता ने मन बना लिया है और विधानसभा उप चुनाव में भी जनता नायब सिंह सैनी को भारी बहुमत से जिताएगी। शनिवार को एकता ई रिक्शा यूनियन करनाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभवित होकर भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दिया। ई-रिक्शा चालकों ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रहित को देखते हुए यह निर्णय लिया है और हमारा देश आगे बढ़े इसके लिए वे तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में पूरा साथ देंगे। वे चुनाव में पीएम मोदी की नीतियों का पूरा प्रचार प्रसार करेंगे और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी को भारी मतों से जीत दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय ई-रिक्शा चालकों ने खुद की मर्जी से लिया है।

इस अवसर पर भाजपा कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहला लोकसभा का चुनाव है, जब देश ही नहीं, पूरे विश्व ने यह मान लिया है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। जनता कह रही है, मोदी की गारंटी ने देश के विश्वास को जितने का काम किया है। पिछले 10 वर्षों में देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाया गया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था थी, ब्रिटेन और फ्रांस को पीछे छोड़ भारत आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर तेजी से अग्रसर है। इस अवसर पर ईश्वर प्रधान, महिला यूनियन प्रधान नीलम, काली, बबली, सुशील कोषाध्यक्ष, विकास, राजन, सन्नी, संजय, ऋषि, नीरज सहित अन्य मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनावों को लेकर जिला पुलिस अलर्ट मोड पर



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। पुलिस अधीक्षक** दीपक सहारन के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है, जिसके तहत ही जिला पुलिस द्वारा जिला में अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी करके वाहनों की चैकिंग की जा रही है और दौराने चैकिंग पुलिस की टीमों द्वारा करीब 20 लाख से ज्यादा का कैश पकड़ा गया है। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस द्वारा सीलिंग प्लान के तहत नाके लगाए गए हैं, जिनसे गुजरने वाले सभी वाहनों की चैकिंग की जा रही है। आज प्रबंधक थाना इन्द्री की टीम द्वारा एसएसटी की टीम के साथ मिलकर थाना क्षेत्र में खानपुर नाके व भादसौं नाके पर वाहनों की चैकिंग की गई। खानपुर चौक पर एक गाड़ी से 3 लाख रुपए व भादसौं नाके पर एक गाड़ी से 11 लाख रुपए पकडे गए। थाना असंध क्षेत्र में लगाए गए गंगाटेहडी नाके पर वाहन चैकिंग के दौरान 3 लाख रुपए पकड़े गए थे। इसके अलावा थाना मधुबन क्षेत्र में लगाए गए नाकों पर मंगलौरा नाका पर एक गाड़ी से एक लाख 6 हजार 500 रुपए व बसताड़ा टोल पर लगे नाका पर चैकिंग के दौरान एक लाख 92 हजार 860 रुपए पकड़े गए।

## परशुराम जन्मोत्सव व अक्षय तृतीया पर किया हवन यज्ञ



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

**भगवान परशुराम जन्मोत्सव** व अक्षय तृतीया पर आज वार्ड नंबर 3 की परशुराम कॉलोनी में स्थित परशुराम मंदिर में हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। परशुराम मंदिर के पुजारी अरुण पांडे ने हवन करा कर सर्व समाज की मंगल कामना की जिसमें सभी कॉलोनी वासियों ने यज्ञ में अपनी आहुति डाली यज्ञ के मुख्य यजमान शेर सिंह राणा व उनकी धर्मपत्नी रहे, मंच का संचालन महामंत्री युधिष्ठिर शर्मा ने किया, इस अवसर पर नवयुवक ब्राह्मण सभा के प्रधान जे पी शर्मा व वरिष्ठ उप प्रधान विजय शर्मा ने इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पानीपत ग्रामीण हलके के व भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय जैन का पटका एवं पगड़ी पहनाकर व कॉलोनी वासियों ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय जैन ने कहा कि भगवान परशुराम 36 बिरादरी के आराध्य हैं और भगवान परशुराम जी ने हमेशा सर्व समाज को आपस में एक जुट होकर चलना सिखाया है मंदिर के प्रधान बनारसी शर्मा व उप प्रधान फौजी नारायण दत्त शर्मा ने आये हुए मुख्य अतिथि विजय जैन निवर्तमान वार्ड नंबर 5 के पार्षद डॉक्टर अनिल बजाज, वार्ड नंबर 3 की पार्षद अंजली शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, हवन यज्ञ के उपरांत एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भाई बहनों ने प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर गाडु लाल गद्दी के महंत वेद प्रकाश गोस्वामी, हनुमत धाम पीठाधीश श्री श्री 1008 ब्रह्मऋषि महन्त श्री नाथ ने आये हुए सभी भक्तों को अपना आशीर्वाद दिया, इस अवसर पर वेद शर्मा, डॉ हरिकिशन गौतम, आर सी शर्मा, डॉ सुरेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, लालजी गोस्वामी, रोहित गोतम, शिव शर्मा, मास्टर मोहनलाल शर्मा, महावीर गोयल, अजय शर्मा, पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा, पूर्व सरपंच जयसिंह सैनी, पूर्व मैंबर अशोक शर्मा, जवाहर लाल शर्मा, भले राम शर्मा, कपिल शर्मा, करण शर्मा, अंकित शर्मा, रामलाल भाटिया, सतीश शर्मा, जयकुमार जांगड़ा, मनोज शर्मा, नीरज पांचाल, तेजपाल, राजेश ठेकेदार, डॉ सतबीर खर्ब, रघुबीर दिवाकर, लीलाराम पांचाल, सुरेश शर्मा, बलदेव अरोड़ा हनुमान, मोना शर्मा, शिवानी, सीमा, गीता, दुर्गा व अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**संस्कृति**

**वार्ड नंबर 5 के पार्षद डॉक्टर अनिल, वार्ड नंबर 3 की पार्षद अंजली को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया**

## गुर्जर समाज को किसी भी राजनीतिक दल ने नही दिया सम्मान



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

**ऊझा रोड स्थित** गुर्जर भवन में पानीपत व करनाल जिले के गुर्जर समाज के गणमान्य लोगों की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता गुर्जर सभा के प्रधान कर्णसिंह पसीना ने की। इस दौरान मौजूदा लोकसभा चुनाव को लेकर समाज के लोगों ने चर्चा की और विचार-विमर्श कर रणनीति तैयार करते हुए कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों ने गुर्जर समाज की अनदेखी की है। देश में गुर्जर समाज का इतनी बडी जनसंख्या होने के बावजूद भी किसी भी राजनीतिक दल ने गुर्जर समाज के व्यक्ति को कैबिनेट मंत्री, राज्यपाल व किसी भी प्रदेश का मुख्यमंत्री भारत देश के अंदर गुर्जर समाज का कोई भी व्यक्ति नही बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ये गुर्जर समाज का दुर्भाग्य है, अब लोकसभा चुनाव पूरे देश में चल रहा है, अब गुर्जर समाज के हर व्यक्ति को सोच समझ कर निर्णय लेना होगा। अब तक हरियाणा प्रदेश में किसी भी दल की सरकार ने गुर्जर के रिटायर आईएएस व एचसीएस को दोबारा नियुक्ति नही दी है, जबकि अन्य समाज के लोगों को नियुक्त कर गुर्जर समाज की सरेआम अनदेखी की जा रही है, जोकि गुर्जर समाज के साथ अन्याय है। प्रधान कर्ण सिंह पसीना ने कहा कि गुर्जर समाज का हरियाणा प्रदेश के 670 गांवों में प्रभाव है और करीब 17 विधानसभा सीटों पर गुर्जर समाज निर्णायक की भूमिका निभाता है। फिर भी 1966 से 2024 तक किसी भी राजनीतिक पार्टी ने अनुपात के हिसाब से उन्हे हक नहीं दिया है। पसीना ने कहा कि आज तक गुर्जर समाज को किसी भी पार्टी ने मान-सम्मान नही दिया है, जिस कारण गुर्जर समाज अपने सम्मान के लिए हक की लड़ाई लड रहा है। उन्होंने बिना किसी पार्टी का नाम लिए कहा कि गुर्जर समाज उस पार्टी को समर्थन करेगा जो पार्टी गुर्जर समाज का मान सम्मान करेगी। इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों से बच्चों को शिक्षित करने की अपील करते हुए कहा कि जल्द ही गुर्जर भवन की ओर से गुर्जर समाज की पत्रिका निकाली जाएगी, जिसमें समाज का कोई भी व्यक्ति अपना संदेश पंहुचा सकता है। पसीना ने कहा कि गुर्जर समाज लोकसभा चुनाव में एकता का संदेश देगा और अपनी ताकत को दिखाएगा, ताकि नेताओं को गुर्जर समाज की अहमितय का पता चल सकें और भविष्य में कोई पार्टी गुर्जर समाज की अनदेखी ना कर सकें। इस मौके पर पूर्व सरपंच रतन सिंह रावल, राजकुमार छौक्कर, पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र जलमाना, जयपाल छौक्कर, चूहडसिंह रावल, अधिवक्ता सतीश रावल, सुभाष रावल, मा. ब्रह्मपाल रावल, मोनू रावल, इलमसिंह आदि अनेक मौजूद थें।

## अपोलो में किया गया विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह)



अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याणा में गत वीरवार को विश्व मातृत्व दिवस बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाया गया इस अवसर पर कक्षा छठी के छात्र-छात्राओं ने विशेष सभा का आयोजन कर छात्र ज्योत्सना द्वारा खूबसूरत मंच संचालन करते हुए मां के महत्व को बताया विद्यालय के जुनियर विंग के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहन नृत्य द्वारा मां को ईश्वर का दर्जा दिया। छात्रों अनन्या, मानवी, एकजोत, अमरजोत के द्वारा मां की महिमा को बताते हुए हृदय स्पर्शी नाटक का मंचन किया गया। इस मौके पर कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने पाककला में अपना कौशल दिखाते हुए कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाए और सभी अध्यापकों और कर्मचारियों ने व्यंजनों का स्वाद चखा। मदर्स डे के इस मौके पर विद्यालय में अलग-अलग वर्गों के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं पोस्टर मेकिंग, वॉल हैंगिंग, कुकिंग विदाउट फ्लेम, कविता वचन और अनुच्छेद लेखन का आयोजन किया गया।

# देश के लिए सीएम के 100 पद कुर्बान: केजरीवाल

## वह 50 दिन बाद जेल से लौटे क्योंकि उनपर बजरंगबली की कृपा थी, मुझे दिल्ली और देश की राजनीति में परिवर्तन लाने के लिए भेजा है: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने जेल से निकलने के बाद प्रेस को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह 50 दिन बाद जेल से लौटे क्योंकि उनपर बजरंगबली की कृपा थी। उन्होंने मुझे दिल्ली और देश की राजनीति में परिवर्तन लाने के लिए भेजा है। मैं ऐसे ही बाहर नहीं आया हूं। सीएम केजरीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कई लोगों का सवाल है कि आखिर सीएम केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा क्यों दिया? सबसे ज्यादा बीजेपी वाले यह सवाल उठा रहे थे, लेकिन आज मैं आपको इसके पीछे की सच्चाई बताता हूं कि मैंने क्यों सीएम पद से इस्तीफा नहीं दिया। उन्होंने बताया कि बीते 75 साल में भारत में जितने राज्यों में चुनाव हुआ, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि दिल्ली जितनी ऐतिहासिक जीत किसी पार्टी को मिली हो।

**इन्हें पता है कि केजरीवाल को नहीं हरा सकते: केजरीवाल**

उन्होंने कहा कि दिल्ली में ऐतिहासिक अंतर से आप की सरकार की बनी। इतनी भारी बहुमत जीतने के बाद वह जानते थे कि केजरीवाल यहां से चुनाव नहीं हार सकता। इसलिए उन्होंने साजिश रची कि झूठे केस में उन्हें फंसा दो, वह खुद-ब-खुद जेल चला जाएगा और उसे इस्तीफा देना पड़ेगा। फिर उसकी सरकार चली जाएगी।

**मैंने ठाना था जेल से जनतंत्र चलाकर दिखाऊंगा: केजरीवाल**

उन्होंने कहा कि मैंने ठान लिया था कि मैं जनतंत्र जेल से चलाकर दिखाऊंगा, सरकार जेल से चलाकर दिखाऊंगा। इसलिए आज अगर मैं जेल से इस्तीफा नहीं दे रहा हूं तो इसका एक कारण है कि मैं तानाशाह से लड़ रहा हूं, क्योंकि अगर कल इनकी सरकार बनी तो ये अन्य राज्यों के सीएम को झूठी केस में फंसाकर जेल में डाल देंगे और उनकी सरकार गिरा देंगे। मैं इनकी यह मंशा पूरी नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे पद का लालच नहीं हैं। जब पहली बार सीएम बनाया तो मैंने 49 दिन में खुद पद छोड़ दिया था। ऐसे सीएम का पद हजार कुबार्ना। लेकिन आज मैं इसलिए सीएम पद से इस्तीफा नहीं दे रहा क्योंकि मुझे राजनीतिक षडयंत्र रचकर जेल में भेजा है।





**लालच नहीं**

मैंने ठान लिया था कि मैं जनतंत्र जेल से चलाकर दिखाऊंगा, सरकार जेल से चलाकर दिखाऊंगा

### 4 जून को मोदी नहीं इंडी गठबंधन की बनेगी सरकार: केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अंतरिम जमानत पर बाहर आने के बाद शनिवार को आप कार्यालय में प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव प्रचार की शुरूआत कर दी। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने यहां तक बोला कि अगले साल सितंबर में पीएम मोदी 75 साल के हो जाएंगे और उनके नियम के मुताबिक वह रिटायर हो जाएंगे, क्योंकि उन्होंने पहले भी कई ऐसे नेताओं को रिटायर किया था। आइए पढ़ते हैं उनके भाषण की प्रमुख बातें: किसी को उम्मीद नहीं थी कि चुनाव के बीच में बाहर आ पाऊंगा, लेकिन आप लोगों की दुआओं और ऊपर वाले के आशीर्वाद से आज मैं आप सबके बीच में हूं। आम आदमी पार्टी जैसी एक छोटी सी पार्टी को कुचलने में प्रधानमंत्री जी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। एक साथ हमारे 4 टॉप लीडर को जेल में डाल दिया, उनको लगा था कि पार्टी खत्म हो जाएगी, लेकिन आआर्फ एक पार्टी नहीं, एक सोच है, जितना ये खत्म करेंगे, उतनी ही हमारी पार्टी आगे बढ़ेगी। नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे बड़े चोर, उच्चकों और डकैतों को अपनी पार्टी में इकट्ठा किया है और कहते हैं कि मैं भ्रष्टाचार से लड़ रहा हूं। प्रधानमंत्री जी, अगर आपको भ्रष्टाचार से लड़ना सीखना है तो अरविंद केजरीवाल से सीखो। भ्रष्टाचार के खिलाफ केजरीवाल ने लड़ाई लड़ी है। हमने भ्रष्टाचार के मामले में अपने मंत्रियों को भी नहीं छोड़ा है।

## तिहाड़ से बाहर आते ही एक्शन में सीएम केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद हरकत में आ गए हैं। शनिवार सुबह उन्होंने पहले कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर गए, फिर दोपहर को उन्होंने पार्टी कार्यालय में प्रेस को संबोधित किया। इसमें उन्होंने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। इसमें उन्होंने कई दावे भी किए, जिसमें अगले दो महीने में यूपी को सीएम पद से हटाने का बयान प्रमुख है। इसी बीच, सीएम केजरीवाल ने अपने सभी विधायकों की बैठक बुलाई है। यह बैठक सीएम आवास पर रविवार सुबह होगी। इसमें आप के सभी विधायकों को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। माना जा रहा है कि सीएम केजरीवाल अपने सभी विधायकों के साथ चुनाव सहित सरकार की विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा कर सकते हैं।

बता दें, केजरीवाल के जेल में होने के कारण कई सरकार के कई काम रूके हुए थे और कई फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं हो पा रहे थे। हालांकि वह बहुत जरूरी होने पर ही फाइलों पर साइन कर पाएंगे।

**भ्रष्टाचार के मुद्दों पर पीएम मोदी पर हमला:** बता दें, केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के मुद्दों पर पीएम मोदी को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे बड़े चोर, उच्चकों और डकैतों को अपनी पार्टी में इकट्ठा किया है और कहते हैं कि मैं भ्रष्टाचार से लड़ रहा हूं। मोदी जी, अगर आपको भ्रष्टाचार से लड़ना सीखना है तो अरविंद केजरीवाल से सीखो। भ्रष्टाचार के खिलाफ केजरीवाल ने लड़ाई लड़ी है। हमने भ्रष्टाचार के मामले में अपने मंत्रियों को भी नहीं छोड़ा है। विपक्ष और मीडिया को ना मालूम होते हुए भी उन्हें जेल भेज दिया।

**बैठक**

सीएम केजरीवाल ने अपने सभी विधायकों की बैठक बुलाई है। यह बैठक सीएम आवास पर रविवार सुबह होगी

## भाजपा के संविधान में उम्र को लेकर कोई व्यवस्था नहीं: जेपी नड्डा

**विपक्ष को जवाब**

भाजपा के संविधान में कहीं भी उम्र को लेकर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है: नड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिटायरमेंट को लेकर अरविंद केजरीवाल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के संविधान में कहीं भी उम्र को लेकर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में उनके रिटायरमेंट का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष किसी मुगालते में न रहे। मोदी हमारे नेता हैं और आगे भी हमारा नेतृत्व करते रहेंगे।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट में कहा कि केजरीवाल और पूरा इंडी गठबंधन चुनाव में विफलता का अहसास कर बौखला गये हैं। देश को भटकाना और भ्रमित करना ही इनका उद्देश्य है। पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण हर तरफ मोदी को जनता का प्रचंड आशीर्वाद मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के सामने न तो इनके पास कोई नीति है न ही कोई कार्यक्रम है। अब प्रधानमंत्री मोदी की उम्र का बहाना लेकर रास्ता ढूंढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संविधान में कहीं भी उम्र को लेकर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। जनता जानती है मोदी का कण-कण और क्षण-क्षण भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है।

## इंडियन मुजाहिदीन के सह-संस्थापक को दी जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन के सह-संस्थापक अब्दुल सुभान कुरेशी को एक आतंकी मामले में जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने उसके कारावास की अवधि पर विचार करते हुए निर्देश दिया कि जमानत के नियम और शर्तें ट्रायल कोर्ट द्वारा तय की जाएंगी। कुरेशी की कारावास की अवधि लगभग पांच साल थी। पीठ ने कहा कि अगर ट्रायल कोर्ट द्वारा लगाई गई किसी भी शर्त का उल्लंघन होता है या अपीलकर्ता प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी गवाह को धमकाने या प्रभावित करने का प्रयास करता है, या मुकदमे में देरी करने का प्रयास करता है, तो अभियोजन पक्ष उसकी जमानत रद्द करने की मांग कर सकता है। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के दिसंबर 2023 के आदेश को चुनौती देने वाली कुरैशी की अपील को स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया। ट्रायल कोर्ट ने कुरेशी की गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में जमानत की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी थी। कुरेशी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत प्रकाश ने अदालत से आरोपित को लंबे समय तक विचाराधीन हिरासत के आधार पर जमानत देने का अनुरोध किया और कहा कि वह मुकदमे की प्रतीक्षा में लगभग पांच साल से हिरासत में है, जो अपराध के लिए निर्धारित सजा की अवधि का आधा हिस्सा है। अधिवक्ता ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ आइपीसी की धारा 153ए (वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 153बी (अपराध के लिए सजा), 120बी (आपराधिक साजिश) और यूएपीए की धारा 10 (प्रतिबंधित संघ का सदस्य होने के लिए जुमार्ना) और 13 (गैरकानूनी गतिविधियों के लिए सजा) के तहत आरोप पहले ही तय किए जा चुके हैं।

## सीएम ने खुद माना तीसरी बार सरकार बनाने जा रही भाजपा: बीजेपी

**चुटकी ली**

केजरीवाल ने चाहे-अनचाहे यह मान लिया है कि मोदी सत्ता में वापसी कर रहे हैं: बीजेपी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तिहाड़ जेल से बाहर निकलने के बाद शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी दफ्तर में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। सीएम केजरीवाल के हमलों का जवाब देते हुए भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का दावा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि अमित शाह सफल हों, इस तरह से केजरीवाल स्वीकार कर रहे हैं कि भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने चाहे-अनचाहे यह मान लिया है कि मोदी सत्ता में वापसी कर रहे हैं।

**भाजपा का प्रधानमंत्री उम्मीदवार कौन है- केजरीवाल**

दरअसल, सीएम केजरीवाल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भाजपा इंडिया गठबंधन से पूछती है, आपका प्रधानमंत्री कौन होगा। मैं भाजपा से पूछता हूं कि आपका प्रधानमंत्री कौन है। क्योंकि मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। भाजपा के अंदर मोदी जी से खुद नियम बनाया था कि जो 75 वर्ष का होगा उसे रिटायर कर दिया जाएगा। अब मोदी जी अगले साल 2025 को रिटायर होने वाले हैं। दोस्तों अगले वर्ष अगर इनकी सरकार बनी तो पहले अगले दो महीने में योगी जी को निपटाएंगे ये, इसके बाद ये सीधे पीएम मोदी के करीबी अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाएंगे।

## डॉक्टर की दिनदहाड़े गला घोंटकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बदमाशों ने दक्षिणी पूर्वी दिल्ली के जंगपुरा एक्सटेंशन स्थित एक डॉक्टर की दिनदहाड़े घर में घुसकर हत्या कर दी। बदमाशों ने डाक्टर के हाथ बांधकर बेल्ट से उनका गला घोंट दिया। वारदात के बाद आरोपित घर से लाखों रुपए के आभूषण, नकदी सहित अन्य सामान लूट कर फरार हो गए। इसको लेकर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। दक्षिणी पूर्वी दिल्ली के जंगपुरा एक्सटेंशन स्थित सी ब्लाक में डाक्टर योगेश चंद्र पाल अपनी पत्नी डाक्टर नीना पाल के साथ रहते है। सुबह दस बजे वह बीरबल रोड स्थित अपने क्लीनिक पर चले गए थे। वह बच्चों के डाक्टर हैं।

**दोपहर खाना खाने आए थे डॉक्टर:** दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर वह अपने घर पर खाना खाने के लिए आए थे। जैसे ही डाक्टर घर में घुसे तो दो मिनट बाद ही चार बदमाश भी घर में घुस गए और उनकी गला दबाकर हत्या कर दी। एक बदमाश ने पीछे से हाथ बांधे और दूसरे ने मुंह दबा दिया। तीसरे ने उनका बेल्ट से गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद बदमाशों ने घर के दूसरे कमरे में रखी लाखों की नकदी, जेवर, इलेक्ट्रोनिक सामान लूटकर फरार हो गए। वहीं, पुलिस का मानना है कि लूट के इरादे से हत्या की गई है। वहां से काफी सामान गायब है और स्वजन से बात करने के बाद ही पता चल सकेगा कि क्या-क्या चोरी किया गया है।

**पत्नी जब घर पहुंची तो फर्स पर चादर में लिपटा पड़ा था डाक्टर शव:** डाक्टर की पत्नी डाक्टर नीना पाल दिल्ली सरकार में डाक्टर है। वह सुबह के समय ड्यूटी पर चली जाती है और शाम छह बजे घर आती है। जब वह शाम छह बजे के करीब घर आई तो उनके पति जमीन लेटे थे और उनके ऊपर चादर पड़ी थी। उन्होंने इस हालत में देखा तो वह हैरान रह गई और चादर हटाकर देखी तो वह मृत पड़े थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।




**जांच जारी**

डाक्टर के हाथ बांधकर बेल्ट से उनका गला घोंट दिया। आरोपित घर सामान लूट कर फरार हो गए

## हाईकोर्ट ने धीरज की याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) वित्त मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने चिकित्सा आधार पर जमानत की मांग करने वाली प्रमोटर धीरज वधावन की याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी कर दिया है। इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने सीबीआई को 11 मई के बाद उन्हे गिफ्तार करने का आदेश दिया है। वहीं 24 जनवरी को पारित सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, उन्हें सीबीआई कोर्ट में पेश करने का भी आदेश दिया था।

## अभिनेता गुरुचरण सिंह के लापता होने का रहस्य बरकरार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अभिनेता गुरुचरण सिंह के लापता होने का रहस्य बरकरार है। पुलिस को जांच के दौरान उनके 27 मेल और 10 बैंक खातों के इस्तेमाल करने की बात सामने आई है। जांच में यह बात भी सामने आई है कि किसी की निगरानी करने के डर से वह 27 अलग-अलग ईमेल का इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 22 अप्रैल की शाम को अभिनेता गुरुचरण सिंह को दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरनी थी। वह घर से भी निकले लेकिन वह मुंबई नहीं पहुंचे। तीन दिन बाद परिवार वालों ने पालम थाने में उनकी गुमशुदगी की शिकायत की। पुलिस ने घर के आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो पता चला कि वह मुंबई जाने के बजाय पालम इलाके में ही पैदल घूमते हुए देखे गए। उसके बाद पालम थाना पुलिस ने 26 अप्रैल को अपहरण का मामला दर्ज कर लिया। जांच के दौरान पुलिस ने मोबाइल से उनके लोकेशन की जांच की। जांच में पता चला कि 22 अप्रैल की रात 9.22 बजे उनका फोन बंद हो गया। वह दो फोन रखते थे, लेकिन उन्होंने एक फोन घर पर ही छोड़ दिया था। आखिरी बार उन्होंने अपने एक दोस्त से फोन पर बात की थी, जो उन्हें मुंबई हवाई अड्डा पर लेने के लिए आने वाला था। सीसीटीवी जांच में अभिनेता की अंतिम लोकेशन डाबड़ी इलाके में देखी गई है। बैंक खातों की जांच में पता चला है कि उन्होंने अंतिम बार 14 हजार रुपये निकाले हैं। बैंक खातों की जांच से उनकी आर्थिक ठीक नहीं होने की बात सामने आई है। उन्होंने कई लोन लिए थे, जिसका बकाया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल की टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं।





# उम्मीदवार चुनावी खर्च का रजिस्टर करें मैंटेन : व्यय पर्यवेक्षक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। करनाल लोकसभा** क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी आरवी प्रदमेश ने शनिवार को लघु सचिवालय के सभागार में चुनाव लडे वाले प्रत्याशियों व उनके चुनाव एजेंटों की एक बैठक ली और चुनावी खर्चे को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस ऑब्जर्वर आईपीएस अधिकारी कुसुम पुनिया भी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि सभी उम्मीदवार आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव करवाने के लिए दृढ़ संकल्प है। व्यय पर्यवेक्षक ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा प्रत्याशी के लिए चुनाव खर्च की सीमा 95 लाख रुपए तथा विधानसभा प्रत्याशी के लिए 40 लाख रुपए की राशि निर्धारित गई है। सभी उम्मीदवारों को आयोग द्वारा निर्धारित की गई व्यय सीमा के अनुसार ही अपना चुनावी खर्च करना होगा। इससे अधिक खर्च होना आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार का चुनाव के लिए नामांकन से पूर्व खुलवाए गए अलग बैंक खाते से ही चुनावी खर्च के लिए आय और व्यय होगा। उम्मीदवार एक वेंडर को 10 हजार रुपए तक ही कैश में भुगतान कर सकते हैं। इससे ज्यादा खर्च का भुगतान बैंक खाते से चैक या ऑनलाइन ट्रांजेक्शन द्वारा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों का नामांकन पत्र दाखिल करने से ही चुनावी खर्च शुरू हो गया है और इस चुनावी खर्च का आंकलन आगामी 4 जून मतगणना के दिन तक किया जाएगा। उम्मीदवारों को कुल खर्च का विवरण मतगणना के 30 दिन बाद एक्सपेंडिचर टीम के पास जमा करवाना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि चुनावी गतिविधियों पर होने वाले खर्च का प्रत्येक दिन का रिकॉर्ड मैंटेन करना होगा। खर्च रिकॉर्ड रजिस्टर का आगामी 13,18 व 22 मई को निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव खर्च का मूल रजिस्टर उम्मीदवार अपने पास रखेगा तथा उसका शैडो रजिस्टर एईओ टीम के पास रहेगा। ये शैडो रजिस्टर टीमें अपने क्षेत्र के एआरओ ऑफिस से प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि आयोग ने चुनाव में लगाए जाने वाले वाहन, जनसभा मंच, जलपान, लाऊडस्पीकर, बैनर, होर्डिंग, कुर्सी, टेंट आदि की दरें निश्चित की हुई हैं। इन्हीं दरों के अनुसार चुनाव का खर्च शैडो रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा।

# कलयुग में हारे का सहारा बन भक्तों का उद्धार कर रहे खाटू श्याम: प्रमोद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। श्री श्याम बालाजी** दर्शन सेवा समिति द्वारा हर महीने बस यात्रा शुरू कर श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा करवाई जा रही है। शनिवार को इस बार बस यात्रा अग्रोहा धाम, सालासर बालाजी, लक्ष्मी माता मंदिर, श्री खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुई है। करनाल के मुगल कैनाल स्थित खेड़ा चौक से श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति के प्रधान प्रमोद मंगला, उपप्रधान विकास गर्ग व समिति के सदस्यों द्वारा विधि-विधान से नारियल फोडकर यात्रा का शुभारंभ किया गया। समिति के प्रधान प्रमोद मंगला ने बस को झंडी देकर रवाना किया। प्रमोद मंगला ने कहा कि श्याम बाबा हारे का सहारा है। श्री श्याम बाबा कलयुग में भक्तों का उद्धार कर रहे है। जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से खाटू धाम के दर्शन करने के लिए जाता है। श्री बाबा श्याम उनकी हर मुरादें पूरी करते हैं। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि ईश्वर ने हमें मनुष्य के रूप में सुंदर जीवन दिया है। हमें अपने व्यस्त समय में से कुछ समय भगवान की पूजा अर्चना करने के लिए निकालना चाहिए। समिति के उपप्रधान विकास गर्ग ने कहा कि श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा हर माह बस यात्रा शुरू की जाती हैं। बस यात्रा दो दिन के लिए जा रही है।

इस दौरान श्रद्धालुओं के रहने व खाने पीने की पूरी व्यवस्था का ध्यान रखा जाता है। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में यात्रा में भाग लिया। श्री श्याम बाबा के जयघोष के साथ बस यात्रा शुरू हुई।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा चुनाव के संबंध में पुलिस लाइन में वर्कशॉप का आयोजन

**सोनीपत: चुनाव संबंधी ड्यूटियों** के लिए पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से आज पुलिस लाइन सोनीपत में किया गया एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। पुलिस कर्मचारियों को आगामी चुनाव ड्युटियों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। चुनाव संबंधित ड्युटियों से संबंधित इस वर्कशॉप में मधुबन व पीटीसी सुनारिया से आये मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिला सोनीपत में तैनात तकरीबन 150 पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस विशेष वर्कशॉप के दौरान मास्टर ट्रेनर डीडीए सुनीता कुमारी व उप-निरीक्षक राजेश ने चुनाव आयोग के निर्देशों के संबंध में पुलिस कर्मियों को अवगत कराया तथा आने वाले चुनाव में ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने चुनाव आयोग के निदेर्शों का पालन करते हुए शांति से चुनाव करवाने में पुलिस की भूमिका को अवगत कराते हुए अपनी ड्यूटी का निर्वहन सच्ची, निष्ठा, ईमानदारी से करने की हिदायत दी। वहीं आचार संहिता के दौरान पालना किए जाने वाले आवश्यक नियमों के बारे में भी पूर्ण जानकारी दी गई। इस वर्कशॉप के माध्यम से चुनाव ड्यूटी के दौरान आमजन से व्यवहार तथा पोलिंग पार्टी के साथ समन्वय स्थापित करके अच्छी व प्रभावी ढंग से ड्यूटी करने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर पीटीसी सुनारिया से निरीक्षक राकेश व लाइन अफसर, पुलिस लाइन सोनीपत भी मौजूद रहे।

### हरसाना स्टेशन के पास पेड़ पर फंदे से लटकर युवक ने दी जान

सोनीपत

**अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग** पर गांव हरसाना के पास पेड़ पर लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। जीआरपी थाना प्रभारी महावीर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव हरसाना के पास पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटका हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने वारदात स्थल से नमूने एकत्रित किए। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्र में लोगों से संपर्क किया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। शव को शिनाख्त के लिए शवगृह में रखवाया गया है। शिनाख्त के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### डीसीआरयूएसटी मुरथल में किया जाएगा दूसरी पायलट रिहर्सल का आयोजन

**सोनीपत। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर 25 मई को होने वाले मतदान के लिए ड्यूटी देने पोलिंग पार्टियों के लिए 13, 14 व 15 मई को दूसरी पायलट रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। पायलट रिहर्सल के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी कि आपको किस प्रकार मतदान प्रक्रिया के कार्य को पूरा करवाना है। उन्होंने बताया कि इस दौरान मतदान के दिन भारतीय निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पोलिंग पार्टियों द्वारा भरे जाने वाले सभी फार्मों के बारे में बताया जाएगा कि यह फार्म किस प्रकार भरने है। इसके अलावा सभी पीओ अधिकारियों को यह भी जानकारी दी जाएगी कि ईवीएम मशीन किस प्रकार कार्य करेंगी और आपको किन-किन बातों का ध्यान रखना है।

### पंफलेट या पोस्टर आदि पर प्रकाशक, प्रकाशन करवाने वाले का नाम होना जरूरी :उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 व करनाल विधानसभा उप चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री का प्रकाशन करने के लिए पोस्टर या पंफलेट पर प्रकाशक, प्रकाशन करवाने वाले का नाम तथा प्रतियों की संख्या छपी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन विभाग, हरियाणा निर्वाचन आयोग सहित जिला प्रशासन की ओर से चुनाव खर्च के विवरण पर पूरी निगरानी रखी जाएगी। इसलिए प्रिंटिंग प्रैस संचालक एनेक्सचर फॉर्म वन और बी भरकर यह स्पष्ट करेंगे कि प्रचार की सामग्री किस प्रैस से छपवाई गई है और इस सामग्री को छपवाने वाला कौन है।

# मां शब्द में होता है संपूर्ण सृष्टि का बोध: सुधीर जैन

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपत: ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) में छात्र-छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ मदर्स डे मना कर मां के प्रति स्नेह व सम्मान को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने नाटक, कविता व गीतों के माध्यम से मां के त्याग एवं उनकी ममता को नमन किया। बच्चों ने पेंटिग एवं पोस्टर के साथ ही आकर्षक रंगोली बनाकर मां के प्रति प्रेम को दशार्या। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी। सुधीर जैन ने कहा कि मदर्स डे समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का उत्सव है। इस दुनिया में मां से खूबसूरत शब्द और कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के बिना इस दुनिया में हमारा कुछ भी अस्तित्व नहीं है क्योंकि हम सभी को जन्म देने वाली मां ही होती है। उन्होंने कहा कि मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर माना गया है। मां हम सभी के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मां के बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है। मां और बच्चे के रिश्ते को दुनिया का सबसे खूबसूरत और अनमोल रिश्ता माना जाता है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि हमारे जीवन में मां का स्थान अतुलनीय व सर्वोपरि है। हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है । प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि मां ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है। वो हमारी उंगली पकड़कर हमें चलना सिखाती है। जीवन में हर प्रकार की बाधाओं को पार करने की प्रेरणा देती है। स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन प्यूमा हाउस की ओर से किया गया। रेखा जैन, किरण, सुविधा, सरिता आदि अध्यापिकाओं की देखरेख में विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

# करनाल में 7 लाख 78 हजार 302 मीट्रिक टन गेहूं की आवक : उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 7 लाख 78 हजार 302 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 7 लाख 78 हजार 302 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 3 लाख 3 हजार 830 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 97 हजार 923 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 67 हजार 785 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। व्यापरियों द्वारा 8 हजार 764 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि खेतों में फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं, बल्कि उनका समूचित प्रबंधन करें। आग लगाने से प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है और जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। साथ ही फसलों के मित्र कीट भी नष्ट होते है।

# गजेंद्र ने मनोहर लाल के लिए किया जनसंपर्क

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपत कमाल हुसैन** प्रधान मंत्रीनरेंद्र मोदी भारत को दुनिया का सिरमौर बनेगा ये मोदी की गारंटी है। आज भारत की बात पूरी दुनिया सुनती है। पहले भारत सुनता था। ये शब्द भाजपा लोकसभा चुनाव सह संयोजक गजेंद्र सलूजा ने पानीपत शहरी विधान सभा क्षेत्र के दक्षिण शहरी मंडल के बूथ नंबर 148 पर भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पक्ष में जोरदार डोर टू डोर अभियान चलाते हुए कहे गजेंद्र सलूजा ने कहा की लोगो का भारी समर्थन ये बताने के लिए पर्याप्त है की मनोहर लाल देश भर में जीत में नंबर एक पर रहेंगी गजेंद्र सलूजा ने कहा की हरियाणा की सभी दसों सीट भाजपा जीतेगी तथा करनाल विधान सभा उप चुनाव में मुख्य मंत्री नायाब सिंह सैनी भारी बहुमत से जीतेंगे उन्होंने की देश मोदी को चार सौ से अधिक सीटें देने का मन बना चुका है। उनके साथ मुख्य रूप से नीरज सिंगला तथा डा हेमा रमन मौजूद रहे।

# ग्राफिक्स यूनिवर्सिटी ने जीती नेशनल कोड-एक्स प्रतिस्पर्धा

## पाइट में स्टार्टअप सेल आर टीम हैकिंगली ने कराई प्रतियोगिता, देशभर की 278 टीमों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडि**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**



**युवाओं को कोडिंग** के लिए प्रेरित करने और आगे बढ़ाने के लिए यहां पाइट कॉलेज में नेशनल कोड-एक्स प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। टीम हैकिंगली और पाइट के स्टार्टअप सेल की ओर से कराए गए कोड-एक्स में देशभर की 278 टीमों ने भाग लिया। देहरादून की ग्राफिक्स इरा यूनिवर्सिटी ने पहला पुरस्कार जीता। टीमों ने 24 घंटे लगातार कोडिंग की। प्रतिस्पर्धा के शुभारंभ पर बार्कलेज के निदेशक डॉ.आनंद बांका मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आगे बढ़ने के लिए रिस्क लेने से घबराए मत। छात्र जीवन जितना ज्यादा प्रयोग करेंगे, उतना ज्यादा सफल होते जाएंगे। हैकिंगली से अवनीत श्रीवास्तव और तन्मय गोयल ने भी नवयुवकों को कोडिंग के बारे में बताया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि आइटी के क्षेत्र में इस समय भारत अग्रणीय भूमिका निभा रहा है। हमारे युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्हें अवसर मिलने चाहिए। एआइ के इस दौरान में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रतिस्पर्धा में देहरादून के बाद एंबियंस पब्लिक स्कूल दिल्ली की टीम द्वितीय और महर्षि मार्केंडेश्वर यूनिवर्सिटी मुलाना की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, डॉ.शक्ति अरोड़ा, डॉ.पूनम जागलान, डॉ.गौरव अग्रवाल भी मौजूद रहे। विक्टोरिया सीक्रेट, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विस, एरेक्सा एंड भारत एक्सआर, लांबदा टेस्ट, कॉएन वीकली की तरफ से जजमेंट की गई।

# मतगणना की तैयारियों को लेकर किया बिट्स मोहाना का दौरा

**टीम एक्शन इंडि**



**सोनीपत: सोनीपत लोकसभा** आम चुनाव के लिए मतगणना प्रक्रिया का आयोजन बिट्स मोहाना में किया जाएगा, जिसकी तैयारियों को जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने अधिकारियों के साथ मिलकर बिट्स मोहाना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बिट्स मोहाना में जिला की सभी छः विधानसभाओं की मतगणना के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम एवं मतगणना केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सबसे पहले बैल्ट पेपर की गिनती के लिए बनाए गए मतगणना केन्द्र में पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस हॉल में सुरक्षा को देखते हुए 06 कैमरे लगवाएं जाएं ताकि यहां की हर स्थिति पर नजर बनाई जा सके। इसके बाद उन्होंने मतगणना के लिए सभी विधानसभाओं के मतगणना केन्द्रों और स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर सभी स्टोंग रूम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत सभी स्ट्रोंग रूम के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों और बैरीकेटिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रोंग रूम में एंट्री केवल एक ही मार्ग से होनी चाहिए। सभी खिड़कियों एवं अनावश्यक दरवाजों को इंटों की दीवारों से बंद किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्ट्रॉन्ग रूम में मशीनों को रखने के लिए बूथ वाईज मार्किंग करवाएं ताकि मशीनों को यहां रखने में आसानी हो सके। इसके बाद उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी मतगणना केन्द्रों में बिजली की उचित व्यवस्था होनी चाहिए ताकि कैमरे 24 घण्टे चलते रहे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मतदान के बाद जब इन ईवीएम मशीनों को यहां रखा जाएगा तो यहां सभी पार्टियों के कैंडेंट के लिए बैठने के लिए टेन्ट की व्यवस्था करवाएं और डीआईओ उसमें एक एलसीडी लगवाएं।

# भाजपा को लगा झटका, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष ने थामा कांग्रेस का दामन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**



**वार्ड नंबर 7 से जिला पार्षद** जय सिंह मलिक अनायत भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा उपाध्यक्ष ने आज भारतीय जनता पार्टी को अलविदा कह दिया और राज्य सभा सांसद दिपेंद्र हुड्डा को हरियाणा का उज्जवल भविष्य बताते हुए तथा कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था रखते हुए भाई दीपेंद्र हुड्डा के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन किया । उन्होंने कहा कि भाई दिपेंद्र हुड्डा इकलौते नेता हैं जो सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करते। दिपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाई जय सिंह मलिक एक मेहनती और ईमानदार व्यक्तित्व के धनी हैं और मलिक साहब को कांग्रेस में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

# हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ने मोदी को बताया जुमलेबाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**



**कांग्रेस के राष्ट्रीय** महासचिव एवं हरियाणा प्रभारी दीपक बावरिया ने कांग्रेस पर अडानी अंबानी से चुनाव में काला धन लेने के पीएम मोदी के ब्यान पर पलटवार करते हुए कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि अडानी अंबानी से टैम्पो व जहाज में धन किसने लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जुमले बाज है। 15 लाख की तरह यह भी चुनावी जुमला है। भाजपा के 400 पार को भी जुमला बताते हुए दीपक बावरिया ने कहा कि भाजपा ने 400 तो उम्मीदवार भी खड़े नहीं किए। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी दीपक बावरिया शनिवार को दिल्ली से करनाल जाते समय समालखा के पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर द्वारा साई गार्डन में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के लिए रूके थे। इस मौके पर भरत सिंह छौक्कर के आमंत्रण पर आये हजारों समर्थकों ने कांग्रेस प्रभारी का स्वागत किया। यहां मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ने भाजपा के साथ साथ जेजेपी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जेजेपी नेताओं को भी भाजपा के साथ हाथ मिलाने का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जेजेपी ने भाजपा से मिलकर हरियाणा का भट्ठा बिठाया है प्रदेश में अराजकता फैलाने का काम किया है। इसलिए भाजपा ओर जजपा का जगह-जगह विरोध हो रहा है। भाजपा के साथ सेटिंग कर करनाल लोकसभा से मनोहर लाल के खिलाफ कमजोर प्रत्याशी उतारने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा कमजोर नहीं है वह कांग्रेस का होनहार युवा नेता हैं। पूर्व सीएम मनोहर लाल के खिलाफ दिव्यांशु बुद्धि राजा ने दमदार आंदोलन चलाया है। कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि केरला में पांच बार के सीएम अच्युतानंद को भी एक एनएसयुआई के कार्यकर्ता ने हराया था उसी तरह दिव्यांशु बुद्धि राजा भी भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को धूल चटायेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आप नेता अरविंद केजरीवाल की जमानत पर बोलते हुए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया ओर कहा कि देर से सही पर सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने तानाशाही पर लगाम लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी सत्तारूढ़ दल को यह अधिकार नहीं है कि वह चुनाव के समय विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दें। दीपक बावरिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने से इंडिया गठबंधन को मजबूती मिलेगी अब मिलकर चुनाव प्रचार होगा और देश के साथ साथ हरियाणा से भाजपा का सूपड़ा साफ होगा।

# दल व उम्मीदवार 'क्या करना है-क्या नहीं करना' की कड़ाई से करें अनुपालना: उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारत निर्वाचन** आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 व विधानसभा उपचुनाव लडे वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना (डूज एंड डोंट्स) के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों को अनुपालना करनी अनिवार्य है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों और चुनाव लडे वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थानों जैसे कि मैदान और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसके अलावा, शांतिपूर्ण और विवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए। स्थानीय पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह से सूचित किया जाना चाहिए और प्रस्तावित बैठक के समय व स्थान की आवश्यक अनुमति समय रहते सही तरीके से ली जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू हैं तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, प्रस्तावित बैठकों के लिए लाउडस्पीकर या ऐसी किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए और बैठकों में गड़बड़ी या अव्यवस्था पैदा करने वाले व्यक्तियों से निपटने में पुलिस सहायता प्राप्त की जानी चाहिए।

# शकूरबस्ती विधानसभा: जेपी अग्रवाल को मिल रहा भारी जनसमर्थन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: जैसे-जैसे** चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल की जीत सुनिश्चित होती जा रही है। इसी कड़ी में शकूरबस्ती विधानसभा में जेपी अग्रवाल की पदयात्रा निकाली गई जिसमे लोगों का व्यापक जन समर्थन मिला और लोगों ने उन्हें जीत का भरोसा दिलाया उससे अग्रवाल के विरोधियों के हौंसले पस्त नजर आ रहे हैं।

**इंडिया गठबंधन दिल्ली और देश को तानाशाह सरकार से दिलवाएगा आजादी:** लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक साथ मिलकर चुनाव के रूप में लड़ाई लड़ रहे हैं। यह चुनाव अब सिर्फ एक चुनाव ही नहीं बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी बन गया है। जिसे पूरी निष्ठा से निभाना है। अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इंडिया गठबंधन मिलकर दिल्ली और देश को तानाशाह सरकार से आजादी दिलवाएगा, उक्त बात चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल ने शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पदयात्रा के दौरान कहीं, उन्होंने लोगों से संपर्क कर चुनाव में वोट दे जिताने की अपील की।

**अग्रवाल ने गुरूद्वारे में माथा टेक शुरू की पदयात्रा:** अग्रवाल ने पश्चिम विहार ए -1 ब्लॉक में स्थित गुरुद्वारे में माथा टेक कर पदयात्रा प्रारंभ की। उन्होंने पश्चिम विहार ए -2, ए-3, ए-4, ए-5, और ए-6 ब्लॉक व ज्वालाहेड़ी गांव में पदयात्रा कर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान कई स्थानों पर स्थानीय रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आर डब्लयू ए) की ओर से अग्रवाल का स्वागत किया गया और चुनाव में पूर्ण सर्मथन दें भारी बहुमत से जिताने का भरोसा दिलाया गया।

**'दोनों पार्टी के सैंकड़ों नेता हुए शामिल:** पदयात्रा के दौरान अग्रवाल के साथ आम आदमी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अरुण गुप्ता, पार्षद प्रत्याशी शालू दुग्गल,कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी देवराज अरोड़ा, चमन लाल शर्मा, दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष आभा चौधरी, पूर्व पार्षद रोशन लाल आहूजा, ब्लॉक अध्यक्ष गौरी शंकर शर्मा,कुलजीत सिंह डेलीगेट त्रिलोक सिंह, इंद्र गुलाटी, दुष्यंत यादव, यशपाल पांचाल, अनिल जैन सहित आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता समाजसेवी मौजूद थे।

पदयात्रा के दौरान लोग मोदी सरकार की तानाशाही पूर्ण नीतियों, बेहिसाब महंगाई व बेरोजगारी को लेकर काफी नाराज दिखे। लोगों ने इस बार चुनाव में तानाशाही सरकार को हराने के संकल्प के साथ जयप्रकाश अग्रवाल को जिताने का भरोसा दिया।

# आरके इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने स्केटिंग प्रतियोगिता में किया उम्दा प्रदर्शन








**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी उत्तरी** दिल्ली के नरेला में सफियाबाद रोड स्थित आर के इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने न्यू फ्लाइंग स्केटिंग अकैडमी के द्वारा राजीव गांधी स्टेडियम सोनीपत में आयोजित शॉर्ट ट्रैक रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में स्कूल के आठ छात्रों ने मयंक रजत पदक, अरमान स्वर्ण पदक, लक्ष्य रजत पदक, प्रियांशु स्वर्ण पदक, अर्चित रजत पदक, परम कांस्य पदक, निखिल कांस्य पदक, आरव तेल्हान रजत पदक जीतकर आरके इंटरनेशनल स्कूल को गौरवान्वित किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन ने खुशी जाहिर की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर आरके इंटरनेशनल स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने सभी छात्रों को बधाई दी और कहा कि हमारे सभी युवा चैंपियनों को बहुत-बहुत बधाई आरके इंटरनेशनल स्कूल परिवार को आपकी उपलब्धियां पर गर्व है और हम आपके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। स्कूल प्रधानाचार्या निधि नेहरा ने कहा कि सभी स्केटर्स को बधाई आपने अपनी उपलब्धि से हम सभी को गौरवान्वित किया है। हम आपकी दृढ़ता और उत्साह की सराहना करते हैं और आशा करते हैं कि वह भविष्य में अपने जैसे कई युवाओं को प्रेरित करेगी। इस मौके पर स्कूल डायरेक्टर नरेंद्र शर्मा, डायरेक्टर आकाश शर्मा व ऐश्वर्या, मैनेजमेंट रिप्रेजेंटेटिव शिल्पी शर्मा ने भी सभी स्केटर्स को बधाई दी।

# ठगी के मामले में दो लोग गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राष्ट्रपति के कोटे** से राज्य सभा भेजने का झांसा देकर एक बुजुर्ग से दो करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी शिनाख्त सेक्टर-36, नोएडा निवासी नवीन कुमार सिंह (43) और नागौर, राजस्थान निवासी नानक दास (48) के तौर पर की गई है। आरोप है कि इन लोगों ने उत्तर पश्चिमी जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र में रहने वाले 63 साल के नरेंद्र सिंह से खुद को राष्ट्रपति भवन का अधिकारी बताया था। दक्षिण पश्चिमी जिले के डीसीपी रोहित मीणा ने शनिवार को बताया कि नरेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ किशनगढ़ में रहते हैं। पिछले 25 अप्रैल को फोन कर पीड़ित ने शिकायत की थी कि उनके साथ करीब दो करोड़ रुपये की ठगी की गई है। आरोपितों ने उन्हें राष्ट्रपति के कोटे से राज्य सभा भेजने का आश्वासन दिया था। भरोसे में लेने के लिए आरोपितों ने उन्हें दस्तावेज भी मुहैया करवाए थे, जो बाद में फर्जी निकले। पीड़ित ने अपनी शिकायत में कहा था कि आरोपित नवीन कुमार मूलरूप से समस्तीपुर, बिहार का रहने वाला है। वह नानक दास के माध्यम से उनसे मिला था। नवीन ने खुद को राष्ट्रपति का प्रोटोकाल अधिकारी बताया था। आरोपितों ने उन्हें आश्वासन दिया था कि राज्य सभा का सदस्य बनवाएंगे। इसके बदले नवीन ने करीब 1.25 करोड़ रुपये बैंक खाते जमा करवाए थे। नानक दास ने करीब 75 लाख रुपये लिये थे। उनकी शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# चंदोलिया के समर्थन में जनरल वीके सिंह व अर्जुन मेघवाल ने सभा को किया संबोधित










**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: उत्तरी पश्चिमी** लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया के समर्थन में अनुरोध सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तरी पश्चिमी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले रोहिणी सेक्टर-17 स्थित रामलीला मैदान में किया गया। जनरल वीके सिंह व अर्जुन मेघवाल ने सभा को किया संबोधितः इस दौरान उत्तरी पश्चिमी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के हजारों की तादात में पुरूष कार्यकर्ता व पदाधिकारी सहित महिला पदाधिकारी व क्षेत्र के हजारों लोगों का हूजूम केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल गडकरी को सुनने के लिए उमड़ा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने योगेंद्र चंदोलिया के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत हेतु अपनी उपस्थित सुनिश्चित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करने का संकल्प लें।

**मेघवाल ने कहा चंदोलिया को बनाएं भारी मतों से विजयी:** वहीं इस दौरान मेघवाल ने चंदोलिया के समर्थन में उत्तरी पश्चिमी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों से अनुरोध करते हुए कहा कि आने वाली 25 मई को देश के सबसे बडे पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और देश की तरक्की और विकास के पथ को सुनिश्चित करने हेतू भाजपा के निशान के सामने वाले बटन को दबाकर आपके अपने सांसद उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया को भारी मतों विजय दिलवाएं। इस दौरान नांगलोई विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त निहाल विहार वार्ड नंबर-47 से पूर्व निगम पार्षद शिवांगी पांडे ने कहा कि भाजपा हमेशा से ही देश हित में काम करती आई है और सदा ही लोकहित व देशहित में काम करती रहेगी, क्योंकि भाजपा की नीति व नियत दोनों ही साफ है, जिसकी वजह से दिल्ली ही नही पूरे देश में लोगों का भरपूर सहयोग व साथ मिल रहा है।

# कांग्रेस की पांच न्याय गारंटी योजना को जन-जन तक पहुंचाया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कांग्रेस का** हाथ सदा ही जनता के साथ रहा है। कांग्रेस ने हमेशा से ही दिल्ली व देश के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर काम करती आई है, जिसकी वजह से अब पुनः देश व दिल्ली की जनता ने मन बना लिया है कि इस बार कांग्रेस को जीताकर अपना हक वापिस लेना है। इसी कड़ी में उत्तर पूर्वी लोकसभा की मुस्तफाबाद विधानसभा में दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव अरमान खान ने कांग्रेस की पांच न्याय गारंटी योजना के तहत अभियान चलाया, जिसमें क्षेत्र व पार्टी के सैंकड़ों लोग मौजूद रहे। इस दौरान अरमान खान ने कांग्रेस द्वारा जारी की गई कांग्रेस की पांच न्याय गारंटी योजनाओं को लेकर स्थानीय लोगों व क्षेत्र की महिलाओं को जागरूक करते हुए विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान अरमान खान के साथ-साथ दिल्ली प्रदेश यूथ कांग्रेस के महासचिव खुर्रम सिद्दीकी, राष्ट्रीय संयोजक हिमांशु कनोजिया, लोकसभा संयोजक फैजान अली के अतिरिक्त पार्टी के अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# सुधांशु त्रिवेदी ने किया 'मोदी वर्सेज खान मार्केट गैंग' का लोकार्पण

**नई दिल्ली। दूरदर्शन के चर्चित एंकर** और वरिष्ठ पत्रकार अशोक श्रीवास्तव की पुस्तक मोदी वर्सेज खान मार्केट गैंग का शनिवार शाम लोकार्पण हुआ। यह समारोह नई दिल्ली के अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर के नालंदा सभागार में आयोजित हुआ। ख्यातिनाम पत्रकार और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने समारोह की अध्यक्षता की जबकि राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी मुख्य वक्ता और चर्चित नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम बतौर मुख्य अतिथि समारोह में शामिल हुए। यह पुस्तक क्यों- इस विषय को सामने रखते हुए लेखक अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें यह देखकर बहुत आक्रोश आता है कि बौद्धिक जगत में प्रभावी एक वर्ग इस देश में हुए हर अच्छे कार्य को नकार कर, पूरी तरह से आजादी में रहते हुए भी यह कहता है कि यहां तानाशाही चल रही है। उन्होंने कहा कि मैंने इस पुस्तक में ऐसे सभी प्रसंगों और उसमें शामिल हुए लोगों के नामों का उल्लेख करते हुए उदाहरण सहित यह साबित करने का प्रयास किया है कि इस देश में एक गैंग सक्रिय है, जो गलत अवधारणा (फेक नैरेटिव) फैलाने में लगा है। रामबहादुर राय ने इस अवसर पर कहा कि लेखक इस पुस्तक को 6 माह पहले प्रकाशित न कर पाने का अफसोस कर रहे हैं जबकि यह पुस्तक ठीक उस अगले दिन लोकार्पित हो रही है।

# दिल्ली में आंधी ने बरपाया कहर, तीन की मौत, 23 घायल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में शुक्रवार रात अचानक आई तेज आंधी के दौरान हुई विभिन्न घटनाओं में एक किशोरी समेत तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 23 लोग घायल हो गए। विकासपुरी में शुक्रवार रात तेज आंधी के दौरान पेड़ गिरने पर उसकी चपेट में आने से जयप्रकाश (46) नामक व्यक्ति की मौत हो गई है। जय प्रकाश परिवार के साथ सीतापुरी में रहते थे। इनके परिवार में पत्नी व अन्य लोग हैं। जयप्रकाश प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। हादसे के समय वह अपनी मोपेड से घर लौट रहे थे। आंधी के दौरान पेड़ वहां से गुजरी एक कार व इनकी मोपेड पर गिरा। कार चालक तो बाल-बाल बच गया लेकिन जय प्रकाश की मौत हो गई। रोहिणी सेक्टर-16 इलाके में पेड़ गिरने पर उसकी चपेट में आने से रोहिणी निवासी हरिओम की मौत हो गई। वह छोटा-मोटा काम करता था। शुक्रवार रात को वह अपने काम से घर लौट रहा था। इस दौरान उस पर पेड़ गिर गया। उधर, शाहीन बाग के अबुल फजल एंक्लेव इलाके में शुक्रवार रात करीब 10 बजे एक रेस्टोरेंट की दीवार पड़ोसी के मकान की छत पर गिर गई। उस समय छत पर कपड़े उतारने गई शीरीन (17) उसकी चपेट में आ गई। फौरन उसे मलबे से निकालकर नजदीकी अलशिफा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शीरीन 12वीं कक्षा की छात्रा थी।

# दिल्ली हमेशा से ही रही है कांग्रेस का गढ़, जिसको पुनः जीतना है: सीपी जोशी







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मॉडल** टाऊन विधानसभा क्षेत्र स्थित जयप्रकाश अग्रवाल के मुख्य चुनाव कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र के चुनाव प्रभारी सीपी जोशी ने मीटिंग कर कांग्रेस के सभी नेताओं कार्यकर्ताओं से आपसी गिले-शिकवे भूलकर एकजुट हो चुनाव लड़ने और जयप्रकाश अग्रवाल को जिताने का आह्वान किया।

**दिल्ली रही है कांग्रेस का गढ़:** आयोजित कार्यक्रम में सीपी जोशी ने कहा कि दिल्ली हमेशा से कांग्रेस का मजबूत गढ़ रही है, आज समय आ गया है कि उस गढ़ पर फिर से कब्जा किया जाए। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश अग्रवाल अकेले चुनाव नहीं लड़ रहे हैं पूरी कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, इसलिए सभी लोग एकजुट होकर यह चुनाव लड़े और जीते। मीटिंग में कांग्रेस के दिल्ली सरकार में मंत्री वर्तमान-निवर्तमान विधायक, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व पार्षद सहित प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

**चुनाव जीतने के बाद लोगों की हर समस्या का करूंगा हल:** वहीं अग्रवाल ने शाम को मॉडल टाऊन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों डेरावल नगर, एसबीआई कॉलोनी के अलावा शालीमार बाग गांव में मीटिंग कर लोगों के साथ चुनावी चर्चा की और वोट देने की अपील की। चुनाव जीतने के बाद पूर्व में जैसे संसद के अंदर और बाहर चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं व मुद्दों को उठाते रहे हैं।

# हरियाणा में 25 लाख युवा बेरोजगार, अपनी जमीनें बेचकर विदेशों में पलायन कर रहे: अनुराग ढांडा

**प्रचार**

**बहन बेटियों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकेंगे: अनुराग ढांडा**



**टीम एक्शन इंडिया/शाहाबाद/कुरुक्षेत्र**
पंजाब में आम आदमी पार्टी के कैबिनेट मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में प्रचार किया। उनके साथ आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा मौजूद रहे। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री आदर्शपाल सिंह, जिला अध्यक्ष विशाल खुब्बड़, पूर्व विधायक अनिल धनतौड़ी, प्रेम हिंगाखेड़ी, रजनीश जैन, मान सिंह और जय भगवान छिब्बा भी मौजूद रहे।पंजाब के कैबिनेट मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने कहा कि देश में बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की लड़ाई छिड़ी हुई, जिसकी ताकत जनता के हाथ में है। बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने सत्ता चुनने के लिए हमें वोट का अधिकार दिया। बीजेपी उस अधिकार को भी खत्म करने में लगी है। बीजेपी ने देश को लूटने के लिए अलग अलग राज्यों में सरकारें तोड़ कर अपनी सरकार बनाने की कोशिश की। पूरे देश ने देखा कि बीजेपी ने किस प्रकार चंडीगढ़ में धोखाधड़ी करके अपना मेयर बनाने की कोशिश की। जनता जिसको चुनकर शासन में भेजती है कि वो उनकी समस्याओं को उठाएंगे, लेकिन उनको डरा धमकाकर काम करने से रोका जा रहा है। बीजेपी देश को खत्म करना चाहती है, इसलिए अब जनता को जागना होगा और अपने वोट का सही इस्तेमाल करके देश को बचाना होगा।

उन्होंने कहा कि बीजेपी हरियाणा के लोगों को अपनी आवाज भी नहीं उठाने देती, ऐसा करने पर लाठियां बरसाई जाती हैं। पीएम मोदी ने हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, जो झूठा निकला। व्यापार चंद लोगों के हाथों में चला गया है। किसान, व्यापारी और मजदूर के रिश्ते को खत्म किया जा रहा है। हरियाणा में अडानी के बड़े बड़े गोदाम बन रहे हैं। आज देश को अंबानी अडानी चला रहे हैं। बीजेपी ने विपक्षी पार्टियों को चुनाव से रोकने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाए। चुनाव के समय अरविन्द केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया, जिसका खामियाजा बीजेपी को भुगतना पड़ रहा है। बीजेपी ने पिछले 10 साल में न शिक्षा के लिए और न स्वास्थ्य के लिए कुछ किया, केवल देश को लूटने का काम किया है।

# जजपा से जन और नायक दोनों ही गायब हो चुके हैं : सुभाष बराला

**संपर्क अभियान**

**सुभाष बराला ने टोहाना के बूथ नंबर 142, 143, 144 पर लोगों से किया संपर्क**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि जजपा से जन और नायक दोनों ही गायब हो चुके हैं।

जजपा पर तंज कसते हुए श्री बराला ने कहा कि जजपा में सिर्फ परिवार बचा है। ये बातें श्री बराला ने शनिवार को टोहाना में भाजपा के हर बूथ और हर घर संपर्क अभियान के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। हर बूथ और हर घर संपर्क अभियान के पहले दिन श्री बराला टोहाना के बूथ नंबर 142, 143, 144 पर पहुंचे और घर-घर जाकर भाजपा के संकल्प पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को लोगों तक पहुंचाया। श्री बराला ने लोगों से विकसित भारत बनाने के लिए 25 मई को कमल के फूल पर वोट देने की अपील की।

जजपा को निशाने पर लेते हुए सुभाष बराला ने कहा कि जिस प्रकार से जजपा की अंदरूनी खबरें आ रही है उससे पार्टी की कलई खुल रही है। पत्रकार के एक सवाल का जवाब देते हुए श्री बराला ने कहा कि जजपा के सुप्रीमो अजय चौटाला ने अपने नेताओं को जिस दिन टिकट दी थी उस दिन भी पता था कौन नेता कितने पानी में हैं और कौन किस पर बोझ बन सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### बंगाली घाट क्षेत्र में हुआ पथराव, मौके पर पहुंची पुलिस

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शहर कोतवाली क्षेत्र की बंगाली घाट चौकी के गोपालपुरा इलाके में उस समय अफरा तफरी मच गई जब मामूली सी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। वाद विवाद से शुरू हुआ मामला पथराव और मारपीट तक जा पहुंचा। बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान जमकर लाठी डंडे भी चले और पथराव भी हुआ। पथराव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विवाद के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। उधर पुलिस ने मारपीट में घायल हुए पवन नामक युवक को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करा है। पवन ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले कुछ लोगों ने उसके भाई को पकड़कर मारा पीटा और बाइक में तोड़फोड़ कर दी। मारपीट की सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचे तो करीब एक दर्जन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया उसके साथ जमकर मारपीट की और बाइक को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। सीओ सिटी प्रवीन मलिक ने बताया कि थाना कोतवाली के बंगाली घाट चौकी क्षेत्र में गुपालपुरा में रात एक झगडे की सूचना थी। इस झगडे में पथराव की भी सूचना थी। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वादी पवन द्वारा चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है। सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है। इन चार में से दो लोग पुलिस हिरासत में हैं। सुसंगत धाराओं और मेडिकल के आधार पर अगर मामला चालान योग्य होगा तो चालान किया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना जमुनापार क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक युवक यमुना पार क्षेत्र में एक ढाबे पर काम करता था। गौसना के समीप शनिवार सुबह हादसा हुआ। प्रभारी निरीक्षक जमुनापार संजीव कुमार दुबे ने बताया कि अनारगेट बजरिया थाना अटलवन भरतपुर निवासी देवेन्द्र (५०) राया रोड गौसना स्थित श्रीकृष्ण ढाबे पर काम करता था। शनिवार सुबह वह शौच के लिए लाइन पार जा रहा था। तभी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

### चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल का हुआ गठन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर अभियुक्तों की सहायता के लिए चार नियुक्तियां की है जिसमें बार एसोसिएशन मथुरा के पूर्व सचिव रहे अरविंद कुमार सिंह चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मथुरा नियुक्त किए गए हैं जबकि विनय चौधरी डिप्टी लीगल एड काउंसिल नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ श्रीकांत पचौरी व लक्ष्मीकांत शर्मा असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल मथुरा के पद पर नियुक्त हुए है। लीगल एंड डिफेंस सिस्टम के शुभारंभ पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के पद पर नियुक्त श्रीकांत पचौरी ने बताया कि बचाव पक्ष जो आर्थिक रूप से कमजोर होंगे। उन्हें निशुल्क लीगल सहायता दी जाएगी। वही सभी नवनियुक्त पदाधिकारी द्वारा पदभार भी ग्रहण किया गया जिस पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुर मदन गोपाल सिंह, सचिव गोपाल गौतम आई, वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामबाबू गौतम, संजय शर्मा एडवोकेट, विवेक पाराशर एडवोकेट, केके गौतम एडवोकेट, छैल बिहारी गौतम एडवोकेट, एसके ठाकुर, करण ठाकुर, आकाश सक्सेना, विशेष गौतम आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया हैं।

### गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी ने किए बांके बिहारी के दर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह ने शनिवार को कान्हा की नगरी श्रीधाम वृंदावन पहुंचीं। यहां पर उन्होंने ठाकुर बांके बिहारी लाल के दर्शन कर बांके बिहारी लाल की चौखट पर अपना माथा टेका। गृह मंत्री की पत्नी सोनल शाह शनिवार सुबह वृंदावन पहुंचकर उन्होंने ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन किए। बांके बिहारी मंदिर में सेवाधिकारी गोस्वामी ने उन्हें पूजन कराया। उन्हें भोग व प्रसादी दुपट्टा भेंट किया गया। वही बांके बिहारी लाल के दर्शन करने के समय मीडिया कर्मियों से गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह ने दूरी बनाए रखी और साथ ही गुपचुप तरीके से बांके बिहारी लाल के दर्शन किए।

## मौसम देख धान नर्सरी की तैयारी में जुटे किसान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
चौमुहा शेरगढ़ रजवाह मे कई सप्ताह से पानी नहीं आया है। इससे किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे है। रजवाह जलकुंभी से आटा हुआ है। सिचाई विभाग के अधिकारी समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे है। शेरगढ़ रजवाह में पानी नहीं है। धान की रोपाई का समय होने के कारण किसान परेशान है. खेतों में खडी पौध सूख रही है। अकबरपुर सिहाना कौकेरा तरौली पिल्होरा आझई चौमुहा जैत पसोली छटीकरा आदि गावों के किसान सिंचाई के लिए रजवाह पर आश्रित है। पानी न आने से सभी परेशान है। यही हाल कोसी ड्रेन का भी है।

# भाजपा की वॉशिंग मशीन में नवीन जिंदल के भ्रष्टाचार धुल गए: डॉ. सुशील गुप्ता

**चुनावी यात्रा**

**भाजपा ने गांव की छोटी सरकार सरपंचों के अधिकार समाप्त कर दिए : डॉ. सुशील गुप्ता**

**टीम एक्शन इंडिया/गुहला, चीका/कैथल,**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्न गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने शनिवार को गुहला चीका के गांवों में चुनावी यात्रा निकाली। उन्होंने गांव सैर से कार्यक्रमों की शुरूआत की। इसके बाद खरकड़ा, मस्तगढ़, थेह बुटाना होते हुए लालपुर और नंदगढ़ में



यात्रा का समापन हुआ। उन्होंने जानकारी दी कि 14 मई को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान कुरूक्षेत्र में प्रचार के लिए आएंगे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत से सच्चाई की जीत हुई है।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा इस चुनाव में भारत का संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई है। आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए एक साथ मिलकर जाने न कितने लोगों ने कुबार्नी दी, ठीक उसी प्रकार लोकतंत्र और देश को बचाने के लिए सभी दल एक साथ आए हैं। आज पूरे हिंदुस्तान के किसान संघर्ष कर रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी को एमएसपी की गारंटी का वादा याद करवाना चाहते हैं। लेकिन यह सरकार किसानों पर लाठियां और गोलियां बरसा रही है। भाजपा सरकार ने गांव की छोटी सरकार सरपंचों के अधिकार समाप्त कर दिए। भाजपा सरकार ने सरपंचों और आशा वर्कर्स पर भी लाठियां बरसाई। हरियाणा का हर वर्ग भाजपा सरकार से असंतुष्ट है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों की आय दोगुनी, किसानों को एमएसपी देने का वादा किया था और हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के सभी वादे जुमला निकले। देश में गरीब और गरीब होता जा रहा है और भाजपा 5 किलो राशन देकर कहती है हमने बड़ा काम कर दिया। हिंदुस्तान में गरीबों की संख्या बढ़ती जा रही है। जो नेता भाजपा के खिलाफ बोलता है उस पर ईडी, सीबीआई और पुलिस के माध्यम से डराया धमकाया जाता है। भाजपा चाहती है कि इंडिया गठबंधन टूट जाए।उन्होंने कहा कि आज तक जीतने भी चुनाव हुए उसमें भाजपा के 30-35% से ज्यादा वोट कभी नहीं आए। लेकिन विपक्ष बिखरा हुआ होता था इसलिए भाजपा जीत जाती थी।

# भोजन की थाली हो रही पौष्टिकता से खाली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
एक मजदूर को बेनागा हाडजोड मजदूरी करने के लिए हर हाल में भरपूर भोजन चाहिए। बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड कर रख दी है। भोजन की थाली पोष्टक पदार्थों से खाली हो गई है। यह थाली पेट तो भर रही है पर शरीर की जरूरतें पूरी नहीं कर रही है। भागदौड़ भरी जिंदगी में आम लोग सेहत के प्रति जागरूक होना भूल रहे हैं या मजबूरीवश उससे दूर हो रहे हैं। संतुलित आहार मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों की संभावना को कम करता है। यह विभिन्न खाद्य पदार्थों को उचित भागों में शामिल करके चयापचय स्वास्थ्य का समर्थन करता है और रक्त शर्करा



के स्तर को नियंत्रित करता है। संतुलित आहार आपके शरीर को प्रभावी ढंग से काम करने के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की आपूर्ति करता है। संतुलित पोषण के बिना, आपके शरीर में बीमारी, संक्रमण, थकान और कम प्रदर्शन की संभावना अधिक होती है। एक सेहतमंद व्यक्ति की थाली में फल, हरी सब्जी, दाल, दूध, दही व अनाज संतुलित मात्रा में होना चाहिए। लेकिन सीमित संसाधनों में रहने वाले परिवार के लिए यह संभव नहीं हो पा रहा है। मनरेगा योजना के तहत एक मजदूर को वर्ष में १०० दिन के रोजगार की गारंटी है। जिसमें उसे २३७ रुपये मजदूरी मिलती है। अब २३७ रुपये में एक परिवार के लिए सेहतमंद भोजन जुटा पाना उसके लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। आईसीएमआर के निदेर्शों के अनुसार पोषक तत्वों की कमी से कई बीमारियों के होने का खतरा बढ़ जाता है।

नगोड़ा ग्राम पंचायत के प्रधान नीरज सोलंकी ने बताया कि मनरेगा में मजदूरी कम होने के चलते अब इसमें ग्रामीण रुचि नहीं ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण मजदूर को निजी कार्य के लिए मजदूरी करने पर दोगुनी धनराशि मिलती है।

## भीषण गर्मी में प्राकृतिक कुण्डों का पशु पक्षियों को सहारा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नगर पंचायत व समाजसेवियों द्वारा जनमानस के लिए पानी व्यवस्था करने का कर्तव्य तो ठीक है। लेकिन समाजसेवी पशु पक्षियों के प्रति जागरूक नहीं दिखाई दे रहे हैं। बरसाना में प्राकृतिक कुण्डों की व्यवस्था न हो तो पशु पक्षियों का भीषण गर्मी काल बनके टूटे। मौसम के बदलते मिजाज में भीषण गर्मी के चलते सूर्य नारायण ने अपने पूरे तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। ऐसी भीषण गर्मी में आम जनमानस ही नही पशु पक्षियों का जीना बडा मुश्किल हो रहा है, देश विदेश से श्रद्धालु श्रीराधारानी की नगरी बरसाना में बड़ी संख्या में आते रहते हैं।

# सरकार को सिर्फ घोषणाएं करने की बजाएं अपने वादे पूरे करने चाहिए: बजरंग गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में अग्रोहा टीलें की खुदाई व अन्य विकास कार्य पर विचार किया गया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का महल जो की टीलें के रूप में बदल चुका है। पुरातत्व विभाग द्वारा अग्रोहा धाम टीलें की खुदाई की मंजूरी देने के बाद 11 मार्च 2024 को टीलें की खुदाई के जी पी आर सर्वे का कार्य शुरू किया गया था मगर 2 महीने भी जाने के बाद भी टीलें की खुदाई का काम शुरू नहीं किया गया है ना ही पुरातत्व विभाग की टीम द्वारा कोई कार्य किया जा रहा है। बजरंग गर्ग ने कहा की अनेकों सालों से अग्रोहा धाम की टीम टीलें की खुदाई करवाने के लिए केंद्र सरकार के संपर्क में था और अग्रोहा धाम के वार्षिक सम्मेलन में अग्रोहा टीलें की खुदाई व अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने की घोषणा हुई थी मगर यह घोषणा होने के बाद भी काम शुरू ना होना उचित नहीं है। सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार तुरंत प्रभाव से अग्रोहा टीलें की खुदाई व रेलवे लाइन से जोड़ने का कार्य शुरू करना चाहिए।

बजरंग गर्ग ने कहा कि पिछली खुदाई में पता चला है कि टीलें में महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी, बेशुमार कीमती मूर्तियां, मोहरे, लोहे व तांबे के उपकरण, जनपत के गोले, सोनी व चांदी के सिक्के आदि पाए गए थे और पिछली खुदाई में लगभग 7000 कलाकृतियां बरामद हुई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी त्याग की मूर्ति थे और गरीबों के मसीहा थे गरीबों को ऊंचा उठने के लिए कार्य किया और पशु बलि पर पूरी तरह से रोक लगाई। आज अग्रोहा धाम में महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर 30 करोड़ रुपए की लागत से दो भव्य संग्रहालय बनाए जा रहे हैं और करोड़ों रुपए की लागत से ऑडिटोरियम व भोजनालय कक्षा बन रहा है सरकार को सिर्फ घोषणा करने की बजाएं अपने वादों को पूरे करने चाहिए।

# आझई में काटे बेर के सैकड़ों हरे वृक्ष, लगाई आग

**आरोप**

**मंदिर के महंत ने भूमाफियों पर जबरन जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है।**



**मथुरां/टीम एक्शन इंडिया**
चौमुहां क्षेत्र में हाइवे किनारे आझई में बीती रात १० बीघा जमीन में खड़े बेर के सैकड़ों हरे पेड़ो को काटकर उनमे आग लगा दी गई। मंदिर के महंत ने भूमाफियों पर जबरन जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। महंत का कहना था कि यह जमीन सीताराम मंदिर के नाम पर खतौनी में दर्ज है। कुछ लोग जमीन के फर्जी कागजात बनवाकर बेशकीमती जमीन पर कब्जा करना चाहते है। जबकि मन्दिर की जमीन को लेकर न्यायालय में दायर वाद अभी विचाराधीन है। सीताराम मंदिर के महंत रामजी रामभरोसे महराज का कहना था कि सीताराम मंदिर के नाम पर ४३२ बीघा जमीन थी। इस जमीन पर लाखों फलदार पेड़ों का बाग हुआ करता था जिसे लाखा बाग के नाम से जाना जाता था। लेकिन अब भूमाफियों ने ज्यादातर पेड़ों को काटकर जमीन पर अपना कब्जा जमा रखा है। अब केवल १०० बीघा जमीन बची उसे भी भूमाफिया कब्जा चाहते हैं। बताया कि हरिकांतदास पुत्र नारायणदास के नाम से जमीन भू अभिलेखों में दर्ज है। आरोप लगया कि उक्त जमीन पर कब्जा करने की नीयत से हरिकांत शर्मा पुत्र रघुनाथ शर्मा ने जमीन के फर्जी कागजात तैयार कर कुछ जमीन को फर्जी तरीके से अपने भाइयों के नाम कर दिया। साधुओं के धैर्य और ग्रामीणों के साहस ने भूमाफिया को जमने नहीं दिया। इसकी कई बार पुलिस प्रशासन के अलावा आलाधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन आज तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। नौ मई को थाना जैत पर आरोपियों के खिलाफ तहरीर भी उनके द्वारा दी गई थी लेकिन अभी तक पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। आज वह पुनः थाना जैत पर तहरीर देंगे। जमीन पर क्या विवाद चल रहा है

# 19 मई पहरावर परशुराम जन्मोत्सव का चूल्हा न्योता देने फरीदाबाद पहुंचे जयहिंद

**चूल्हा न्यौता**

**नवीन जयहिंद शनिवार को फरीदाबाद वासियों को जन्मोत्सव का चूल्हा न्यौत देने पहुँचे ।**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद शनिवार को फरीदाबाद वासियों को जन्मोत्सव का चूल्हा न्यौत देने पहुँचे । इस मौके पर जयहिंद ने कहा कि 36 बिरादरी में अगर किसी के साथ भी अन्याय हो रहा हो तो उन्हे आवाज उठानी चाहिए और हमेशा दूसरों की भलाई के लिए तैयार रहना चाहिए । गरीब कमजोर की लड़ाई लड़ने वाला ही परशुराम का असली चेला होता है और जो आवाज नहीं उठा सकते वह किसी भी भगवान के भक्त नहीं हो सकते ।

जयहिंद ने कहा कि आगामी 19 मई को पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा और उसका न्योता 36 बिरादरी का भाईचारा 36 बिरादरी को घर -घर दे कर आएगा` देश में अयोध्या में श्री राम की सबसे बड़ी मूर्ति लगाई गई हैं और पहरावर में 121 फीट भगवान परशुराम मंदिर मूर्ति निर्माण की नींव रखी जाएगी` भगवान परशुराम की मूर्ति न्याय, मान-सम्मान और स्वाभिमान की प्रतिक होगी`फरीदाबाद के बहुत सारे साथियों ने समाज के हक की लड़ाई में सहयोग दिया था` सामाजिक योद्धाओं (36 बिरादरी) को जिन्होंने पहरावर की जमींन के लिए संघर्ष किया उन्हे भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सम्मानित किया जायेगा`

जयहिंद ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने भी अधर्म के खिलाफ और न्याय के लिए लड़ाई लड़ी थी और परशुराम भी धर्म और न्याय के देवता हैं` उन्होंने अधर्म के खिलाफ फरसा उठाया था` भोलेनाथ की पहली कावड़ परशुराम जी ही लेकर आये थे` भगवान श्री कृष्ण ने ही भगवान परशुराम को सुदर्शन चक्र और भगवन श्रीराम ने अपना धनुष दिया था`

जयहिंद ने साथ ही कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से गैर - राजनीतिक और सामाजिक रहेगा` किसी भी तरह से राजनीतिक बयानबाजी इस कार्यक्रम नहीं होगी ` निवेदन है की भ्रष्ट , बेईमान और झूठे लोग इस कार्य्रकम में न आये` जयहिंद ने कहा कि इस मौके पर देशी घी का भंडारा किया जायेगा और 36 बिरदारी के लोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचेगे` प्रदेश ही नहीं बल्कि दुसरे राज्यों से भी परशुराम भक्त इस जन्मोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचेंगे`

साथ ही जयहिंद ने कहा कि जन्मोत्सव में लोग अपनी शासन और प्रशासन से जुड़ी समस्याओं लेकर आयेंगे । समाधान के लड़ाई वे लड़ेंगे ।

# बहुजन समाज पार्टी छोडकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए अड़ीचन्द निम्बडिया

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रभारी अड़ीचंद निम्बडि?ा ने कांग्रेस की कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौ.उदयभान, पूर्व मुख्यमंत्री चौ.भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की धर्मपत्नीश्रीमती आशा हुड्डा और विधायक भारत भूषण बतरा की मौजूदगी में अड़ीचंद निम्बडि?ा कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। एकता कॉलोनी में हुए समारोह में उन्हें पटका पहनाते हुए उनका कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया।



अड़ीचंद निम्बडि?ा ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी वर्गों को साथ में लेकर चलने वाली पार्टी है और राज्यसभा सांसद चौ. दीपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में प्रदेश मजबूत बनेगा। 25 मई के आमचुनाव में लोकसभा प्रत्याशी व राज्य सभा सांसद चौ. दीपेन्द्र सिंह हुड्डा भारी मतों से जीत हासिल करके प्रदेश को विकास व उन्नति की ओर अग्रसर करेगें। इस अवसर पर प्रोफेसर महेश कुमार, सतीश मेहरा, विजय ठेकेदार, कुलदीप केडी, संदीप सिवाच, कर्मठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राकेश भारद्वाज चौक: आदर्श रसोई ने मनाया संरक्षक सुरेंद्र त्यागी का जन्मदिन

## धूमधाम से मनाया गया सुरेंद्र त्यागी का जन्मदिन, पदाधिकारियों में दिखा गजब का उत्साह









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई ने अपने तीसरे साल के छठे रविवार का सफर भी पूरा कर लिया है। इस मौके पर सभी लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। इस विशेष मौके पर आदर्श रसोई के संरक्षक और प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र त्यागी का धूमधाम से जन्मदिन मनाया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

### रिबन काटकर सुरेंद्र त्यागी परिवार ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ

आदर्श रसोई ने सुरेंद्र त्यागी का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से त्यागी परिवार ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस विशेष मौके पर दोनों परिवार मौजूद रहे।







### त्यागी परिवार का हुआ भव्य स्वागत, मालाएँ पहनाकर किया गया

### अभिनंदन


सुरेंद्र त्यागी के जन्मदिन के मौके पर पूरा परिवार मौजूद रहा जिनका आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। सुरेंद्र त्यागी के व्यक्तित्व और जीवन पर भी प्रकाश डाला गया और त्यागी परिवार के द्वारा समाज के प्रति किए गए कार्यों का सबके सामने रखा। संस्था के अन्य सदस्यों ने भी अपने अपने विचार रखे। हर कोई उनके के मृदभाषी, मिलनसार स्वाभाव की बात करता है।

### आदर्श रसोई का सहभागी होने पर गर्व है : सुरेंद्र त्यागी

इस विशेष मौके पर सुरेंद्र त्यागी ने कहा कि आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। भारद्वाज परिवार से त्यागी परिवार का दशकों पुराना रिश्ता है, जो समय के साथ प्रगाढ़ होता गया। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं। मैं भी पिछले तीन वर्ष से इस रसोई के साथ जुड़ा हुआ हूँ। मुझे खुशी है कि मैं भी रसोई के सहभागी के रूप में अपना योगदान देता हूँ।


### ईश्वर का सदैव आशीर्वाद बना रहे: सुरेंद्र त्यागी

श्री त्यागी ने कहा कि देखते ही देखते आदर्श रसोई ने कई आयाम स्थापित कर लिए हैं। समाज का भी हमें भरपूर सहयोग मिला है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। तभी जाकर आज हम सभी मिलकर आदर्श रसोई के 100वें रविवार को सेलिब्रेट कर चुके हैं। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।





















# मोदी सरकार ने आतंकवाद पर किया प्रहार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**वोट की अपील**

▸▸ दंगाइयों का किया जाता था महिमामंडन', राम मंदिर पर उंगली उठाने वाले मस्जिद पर क्यों रहते हैं मौन: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**कन्नौज/ कानपुर/ उन्नाव:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन शनिवार को कन्नौज, कानपुर व उन्नाव में जनसभा की। मुख्यमंत्री ने तीनों सीट पर क्रमशः सुब्रत पाठक, रमेश अवस्थी, साक्षी महाराज तथा अकबरपुर से देवेंद्र सिंह 'भोले' को कमल के फूल पर विजयश्री दिलाने की अपील की। सीएम योगी ने सपा-कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार किया। कन्नौज में अखिलेश यादव को खूब खरी सुनाई। बोले कि इंडी गठबंधन को यहां प्रत्याशी नहीं मिल रहा था, इसलिए वे चुनाव लड़ रहे हैं। पहले को टिकट दिया, फिर उसका टिकट काट दिया। दूसरे को दिया तो वह मैदान छोड़कर भाग गया। तीसरे की घोषणा की तो वह मना कर दिया। जब कोई नहीं मिला तो सपा अध्यक्ष कह रहे हैं कि सेवा करना चाहता हूं। इनके पास जब मौका था, तब कन्नौज की इत्र में बदबू फैलाने का काम कर रहे थे। यह मुख्यमंत्री आवास बुलाकर दंगाइयों का महिमामंडन करते थे।

**घर-घर जाकर कहिए कि हमें रामभक्त चाहिए:** कन्नौज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन से आह्वान किया कि घर-घर जाकर कहिए कि हमें रामभक्त चाहिए, रामद्रोही नहीं। सीएम ने कहा कि भाजपा ने कहा था कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे। तब सपा के लोग रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे।

इनके समय में अयोध्या में आतंकी हमला हुआ था। यह लोग आतंकियों के मुकदमे वापस लेते थे। कांग्रेस ने देश और सपा ने यूपी की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया। यह फिर मिलकर जोर आजमाइश करना चाहते हैं।

## सीएम नीतीश ने इंडी एलायंस के नाम का किया था विरोध: संजय

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** जनता दल यूनाईटेड के राज्यसभा सांसद संजय झा ने इंडी गठबंधन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का नाम ही गलत है। सीएम नीतीश कुमार ने मीटिंग में पूरा विरोध किया था यह इंडिया गठबंधन क्या है? जब यह नाम दिया जा रहा था। अब तो उनके छठे प्रधानमंत्री के दावेदार (अरविंद केजरीवाल) भी जेल से निकल गए। दिल्ली वाले मुख्यमंत्री जेल से बाहर निकल गए हैं। अभी तक पांच पीएम के दावेदार थे। अब छठे पीएम दावेदार है। उनलोगों को आपस में सेटल करने दीजिए। उन्हें चुनाव प्रचार के लिए निकाला गया है। शराब कांड में उनको जेल भेजा गया था। कोर्ट ने उनको बेल दिया है। उसके बाद फिर वह जेल चले जाएंगे। विपक्षी पीएम मोदी की बिहार यात्रा पर बोलते रहे हैं। प्रधानमंत्री इसलिए आते हैं कि उनका सब जगह से डिमांड है।

**आदेश** सुप्रीम कोर्ट ने रोक की याचिका को किया खारिज; अतिक्रमण को ध्वस्त करने का आदेश जारी

# अकबरनगर में गरजेगा बुलडोजर, याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** कुकरैल नदी पर कब्जा करके अवैध रूप से बसाए गए अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के निर्माण को ध्वस्त करने पर रोक लगाने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एलडीए को सभी विस्थापितों को वैकल्पिक आवास आवंटित करने के साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के ध्वस्तीकरण आदेश को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल अकबरनगर ही नहीं, अस्ती गांव के उदगम स्थल से गोमती नदी में विलय तक कुकरैल नदी पर हुए अवैध निर्माण को भी चिह्नित कर उसे ध्वस्त करने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के समय एलडीए उपाध्यक्ष डा. इंद्रमणि त्रिपाठी और अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा भी वहां उपस्थित थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एलडीए ने आवेदन करने वाले पात्रों का चयन कर 20 मई तक बसंत कुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने की तैयारी शुरू कर दी। कुकरैल नदी का प्रवाह 28 किलोमीटर का है। यह नदी अस्ती गांव की प्राकृतिक झील से आरंभ होकर वन क्षेत्र से गुजरते हुए गोमती नदी में मिलती है। दैनिक जागरण ने कुकरैल नदी पर हुए कब्जों को लेकर पिछले साल सिलसिलेवार अभियान चलाकर खबरें प्रकाशित की थी। दैनिक जागरण की खबरों का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुकरैल नदी के जीर्णोद्धार के लिए शासन स्तर पर एक उच्च स्तरीय समिति गठित की थी। इस समिति ने सर्वे करके अपनी रिपोर्ट में बताया कि कुकरैल एक जीवित नदी है। इसका अधिकतम फ्लो 1700 क्यूसेक और न्यूनतम 120 क्यूसेक जल कुकरैल नदी में रहता है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद साबरमती रिवर फ्रंट की तरह कुकरैल नदी के सुंदरीकरण के लिए विशेषज्ञों की टीम बनाई गई। इस टीम ने साबरमती रिवर फ्रंट का निरीक्षण किया है।



